दैनिक नवप्रदेश
आदित्यवर्ण तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — जवानों से ही है हमारा देश सुरक्षित...
4 रविवारीय — जड़ से खत्म किया जा सकेगा...
9 मनोरंजन/व्यापार — सारा और जाह्नवी के काम से प्रेरणा...
11 खेल — 'नोटबुक सेलिब्रेशन': विराट ने बताई...

www.navpradesh.com
रायपुर, रविवार 8 दिसम्बर, 2019, मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-एकादशी, विक्रम संवत-2075 वर्ष-08 अंक-293 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

न खाऊंगा न खाने दूंगा का मतलब यह तो नहीं है कि देश के गरीब सांसदों को संसद की कैंटीन में खाने पर मिलने वाली सब्सिडी खत्म कर दी जाए। होना तो यह चाहिए कि माननीयों को संसद की कैंटीन में मुफ्त में खाना खिलाया जाए। उन्हें अपने परिजनों के लिए टिफिन ले जाने की छूट दी जाए। बेचारे संसद में कितनी मेहनत करते है? गला फाड़कर चिल्लाते है। उनका इतना तो हक बनता है कि वे फोकट का खाना खाए। मुफ्त में हर सुख सुविधा पाए और सब मिलकर हिन्दुस्तान को मुफ्तखोरीस्तान बनाए।

नई दिल्ली में आयोजित लीडरशिप समीट में बोले मुख्यमंत्री भूपेश बघेल- फिजा बदल गई है, जनता में जगा है सरकार के प्रति विश्वास

खेतों में लौटे किसान, छत्तीसगढ़ में अब नहीं रहा पलायन का दौर

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर/नई दिल्ली। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि दुनिया में ऐसे उदाहरण कम होंगे कि ग्रामीण व्यवस्था के सुधार में लेती छोड़ चुके किसान हजारों की संख्या में वापस खेतों में लौट आए हैं। पलायन वाला दौर अब छत्तीसगढ़ में नहीं रहा है, पुनर्वास का यह नया दौर है, जो छत्तीसगढ़ सरकार के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास की तस्दीक करता है। बघेल शनिवार को नई दिल्ली में आयोजित लीडरशिप समिट में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि लेकिन इतने कम समय में राज्य की फिजा इतनी बदल गई है कि दुनिया और देश में इस समय जो चुनौतियां ■ शेष पृष्ठ 8 पर

केंद्र के रवैये से राज्य को हो रही हानि

जीएसटी पर राज्यों को मिलने वाले क्षतिपूर्ति अनुदान से सम्बंधित एक प्रश्न के जवाब में सीएम बघेल ने बताया कि, छत्तीसगढ़ में क्षतिपूर्ति की मांग वर्ष 2018-19 में बढ़कर 6500 करोड़ हो जायेगी। केंद्र द्वारा अब तक जीएसटी कंपनसेशन रिलीज नहीं होने से राज्य को राजस्व की बड़ी हानि हो रही है और विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।

नेहरू और गांधी की विचारधारा को किया है आत्मसात

बघेल ने कहा कि हमारी सरकार ने नेहरू-गांधी की विचारधारा को आत्मसात किया है। हमने अन्याय और शोषण के खिलाफ हमेशा आवाज उठाई है। अनुसूचित-जाति-जनजाति व पिछड़े वर्गों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा प्रतिबद्ध भी रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम, इसी प्रतिबद्धता और जन विकास के औजार के सहारे गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गम, गुस्सा और घेरेबंदी

लखनऊ/उन्नाव (ए)। उत्तर प्रदेश के उन्नाव में दरिंदों की हैवानियत का शिकार हुई बेटी के दम तोड़ देने से पूरा राज्य गम और गुस्से में है। इसी बीच तेजी से घट रहे राजनीतिक घटनाक्रम में विपक्ष उत्तर प्रदेश की योगी सरकार पर पूरी तरह से हमलावर हो गया है। राज्य की मुख्य विपक्षी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव, कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा और बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने इस घटना को लेकर केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा है। अखिलेश यादव ने इस घटना के विरोध में उप्र विधानसभा के बाहर धरना दिया। वहीं बीएसपी चीफ मायावती ने गवर्नर आनंदी बेन पटेल से मुलाकात कर महिलाओं के खिलाफ हिंसा को रोकने के लिए कदम उठाए जाने की मांग की। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

उन्नाव की दुष्कर्म पीड़िता की मौत के बाद उप्र में आक्रोश

पीड़िता के परिवार ने की दुष्कर्मियों को गोली मारने की मांग

योगी सरकार पर हमलावर हुआ विपक्ष, सपा, बसपा व कांग्रेस ने घेरा

हैदराबाद से लेकर उन्नाव तक बेटियों के साथ गैंगरेप और जलाने की दर्दनाक घटनाओं के खिलाफ गुस्सा अब दिल्ली तक आ पहुंचा है। शनिवार को दिल्ली के राजघाट से लेकर इंडिया गेट तक लोगों ने कैंडल मार्च का निकाला। कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई और दिल्ली महिला आयोग की चेयरमैन स्वाति मालीवाल समेत कई संगठनों ने इस प्रदर्शन में हिस्सा लिया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए कई जगहों पर पानी की बौछार भी की। पुलिस कार्रवाई के विरोध में कई लोग पुलिस बैरिकेडिंग को तोड़ते हुए भी दिखे।

खास खबर

सुरक्षा में चूक, दीवार फांदकर राष्ट्रपति के पास पहुंचा शख्स

जोधपुर(ए.)। राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के जोधपुर यात्रा के दौरान उनकी सुरक्षा में चूक होने का मामला सामने आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एक व्यक्ति दीवार फांदकर सर्किट हाउस के अंदर घुस आया और राष्ट्रपति के पैर छूने का प्रयास कर रहा था कि सुरक्षा अधिकारियों ने उसे पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि व्यक्ति अजमेर का रहने वाला है और अपना नाम दिनेश चंद बता रहा है।

झारखंड में 45.33% मतदाताओं ने किया वोट

रांची (वार्ता)। झारखंड में दूसरे चरण में 20 विधानसभा सीटों के लिए जारी मतदान में आज दोपहर एक बजे तक 45.33 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग किया। राज्य कार्यालय सूत्रों ने यहां बताया कि इन बीस सीट पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच आज सुबह सात बजे मतदान शुरू हुआ।

पेंशनधारकों की देशव्यापी आंदोलन की चेतावनी

नयी दिल्ली, (वार्ता)। ईपीएफओ के पेंशनधारकों ने न्यूनतम पेंशन साढ़े सात हजार रुपए किए जाने समेत कोश्यारी समिति की सिफारिशों को लागू करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों को अविलंब नहीं माना गया तो वह 25 जनवरी के बाद देशव्यापी आंदोलन करेंगे।

पाक को जवाब देने तैयार रहें कैडेट: सिंह

देहरादून, (वार्ता)। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सेना में अफ्सर बनने जा रहे कैडेट से पाकिस्तान जैसे शत्रु को करारा जवाब देने के लिए तैयार रहने का आह्वान किया है। श्री सिंह ने देहरादून स्थित आईएमए में 306 भारतीय और 71 मित्र विदेशी जेंटलमैन कैडेट आफिसर की पासिंग आउट परेड का निरीक्षण करने के बाद पाकिस्तान को 'टेररिस्ट स्टेट' बताते हुए चेतावनी दी।

ये है मामला

पिछले गुरुवार को उन्नाव के बिहार इलाके में दुष्कर्म पीड़ित युवती को आरोपियों ने जलाकर मारने की कोशिश की थी। उसे 90 प्रतिशत जली अवस्था में लखनऊ लाया गया और उसी दिन इलाज के लिये दिल्ली भेजा गया जहां सफदरगंज अस्पताल में शुक्रवार देर रात उसकी मौत हो गई।

'न गंगा में बहाएंगे, न ही आग के हवाले करेंगे'

पीड़िता के भाई ने अपनी बहन के अंतिम संस्कार का जिक्र करते हुए कहा कि अपनी बहन के शव को न गंगा में बहाएंगे न ही आग के हवाले करेंगे, उसे धरती मैया की गोद में देंगे।

(नोट-पेज 2 भी पढ़ें अवश्य दें)

नौ साल की बच्ची भी डरती है अकेले स्कूल जाने से

उत्तर प्रदेश सरकार को उन्नाव में दुष्कर्म पीड़ित की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुये कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि महिला असुरक्षा को लेकर राज्य में हालात इस कदर भयावह है कि यहां नौ साल की बच्ची भी अकेले स्कूल जाने से डरती है। प्रियंका शनिवार को पीड़िता के गांव हिंदूनगर भाटन खेड़ा पहुंचीं। इस दौरान पत्रकारों से कहा कि सरकार कहती है अपराधियों के लिए प्रदेश में कोई जगह नहीं है। अपराधी मुक्त प्रदेश का दावा करती है, लेकिन ■ शेष पृष्ठ 8 पर

दुनिया में दुष्कर्म की राजधानी बना भारत

तिरुवनंतपुरम। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने हैदराबाद व उन्नाव की घटनाओं को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोला। केरल में अपने संसदीय क्षेत्र वायनाड के दौरे पर पहुंचे राहुल गांधी ने कहा कि देश में महिलाओं के प्रति अपराध लगातार बढ़ रहे है। भारत दुनिया में दुष्कर्म की राजधानी कहा जाने लगा है। दूसरे देश सवाल कर रहे है कि हम अपनी बेटियों और बहनों को सुरक्षा क्यों नहीं दे पा रहे है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

... इधर कोरबा में सिरफिरा आशिक मौत बनकर पहुंचा, हर वार में दर्द से चीखती रही महिला

लोग वीडियो बनाते रहे, और वो करता रहा हंसिया से वार

■ विवाहिता के मना करने के बाद भी करता था इकतरफा प्यार
■ महिला की एफआईआर के बाद हुई जेल, छूटते ही बोला हमला
■ महिला की हालत चिंताजनक, 200 से ज्यादा टांके लगे

नवप्रदेश संवाददाता

कोरबा। उन्नाव जैसा कांड छत्तीसगढ़ में भी सामने आया है। फर्क सिर्फ इतना है कि उन्नाव में पीड़ता को जिंदा जलाया गया था और यहां पीड़ित पर धारदार हथियार से हमला किया गया। दोनों ही मामले में आरोपी जेल से बाहर आया था और फिर आते ही खौफनाक वारदात को अंजाम दिया था। घटना कोरबा के बुधवारी बाजार का है, जहां सरफिरे आशिक ने सरेआम ऐसा खूनी खेल खेला कि लोग ■ शेष पृष्ठ 8 पर

आरोपी ने चोरी छिपे महिला का बनाया था एमएमएस

जांच में पुलिस को पता चला है कि दोनों बिलासपुर मुंगेली के मूल निवासी हैं। महिला कुछ माह से सीएसईबी चौकी क्षेत्र के एक स्लम बस्ती में रहती थी। इंद्रपाल टोंडे महिला से एकतरफा प्रेम करता था। कुछ दिन पहले इंद्रपाल ने चोरी-छिपे महिला की एक वीडियो बनाई थी। इसे वायरल कर दिया था। घटना की जानकारी होने पर महिला ने 4 अक्टूबर 2019 को इसकी शिकायत सीएसईबी चौकी में की थी। महिला की रिपोर्ट पर पुलिस ने इंद्रपाल के खिलाफ आईटी एक्ट और शांति भंग करने का मामला दर्ज किया था। आरोपी इंद्रपाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। 4-5 दिन पहले इंद्रपाल जेल से छूटकर घर पहुंचा था। वह बदला लेने की फिराक में था। इसी नीयत से शुक्रवार को वह साढ़े आठ से नौ बजे के बीच महिला ■ शेष पृष्ठ 8 पर

वीडियो हुआ वायरल

इस पूरी घटना का वीडियो पर सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है, कोतवाली थाना के बुधवारी बाजार क्षेत्र की इस घटना में एक युवक महिला के बाल पकड़कर हंसिया से उसके चेहरे पर एक के बाद एक कई वार करता नजर आ रहा है। महिला अधमरे अवस्था में कराहती रही पर घर के दरवाजे के पास खड़े कुछ लोग उसे बचाने की जगह मोबाइल पर वीडियो बनाते रहे। हैवानियत भरी इस घटना का वीडियो देख आप भी दहल उठेंगे। कोरबा में यह घटना उस वक्त सामने आई है जब पूरे देश मे महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं।

हैदराबाद एनकाउंटर के दूसरे दिन चीफ जस्टिस बोबड़े का बयान

बदला लेना न्याय नहीं हो सकता

नवप्रदेश संवाददाता

जोधपुर/नई दिल्ली। हैदराबाद सामूहिक दुष्कर्म व हत्या के आरोपी चारों आरोपियों के एनकाउंटर के दूसरे दिन सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबड़े ने अहम बात कही है। उन्होंने कहा कि यदि यह कृत्य (एनकाउंटर) बदले की भावना से किया गया है तो यह कतई न्याय नहीं हो सकता। यदि बदले की भावना से यह किया जाए तो न्याय अपना चरित्र खो देता है। उन्होंने आगे कहा, 'न्याय तात्कालिक नहीं हो सकता और यह अपना चरित्र तब खो देता है, जब यह बदले की भावना से किया गया हो।'

पुलिस के खिलाफ ये पहुंचे हैं सुप्रीम कोर्ट में

तेलंगाना पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई के खिलाफ ऐडवोकेट जीएस मणि और प्रदीप कुमार यादव ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। दोनों ने अपनी याचिका में कहा है कि कार्रवाई के दौरान पुलिस ने कोर्ट के साल 2014 में दिए गए निर्देशों का पालन नहीं किया। याचिका में कहा गया है कि एनकाउंटर में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफएफआईआर की जानी चाहिए और जांच करके कार्रवाई की जानी चाहिए। इस मामले में कोर्ट सोमवार को सुनवाई करेगा। हालांकि इस दौरान उन्होंने हैदराबाद मामले का जिक्र नहीं किया।

मेदांता में सीएम का ममत्व...

रायपुर (नवप्रदेश)। कई दिनों से गुड़गांव के मेदांता अस्पताल में मंत्री टीएस सिंहदेव की माता राजमाता देवेंद्र कुमारी भर्ती है। दिल्ली दौरे के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सीधे अस्पताल पहुंचे और राजमाता से मुलाकात कर हालचाल जाना। मुलाकात के इन पलों में सीएम श्री बघेल राजमाता का हाथ अपने हाथों में प्यार से थामे हुए थे। मेदांता में सीएम का अपने करीबी मंत्री टीएस सिंहदेव की माता के लिए ऐसी भावपूर्ण मुद्रा देख मुख्यमंत्री के ममत्व देखते ही बनता था। सीएम ने मुलाकात पर ट्वीट भी किया।

आयकर में मिल सकती है राहत

वित्तमंत्री ने दिए संकेत, एक कार्यक्रम में कहा- बजट का इंतजार की कीजिए

नवप्रदेश संवाददाता

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को संकेत दिया कि सरकार आयकर में बदलाव कर सकती है। सीतारमण ने शनिवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कई कदमों पर विचार कर रही है और आयकर में कमी करना भी इन्हीं में एक हो सकता है। इस सवाल के जवाब में कि आम लोगों को कितनी जल्दी आयकर में कटौती का तोहफा मिल सकता है है वित्त मंत्री ने कहा कि बजट तक का इंतजार कीजिए। आगामी वित्त वर्ष का बजट फरवरी में पेश किया जाना है।

अर्थव्यवस्था को गति देने किए जा रहे ये उपाय भी गिनाए

सीतारमण ने कहा कि अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए सरकार निरंतर कदम उठा रही है। दूर-दराज के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

इसलिए लेना पड़ रहा फैसला

देश की अर्थव्यवस्था वर्तमान में सुस्ती की गिरफ्त में है। हाल में चालू वित वर्ष की दूसरी तिमाही के सकल घरेलू उत्पाद(जीडीपी) के आंकड़े आए जिसमें अर्थव्यवस्था की रफ्तार जनवरी-मार्च 2013 के बाद के निचले स्तर 4.5 प्रतिशत पर रह गई। गौरतलब है कि रिजर्व बैंक ने गुरुवार को चालू वित वर्ष की पांचवीं द्विमासिक मौद्रिक नीति में 2019.20 के लिए जीडीपी अनुमान घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है।

गरमा-गरम

राजनीति — रायपुर नगर पालिक निगम के 70 वार्डों का ब्राह्मण गणित, इस वर्ग के सर्वाधिक प्रत्याशी कांग्रेस से

सामान्य 40 वार्ड में सिर्फ 22 'विप्रवर'

लोकतांत्रिक व्यवस्था में चुनाव हो और जातिगत समीकरण की अनदेखी राजनैतिक दलों को नुक्सान पहुंचा सकती है। समाजिक प्रतिनिधित्व मतदाताओं की तादात पर भी निर्भर करता है।

■ कांग्रेस ने सर्वाधिक 14 ब्राह्मणों को दिया टिकट
■ भाजपा ने सिर्फ 8 ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान में उतारा

सुकांत राजपूत

रायपुर। हम बात कर रहे हैं रायपुर नगर पालिक निगम के 70 वार्डों की। जहां कुलीन वर्ग के मतदाताओं की संख्या ज्यादा है। ऐसे में सिर्फ चुनौती मिलती है तो ओबीसी वर्ग से। देखा जाए तो ब्राह्मण मतदाता भले ही ओबीसी से कम है पर रायपुर नगर पालिक निगम के 70 वार्डों का नाम ब्राम्हण वर्ग के महापुरूषों के नाम से ज्यादा है। ऐसे में जब ब्राम्हण वर्ग के व्यक्तियों के नाम से जहां वार्ड है वहां से इस वर्ग के उम्मीदवारों की संख्या का आंकलन आवश्यक बन जाता है। इससे यह भी अंदाजा लगाया जा सकता है कि किस पार्टी में ब्राम्हण वर्ग का दबदबा अब भी कायम है। इसमें दो राष्ट्रीय दलों कांग्रेस और भाजपा में तुलना की गई तो साफ हो गया कि रायपुर से सर्वाधिक ब्राम्हण प्रत्याशी कांग्रेस से हैं। कांग्रेस के पैनालिस्टों ने रायपुर के 70 में से 40 सामान्य वार्डों से 14 ब्राह्मण प्रत्याशी मैदान में उतारा है। इसके उलट भारतीय जनता पार्टी ने रायपुर के 70 वार्डों में से 40 सामान्य में से सिर्फ 08 ब्राम्हणों को पार्षद टिकट दिया है। इससे साफ हो जाता है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार में भले ही मुख्यमंत्री ओबीसी वर्ग से और पीसीसी चीफ आदिवासी वर्ग से हों, ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कांग्रेस के ब्राम्हण प्रत्याशी

सोहन लाल शर्मा, प्रमोद मिश्रा, प्रभा चौबे, आकाश तिवारी, रितेश त्रिपाठी, ज्ञानेश शर्मा, आरती उपाध्याय, संदीप तिवारी, रेखा विकास तिवारी, अर्चना राजू दुबे, आकाशदीप शर्मा, प्रमोद दुबे, तुषार पांडेय, अमितेष भारद्वाज

भाजपा से ब्राम्हण दावेदार

विश्वदिनी पाण्डेय, ललित झा, रुचि दुबे, अशोक पांडेय, मृत्युंजय दुबे, सरिता दुबे, दीपक भारद्वाज, सुभाष तिवारी

नामांकन भरने में भी रायपुर अव्वल

रायपुर- 1184, बिलासपुर- 1035, धमतरी- 461, दुर्ग- 713, मुंगेली- 260, जांजगीर- 1037, बेमेतरा-355, कोरबा- 698, बालोद- 512, रायगढ़- 716, राजनांदगांव- 638, सूरजपुर- 267, कबीरधाम- 385, बलरामपुर- 250, कोंडागांव-191, सरगुजा- 268, बस्तर- 252, कोरिया- 527, नारायणपुर- 54, जशपुर- 269, कांकेर- 283, बलौदाबाजार-641, दंतेवाड़ा- 305, गरियाबंद- 263, सुकमा- 92, महासमुंद- 483, बीजापुर- 53, प्रदेश में कुल 12 हजार 192 अभ्यर्थी नामांकन दाखिल किये है।

मैं मरना नहीं चाहती...

मौत से जीत नहीं पाई उन्नाव की रेप पीड़िता

आग से घिरी, 1 किलोमीटर चलकर गई

पीड़िता केवल आग लगने से झुलसी ही नहीं थी आरोपियों ने आग लगाने से पहले उस पर डंडे से वार किया और गले में चाकू भी मारा था। इसके बाद जब वह चक्कर खाकर गिरी उस समय उस पर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी गई थी। यह उसकी हिम्मत ही थी कि आग में घिरी होने के बाद भी उसने आसपास के लोगों से मदद मांगी। एक चश्मदीद के मुताबिक, पीड़िता करीब 1 किलोमीटर दूर तक चलकर गई और पुलिस से खुद ही मदद की गुहार लगाई। यह वारदात उन्नाव के बिहार थानाक्षेत्र स्थित सिंदुपुर गांव में हुई थी।

खुद पुलिस को कॉल किया

घटना के चश्मदीद और पीड़िता के पड़ोसी ने बताया, 'वह आग में पूरी तरह लिपटी हुई बाहर निकली, तो हम घबरा गए। हम पहचान नहीं पाए तो उसने अपना नाम बताया। हमने पुलिस को कॉल की, तो पीड़िता ने खुद पुलिस से बात की और मदद के लिए बुलाया। थोड़ी ही देर में पुलिस आ गई और वह उसे गाड़ी में बिठाकर ले गए।'

- **करीब 40 घंटे तक जिंदगी की जंग लड़ने के बाद रात 11.40 बजे सफदरजंग अस्पताल में कार्डिएक अरेस्ट से पीड़िता की सांसें थम गईं**

उन्नाव/नई दिल्ली(ए.)। गुरुवार को जब उन्नाव की रेप पीड़िता को लखनऊ से दिल्ली शिफ्ट किया जा रहा था उस समय तो वह कुछ होश में थी। अपने साथ चल रहे भाई से वह बार-बार एक ही बात पूछ रही थी, 'मैं बच तो जाऊंगी न मैं मरना नहीं चाहती हूं।' लेकिन 90 प्रतिशत झुलस चुकी पीड़िता मौत से नहीं जीत पाई। करीब 40 घंटे तक जिंदगी की जंग लड़ने के बाद रात 11.40 बजे सफदरजंग अस्पताल में कार्डिएक अरेस्ट से पीड़िता की सांसें थम गईं।

हालांकि गुरुवार को जब वह दिल्ली पहुंची थी तो डॉक्टर हैरान थे कि कैसे उसने अपने दर्द और तकलीफें पर काबू पा लिया था। अस्पताल के सूत्रों ने बताया था कि इतनी ज्यादा झुलसने के बाद भी लड़की होश में थी और उसके ब्लड प्रेशर, पल्स रेट वगैरह सामान्य थे। लेकिन उन्होंने यह भी आशंका जताई थी कि अगले 72 घंटे जोखिम भरे हैं, क्योंकि इस दौरान इन्फेक्शन या सेप्टिसीमिया होने का खतरा सबसे ज्यादा होता है।

बहन उठ खड़ी होगी, भाई को थी उम्मीद

बर्न डिपार्टमेंट के आईसीयू के बाहर खड़े पीड़िता के भाई ने कहा था, ''मैं अपनी बहन को मरने नहीं दे सकता। उसे यहां लेकर आया हूं। उसे अपने पैरों पर खड़ा देखना चाहता हूं और आरोपी को फांसी के फंदे पर लटकते देखना चाहता हूं। मेरी बहन को न्याय मिलना ही चाहिए।' अपनी मां को दिलासा देते हुए इस भाई ने कहा था, 'मां शांत हो जाओ। सब ठीक होगा। भगवान पर भरोसा रखो। देश तुम्हारी बेटी के साथ खड़ा है। उसे कुछ नहीं होगा मां। मेरी बहन खड़ी होगी, ठीक होगी और हम सब उसे साथ लेकर जाएंगे।'

भाई से कहा था- गुनाहगारों को मत छोड़ना

पीड़िता के भाई ने बताया, 'वह बहुत हिम्मत वाली है। उसका हौसला दूसरों को भी हिम्मत देता है। इस हालात में भी वह हमसे यही कह रही थी कि कोई बचना नहीं चाहिए। हमने कहा कि तुम्हारी सांस खत्म तो हमारी सांस भी खत्म। हम तुम्हें कुछ होने नहीं देंगे। लड़ाई हमारी चल रही है। आगे क्या होगा हम नहीं जानते। लेकिन अब यह लड़ाई मेरी नहीं है, पूरे देश की है। देखते हैं सरकार और प्रशासन क्या करती है।' अब जबकि पीड़िता जिंदगी की जंग हार चुकी है, देखना यह है कि उसकी इंसाफकी मांग कब पूरी होगी।

पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में अधिक जलने को बताया गया वजह

नई दिल्ली(ए.)। उन्नाव रेप पीड़िता की मौत के बाद शनिवार को उनकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आ गई है। दिल्ली के सफ्दरजंग हॉस्पिटल से जारी इस रिपोर्ट में बताया गया है कि ज्यादा जलने की वजह से पीड़िता की मौत हुई। बता दें कि उत्तर प्रदेश के उन्नाव में जमानत पर बाहर आए आरोपियों ने रेप पीड़िता को जिंदा जला दिया था। शुक्रवार रात दिल्ली के सफ्दरजंग अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया।

क्या कहती है पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट

सफ्दरजंग हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉक्टर सुनील गुप्ता ने बताया कि जहर देने या दम घुटने से मौत जैसा कुछ पोस्टमॉर्टम में नहीं आया है। ऑटोस्पाइ से पता चला है कि पीड़िता की मौत अधिक जलने की वजह से हुई है। गुप्ता ने बताया कि शनिवार सुबह ऑटोस्पाइ करवाया गया था। बता दें कि सुनील गुप्ता का एक बयान शुक्रवार को भी आया था। तब उन्होंने बताया था कि पीड़िता 90 प्रतिशत जल चुकी थी। उनकी नब्ज तो चल रही थी, लेकिन वह बेहोश थीं। पीड़िता की शुक्रवार रात करीब 12 बजे दिल्ली के सफ्दरजंग हॉस्पिटल में ही मौत हो गई थी।

हैदराबाद मुठभेड़

ये खुशी नहीं, दर्द के आंसु है

- **हैदराबाद रेप-मर्डर केस के आरोपियों के एनकाउंटर के बाद छिड़ी बहस**
- **एनकाउंटर को गलत ठहरा रहे लोग, समर्थन करने वाले ज्यादा**

नई दिल्ली(ए.)। हैदराबाद में महिला पशु चिकित्सक से बलात्कार और हत्या के आरोपियों के एनकाउंटर के बाद से इसके सही-गलत होने पर बहस छिड़ी हुई है। पुलिस का ऐक्शन सवालों के घेरे में है, लेकिन बड़ी तादाद में लोग इस मुठभेड़ के पक्ष में भी दिख रहे हैं। इस कथित एनकाउंटर के बाद लोग पुलिसवालों पर फूल बरसाते और उनको गोद में उठाते नजर आए।

दरअसल इसके पीछे एक बड़ी वजह कानून-व्यवस्था से लोगों का भरोसा उठना भी है। दरअसल, पिछले कुछ सालों के रेप से जुड़े आंकड़े बताते हैं कि ऐसे मामलों में दोषी साबित होनेवाले लोगों की संख्या बेहद कम है। इतना ही नहीं पिछले 11 सालों में जिन तीन मामलों ने देश की राजधानी को झकझोर दिया वे अभी तक कोर्ट में ही लंबित हैं।

7 साल में कस्टडी में मौत का कोई दोषी नहीं

रेप के आरोपियों के एनकाउंटर के बाद एक धड़ा पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठा रहा है। वहीं नैशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (NCRB) के मुताबिक, पिछले सात सालों में कस्टडी में किसी की मौत के लिए किसी पुलिसवाले को दोषी नहीं ठहराया गया है। बता दें कि साल 2011 से अबतक पुलिस कस्टडी में 713 लोगों की मौत हुई है।

निर्भया केस (2012): 16 दिसंबर को हुए इस गैंगरेप ने पूरे देश को हिला दिया था। पीड़िता की मौत के बाद ऐसे जघन्य अपराधों से निपटने के कानून में बदलाव हुए। इसके बाद ही रेप केसों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बने थे। मामले में कुल छह लोगों को पकड़ा गया था। इसमें एक नाबालिग था। सबपर मर्डर, रेप, अप्राकृतिक अपराध, जान से मारने की कोशिश, किडनैपिंग, डकैती आदि की धाराएं लगी थीं। इनमें से एक राम सिंह ने जेल में सूइसाइड कर लिया था।

क्या कहते हैं आंकड़े

2014 से 2017 तक के आंकड़े बताते हैं कि जितने केस रजिस्टर हुए उनमें से अधिकतम 30 प्रतिशत में दोषी सिद्ध हो पाए। दी गई तस्वीर में दिखाया गया है कि साल 2017 में देशभर में रेप के कुल 1 लाख 46 हजार 201 मामलों में ट्रायल चला। इसमें से सिर्फ 31.8 प्रतिशत में दोषसिद्धि हुई। गैंगरेप से जुड़े मामलों में भी स्थिति ऐसी ही थी। 2017 के गैंगरेप के 90.1 प्रतिशत मामले लंबित ही हैं।

बलात्कारी के लिए मृत्युदंड से सख्त सजा कुछ नहीं, सरकार बना रही 'फास्टट्रैक कोर्ट': इरानी

- **स्मृति बोलीं- गार्जियन्स भी समझें अपनी जिम्मेदारी, बच्चों को सिखाएं महिलाओं से सही बर्ताव करने का तरीका**

इंदौर(ए.)। सामूहिक बलात्कार के बाद युवतियों को जिंदा जलाए जाने की दो हालिया घटनाओं पर देशभर में आक्रोश के बीच केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति इरानी ने शनिवार को कहा कि आधी आबादी की सुरक्षा के लिए सरकार ने दुष्कृत्य के मामलों में मृत्युदंड तक का कानूनी प्रावधान किया है और इससे सख्त सजा कुछ नहीं हो सकती। उन्होंने कहा कि समाज को भी 'चाइल्ड पॉर्नोग्रफ़ी' जैसी चुनौतियों से निपटने पर विचार करना होगा और गार्जियन्स को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए बच्चों को सिखाना होगा कि महिलाओं से सही बर्ताव किया जाए।

इरानी ने रोटरी इंटरनैशनल के अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दौरान कहा, 'चर्चा यह भी हो रही है कि बलात्कार के मुजरिमों के लिए और सख्त सजा का प्रावधान किया जाना चाहिए। ऐसे मामलों में सरकार की ओर से सजा-ए-मौत तक का कानूनी प्रावधान किया गया है। अब सजा-ए-मौत से ज्यादा सख्त सजा और कुछ नहीं हो सकती।' उन्होंने बताया कि सरकार ने बलात्कार के मुकदमों की तेज सुनवाई के लिए देशभर में 1,023 'फास्टट्रैक कोर्ट' स्थापित करने के लिए वित्तीय मदद देनी शुरू कर दी है।

चाइल्ड पॉर्नोग्रफी जैसी चुनौतियों का रखें ध्यान: स्मृति

इरानी ने एक सवाल के जवाब में कहा, 'मैं कल (शुक्रवार) संसद में महिला उत्पीड़न के बारे में बोल रही थी, तब दो पुरुष सांसद मुझे मारने के लिए आगे बढ़े। इसका कारण बस यह था कि मैं बोल रही थी। क्या महिलाओं के लिखने और बोलने से भी दूसरी महिलाओं का उत्पीड़न होता है?' केंद्रीय मंत्री ने कहा कि लैंगिक समानता और महिलाओं के अधिकारों के लिए सरकारी संस्थाएं तो अपने कई प्रयास कर ही रही हैं। लेकिन आधी आबादी के सम्मान की शुरुआत घरों से होनी चाहिए, क्योंकि परिवार नैतिक मूल्यों की धुरी होता है। उन्होंने कहा, 'बलात्कार की घटनाओं और महिलाओं के खिलाफ अन्य अत्याचारों के विषय को हल्के में नहीं लिया जा सकता।

दरिंदों को चौराहे पर जिंदा जलाए पुलिस : साध्वी प्राची

बागपत(ए.)। अकसर अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहने वाली हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची ने कहा है कि उन्नाव के दरिंदों को भी ऑन द स्पॉट सजा दिए जाने की जरूरत है। यूपी के बागपत में साध्वा प्राची ने कहा कि दरिंदों को चौराहे पर जिंदा जला दिया जाना चाहिए। बता दें कि उन्नाव केस में 90 फीसदी से ज्यादा जल चुकी पीड़िता की इलाज के दौरान मौत हो गई।

साध्वी प्राची ने बागपत की बड़ोद तहसील परिसर में पत्रकारों से बातचीत में कहा, 'हैदराबाद में एक बेटी के साथ दरिंदगी करने वालों को पुलिस ने ऐट द स्पॉट सजा दी। अब मानवाधिकार आयोग को हैदराबाद जाकर पुलिस को शाबाशी देनी चाहिए। बेटी बचेगी तभी देश बचेगा। यूपी पुलिस को हैदराबाद पुलिस से सबक लेना चाहिए। जिस सार्वजनिक स्थान पर दरिंदों ने बेटी को जलाया, उसी स्थान पर उन दरिंदों को जिंदा जला देना चाहिए।'

साध्वी प्राची ने आगे कहा, 'मैं हिंदू धर्म के लिए काम करती हूं इसलिए सिमी जैसे संगठन मेरी जान के पीछे पड़े हैं। कई बार जान से मारने की धमकी मिल चुकी है। पुलिस ने सुरक्षा के लिए मात्र एक सिपाही दिया हुआ है, वह भी केवल गृह जनपद में लेकिन मैं पीछे नहीं हटूगीं।' देश की पहली डब्लूडब्लूई रेसलर लेडी खली के नाम से मशहूर कविता दलाल ने हैदराबाद के दरिंदों को मार गिराने पर वहां की पुलिस को बधाई देते हुए कहा कि अगर वे जिंदा रहते तो पता नहीं सजा मिलने में कितने साल लग जाते।

11 महीनों के दौरान जिले में यौन उत्पीड़न के 185 मामले सामने आ चुके हैं

11 महीने में 86 रेप, उन्नाव बना 'रेप कैपिटल'!

- **विधायक कुलदीप सेंगर पर रेप के आरोप के बाद देशभर में छिड़ी थी चर्चा**

उन्नाव (ए.)। उन्नाव में इस वर्ष (2019) जनवरी से नवंबर के बीच रेप के 86 मामले दर्ज किए गए हैं। आंकड़ों पर गौर करें तो इसे उत्तर प्रदेश की 'रेप की राजधानी' कहना गलत नहीं होगा। उन्नाव में तकरीबन 31 लाख लोग रहते हैं। यह जिला लखनऊ से 63 किलोमीटर और कानपुर से महज 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। रिपोर्ट्स की मानें तो जनवरी से नवंबर के बीच महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न के भी 185 मामले उन्नाव से सामने आए हैं।

पूर्व में बीजेपी में रहे विधायक कुलदीप सिंह सेंगर पर लगा रेप का आरोप, पीड़िता के ऐक्सिडेंट ने उन्नाव का नाम देश-विदेश की जुबान पर ला दिया। अब उन्नाव में एक और गैंगरेप के बाद आरोपियों द्वारा पीड़िता को जिंदा जलाए जाने के केस ने फिर देशभर की मीडिया में इसे चर्चा का विषय बना दिया है। बता दें कि पीड़िता की शुक्रवार को सफ्दरजंग अस्पताल में मौत हो गई। इन सबके बीच कई ऐसे मामले ऐसे भी है जो मीडिया के कैमरो में धुंधले ही रहे।

'पुलिस का राजनीतिकरण हो चुका है'

उन्नाव में रेप और छेड़छाड़ के आरोपों में असोहा, अजगैन, माखी और बांगरमऊ में केस दर्ज किए गए हैं। ज्यादातर मामलों में आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और बेल पर रिहा कर दिया गया या तो वे अभी गिरफ्त से दूर हैं। अजगैन निवासी राघव राम शुक्ला कहते हैं, 'उन्नाव में पुलिस का पूरी तरह से राजनीतिकरण हो चुका है। राजनीति के आकाओं की मर्जी के बिना वह एक इंच भी कदम आगे नहीं बढ़ाते हैं। यह बात अपराधियों का मनोबल बढ़ाती है।'

उन्नाव से ताल्लुक रखते हैं शीर्ष नेता

उत्तर प्रदेश के उन्नाव से कई शीर्ष राजनेता ताल्लुक रखते हैं। इनमें उत्तर प्रदेश विधानसभा के स्पीकर हृदयनारायण दीक्षित, यूपी के कानून मंत्री ब्रजेश पाठक और बीजेपी सांसद साक्षी महाराज शामिल हैं। एक स्थानीय वकील ने कहा, 'यहां अपराध को राजनीति से बढ़ावा मिलता है। नेता अपराध को राजनीतिक दुश्मनी के लिए इस्तेमाल करते हैं और पुलिस उनकी कठपुतलियों की तरह काम करती है। एक भी ऐसा मामला नहीं है जिसमें पुलिस ने सख्त रवैया अपनाया हो।'

जापान की युवा आबादी विवाह के बंधन में बंधने से हिचकती है

विवाह क्यों नहीं करना चाहते जापानी युवक और युवतियां

- **समाजशास्त्रियों का कहना है कि कुंवारेपन तक माता-पिता के घर में रहने की परंपरा इसका एक कारण है**
- **विवाह के बाद माता-पिता का घर छोड़कर नया घर बसाने का खर्च उठाना सबके बस की बात नहीं रह गई है**

तोक्यो(ए.)। जापान की युवा आबादी विवाह करने से हिचक रही है। इसका कारण पुरानी सामाजिक प्रथाएं और बढ़ते आर्थिक दबाव हैं। एक्सपर्ट्स का कहना है कि इन कारणों से विवाह की चाहत रखने वाली जापान के युवा और युवतियां कभी हिम्मत नहीं दिखा पाते हैं और आखिर में कुंवारे रहने का ही फैसला कर लेते हैं।

'परजीवी कुंवारों' की फौज: तोक्यो के चोउ यूनिवर्सिटी में समाजशास्त्र के प्रफेसर मासाहिरो यमादा ने कहा कि कुंवारेपन तक माता-पिता के साथ जीवन बसर करने के रिवाज के कारण उनपर अपना जीवनसाथी ढूंढने का दबाव कम होता है। उन्हें लगता है कि ऐसे किसी के साथ रिलेशनशिप में पड़ना वक्त की बर्बादी है जो उनकी जरूरतें पूरी नहीं कर सकता और अच्छी जिंदगी नहीं दे सकता। प्रफेसर मासाहिरो ने कहा कि वो 'परजीवी कुंवारे' हैं। उन्होंने कहा, 'हालांकि, पती-पत्नी के रिश्ते में दीर्घकालीन वित्तीय सुरक्षा का अपना महत्व है, लेकिन विवाह के बाद मां-पिता से अलग होकर नए घर का खर्च उठा पाना बहुत मुश्किल हो रहा है।'

शानो-शौकत वाली जिंदगी की लालसा: चुक्यो यूनिवर्सिटी में समाजशास्त्र के प्रफेसर शिगेकी मात्सुदा ने बताया, 'जापानी महिलाएं ऐसे पुरुषों की तलाश में होती हैं जो स्थायी रोजगार हो और अच्छे पढ़े-लिखे हों, कम-से-कम उससे ज्यादा।' उन्होंने कहा, 'जब तक महिलाएं उन पुरुषों से भी विवाह करने को तैयार नहीं होंगी जिनकी कमाई उनसे कम है, तब तक कुंवारेपन की मौजूदा स्थिति में कमी नहीं आएगी।'

बिगड़ रही है जॉब सिक्यॉरिटी की स्थिति: दरअसल, दूसरे विश्व युद्ध में तबाही झेल चुके जापान ने बड़े-बड़े उद्योगों के जरिए अपनी अर्थव्यवस्था सुधारी। उन उद्योगों ने वैसे कर्मचारियों को तवज्जो दिया जो काम के प्रति समर्पित हों। बदले में उन्हें जॉब सिक्यॉरिटी मिलती रही, लेकिन अब ऐसा माहौल नहीं रहा। जॉब सिक्यॉरिटी में तेजी से गिरावट आ रही है। जापान के श्रम मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि 1990 के पूर्वार्ध से लेकर अस्थायी और ठेके पर रखे गए कर्मचारियों का औसत 15 प्रतिशत से बढ़कर 40 प्रतिशत तक पहुंच चुका है।

बुजुर्ग माता-पिता की चिंता

74 वर्षीय एक बुजुर्ग ने अपने 46 वर्षीय पुत्र के लिए जीवनसाथी ढूंढने में एक अलग तरह की समस्या बताई। उन्होंने कहा, 'मेरा बेटा एक सेल्समैन है। वह ग्राहकों से डील करने में माहिर है, लेकिन महिलाओं के सामने वह बहुत संकोच करता है।' आखिर उनका बेटा घर क्यों नहीं बसा रहा है? क्योंकि उसे अपने धंधे से ही फुर्सत नहीं है। इसी बुजुर्ग ने बताया कि उनकी सबसे बड़ी बेटी का ब्याह तो हो चुका है, लेकिन अमेरिका में रह रही उनकी सबसे छोटी बेटी 34 साल की हो गई है और अब भी कुंवारी है। उन्होंने कहा, 'मुझे उसकी चिंता होती है क्योंकि मुझे पता चला है कि महिला डॉक्टरों को अपना जीवनसाथी चुनने में बड़ी मुश्किल होती है।'

देरी से पहुंची बारात, दूल्हें को कपड़े उतारकर पीटा

बिजनौर(ए.)। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में एक बारात में दूल्हे, उसके परिवार और बारातियों को ही पीट दिया गया। बताया गया कि नांगलजाट गांव में बारात देर से आने पर विवाद हो गया। देखते ही देखते बाराती और मायके वाले आपस में भिड़ गए। आरोप है कि दूल्हे और कई बारातियों को मायके वालों ने कमरे में बंद कर लिया। कई के कपड़े उतरवाकर भी उन्हें पीटा गया।

बताया गया कि धामपुर निवासी एक युवक ने डेढ़ महीने पहले मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में गांव नांगलजट निवासी युवती से बिजनौर में निकाह हुआ था। ग्रामवासियों के मुताबिक, विवाहिता ने अपने ससुरालवालों से सामाजिक तौर से निकाह की दोबारा रस्म करने की मांग की। तय हुआ कि बारात आएगी और दोपहर में आएगी लेकिन बारात नंगला बट गांव में दोपहर की जगह देर शाम पहुंची।

बारातियों को बंधक बनाकर पीटने का आरोप: जानकारी के मुताबिक, बारात देर से आने को लेकर वर और वधू पक्ष के बीच कहासुनी हो गई। वर पक्ष का आरोप है कि वधू पक्ष के लोगों ने दूल्हे, उसके परिजन और कई बारातियों को कमरे में बंद करके कपड़े उतारकर पीटा। वधू पक्ष पर दुलहन को उपहार में दिए गए 80 हजार रुपये और जेवर हड़पने का आरोप भी लगाया गया है।

विवाद के बाद बचकर भागे बारातियों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने बारातियों को मुक्त कराया। दोनों पक्षों को पुलिस थाने ले गई। बाद में दुलहन ने थाने पहुंचकर शौहर के साथ जाने से इनकार कर दिया।

किशोरी से चार महीने में दो बार गैंगरेप, अगवा कर 4 युवकों ने लूटी आबरू

पलवल । बाथरूम करने के लिए गुरुवार रात घर से बाहर निकली किशोरी का चार युवकों ने अपहरण कर लिया और खेतों में ले जाकर उसके साथ गैंगरेप किया। घटना की सूचना मिलते ही लोगों में बच्चियों की सुरक्षा को लेकर दहशत का माहौल बना हुआ है। महिला थाना पुलिस ने पीड़िता की मां की शिकायत पर नामजद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। खबर लिखे जाने तक पुलिस किसी आरोपी को नहीं पकड़ पाई। हैरानी की बात यह है कि संबंधित आरोपी चार महीने पहले भी किशोरी के साथ गैंगरेप कर चुके हैं, लेकिन पुलिस ने जांच के बाद मामले को रद्द कर दिया था। जांच अधिकारी एसआई अंजू ने बताया कि एक पीड़ित महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी 17 वर्षीय बेटी चार दिसंबर की रात 11 बजे घर से बाथरूम करने के लिए बाहर निकली थी।

न्यूज गैलरी

आईएएस टामन सिंह समेत 7 पदोन्नत

रायपुर। छत्तीसगढ़ के 7 आईएएस अधिकारियों को पदोन्नत किया गया है। इसमें सीएम सचिवालय में पदस्थ टामन सिंह सहित शम्मी आबिदी, मो. कैसर हक, केसी देवसेनापति, हिमशिखर गुप्ता, जनक पाठक, यशवंत कुमार शामिल है। टाहन सिंह संयुक्त सचिव से विशेष सचिव बन गए हैं। अधिकारियों को प्रवर श्रेणी के वेतनमान के संवर्गीय पद समकक्ष पदोन्नत किया गया है।

पिल्ले एडीजी जेल तो जुनेजा एडीजी होमगार्ड

रायपुर। संजय पिल्ले को जेल विभाग का प्रभार सौंपा गया है। 1988 बैच के संजय पिल्ले जेल विभाग के एडीजी होंगे, जबकि 1989 बैच के अशोक जुनेजा को होमगार्ड का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वहीं एसीबी और इओडब्लू के एडीजी जी पी सिंह को वर्तमान प्रभार के साथ साथ डायरेक्टर लोक अभियोजन का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। राज्य सरकार ने अब से कुछ देर पहले यह आदेश जारी किए हैं।

हाईकोर्ट ने अंबेडकर प्रबंधन को 5 लाख मुआवजा राशि देने का दिया आदेश

रेबिज पीड़ित छात्र अयामी का इलाज नहीं करने का मामला

रायपुर। नारायणपुर जिले के रामकृष्ण मिशन आश्रम के छात्र हेमंत अलामी की मौत मामले में हाईकोर्ट ने अंबेडकर अस्पताल प्रबंधन को पांच लाख का मुआवजा राशि देने का आदेश दिया है। आदेश के बाद अस्पताल प्रबंधन ने मृतक के परिजनों को राशि लेने के लिए पत्र लिखा है। परिजन पहचान पत्र दिखाकर राशि ले सकते हैं। अंबेडकर अस्पताल के अधीक्षक विवेक चौधरी ने बताया कि यह मामला कोर्ट पहुंचा था। कोर्ट के आदेशानुसार हमें परिजनों को पांच लाख क्षतिपूर्ति राशि देना होगा। इसके लिए परिजनों को लेटर लिखा गया है. उन्होंने बताया कि परिजन पहचान पत्र लाकर क्षतिपूर्ति राशि ले सकते हैं. कोर्ट का जो आदेश है उसका पालन किया जा रहा है।

कोयला लेकर जा रही मालगाड़ी में लगी आग

रायपुर। रायपुर-विशाखापट्टनम रेलमार्ग में कोमाखान स्टेशन के पास कोयले से लगी मालगाड़ी में आग लग गई। बोगियों से धुंआ उठता देख ड्राइवर ने गाड़ी रोकी, जिसके बाद अलग-अलग जगहों से पहुंची दमकल गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया। टिटलागढ़ से बिलासपुर की ओर 48 बोगियों में कोयला लादकर जा रही मालगाड़ी के 21 बोगियों में कोयले में आग लगी थी। ड्राइवर की सूझबूझ से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।

मोबाइल सेलून

रायपुर (नवप्रदेश)। ओपन सैलून का मजा ही कुछ और है। फोटो- महादेव तिवारी

कांग्रेस भवन में जीत के लिए रणनीति बनाने बैठक

■ बाहर टिकट नहीं मिलने पर पार्टी प्रत्याशी के विरोध में दावेदार

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों की बैठक हुई। जिसमें मंत्री और विधायकों के साथ मिलकर जीत की रणनीति पर सभी ने अपने विचार रखे। बैठक में दिग्गज नेताओं के साथ ही पार्षद प्रत्याशी भी मौजूद थे।

रायपुर नगर पालिका चुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशियों का पहली बैठक शनिवार को राजीव भवन में हो रही है. कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे, वरिष्ठ विधायक सत्यनारायण शर्मा और विधायक विकास उपाध्याय की मौजूदगी में हो रही बैठक में सभी 70 वार्ड के कांग्रेसी पार्षद उम्मीदवार मौजूद हैं. बैठक में प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं के बीच मुलाकात के साथ सदस्य और प्रत्याशी में सामंजस्य, आम जनता के बीच में जाने की रणनीति और चुनावी रूप-रेखा निर्धारण किया जाएगा। इधर निकाय चुनाव खासकर रायपुर समेत बिलासपुर, दुर्ग व अन्य बड़े निकायों के लिए जीत की रणनीति बन रही थी और कांग्रेस भवन के बाहर टिकट नहीं मिलने तथा अपात्रों को टिकट वितरण का आरोप लगाने वाले आरोपों की झड़ी लगाए हुए थे।

जिसे टिकट मिली उस पर चारित्रिक आरोप

शनिवार को कांग्रेस भवन में दुर्ग के वार्ड क्रमांक 20 से दावेदार हरीश साहू टिकट न मिलने से नाराज होकर अपने समर्थकों के साथ राजीव भवन पहुंचा और प्रदर्शन किया. कार्यकर्ता अपने हाथ में कुछ अश्लील पोस्टर लिए हुए थे. हरीश साहू का दावा है कि जिसे कांग्रेस ने इस वार्ड से टिकट दिया है, उसने अपने फेसबुक में ये अश्लील तस्वीरें पोस्ट की है। हरीश साहू का कहना है कि मुझे विधायक ने टिकट मिलने का आश्वासन दिया था। मेरी टिकट काटकर पार्टी ने ऐसे व्यक्ति को टिकट दी है. जिसकी ऐसी सोच है। हम लोग महामंत्री गिरीश देवांगन से इसकी शिकायत किये हैं. उन्होंने कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया है। जिसे टिकट मिली उसने आरोपों को सिरे से नकारते हुए कहा वे सोशल मीडिया का ज्यादा प्रयोग नहीं करते।

निकाय चुनाव में जनता सिखाएगी सबक

■ बृजमोहन अग्रवाल बोले सौ सोसायटियों में धान खरीदी शुरु नहीं

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। भाजपा विधायक बृजमोहन अग्रवाल ने धान खरीदी को लेकर सरकार पर नाकामी का आरोप लगाया है. उन्होंने कहा धान खरीदी 1 महीना विलंब होने से किसान परेशान हैं. केंद्रों में धान जाम हो रहा है, हफ्ते भर बाद किसानों को टोकन मिल रहा। धान खरीदी केन्द्र में बारदाना की कमी है, व्यवस्था खराब है। बृजमोहन ने कहा कि सरकार धान खरीदी की व्यवस्था में पूरी तरह फेल है. विपक्ष में रहते भूपेश बघेल सवाल उठाते थे लेकिन अब सही व्यवस्था के साथ खरीदी कर पाने में नाकाम साबित हो रहे हैं। हमारी मांग है कि किसानों का कर्जा अभी जमा न किया जाए. किसान जब कहे तब कर्जा जमा किया जाए। उन्होंने कहा कि भूपेश बघेल की सरकार किसानों का शोषण करने वाली सरकार साबित हुई है. भूपेश सरकार को नगरीय निकाय चुनाव में जनता सबक सिखाएगी। सच्चाई ये है कि किसान कर्जा लेने को मजबूर है। पूरे प्रदेश में 100 सोसायटी है जहाँ खरीदी अब तक शुरू नहीं हो पाई है।

सिरदर्द बने हैं बागी

अकेले मदर टेरेसा वार्ड से ही भाजपा व्दारा पहले हरीश ठाकुर का नाम घोषित किया गया था। बाद में हरीष का नाम हटाकर पूर्व शिवसैनिक रहे पोल्ले भारव्दाज को टिकट देने का ऐलान किया गया। इसके साथा ही अन्य 6 नामों को भी पार्टी ने देर रात चेंज कर दिया था। इस पर नाराज पार्टी कार्यकर्ता बगावत कर गए हैं। मदर टेरेसा वार्ड से ही बीजेपी के करीब 12 सदस्य चुनाव लड़ने वाले हैं। जहां टिकट मिलने का आश्वासन था और ऐन वक्त में नाम बदले गए या जूनियर को टिकट जारी कर दी गई उनके खिलाफ भी भाजपा कार्यकर्ताओ ने चुनाव लड़ने का व पार्टी के खिलाफ बगावत करने का मन बना लिया है।

जवानों से ही है हमारा देश सुरक्षित : सुब्रत

■ सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर दी गई शहीद जवानों को श्रद्धांजलि

■ शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी रायपुर के जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में शनिवार को सशस्त्र सेना झण्डा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित कर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर शहीद जवानों के परिजनों को सम्मानित भी किया गया।

रायपुर के शास्त्री चौक के पास जिला सैनिक कार्यालय का निर्माण किया गया है। इस कार्यालय में आज जिला सैनिक कल्याण रायपुर द्वारा सशस्त्र सेना झण्डा दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य शासन के प्रमुख सचिव गृह सुब्रत साहू और विशेष अतिथि के रूप में राजभवन सचिवालय के सचिव सोनमणि बोरा शामिल हुए। कार्यक्रम में राज्य सैनिक बोर्ड के प्रमुख एएन कुलकर्णी सहित अन्य मौजूद थे। मुख्य अतिथि सुब्रत साहू ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि जवानों से ही हमारा देश सुरक्षित है। उन्होंने कहा कि जिला सैनिक कल्याण का नया कार्यालय में आज यह आयोजन हो रहा है। इस कार्यालय में भूतपूर्व सहित समस्त सैनिकों व उनके परिजनों को ठहरने की भी व्यवस्था की जाएगी।

श्री साहू ने शहीद जवानों को बलिदान को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के दौरान शहीद हुए जवानों के परिजनों को सम्मानित भी किया गया।

रायपुर (नवप्रदेश)। सशस्त्र सेना झण्डा दिवस सात दिसम्बर के अवसर पर सैनिक कल्याण कार्यक्रम से जुड़े अधिकारियों ने शनिवार को मंत्रालय में छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव आर.पी.मण्डल को विशेष ध्वज का बैज लगाकर झण्डा दिवस मनाया। इस अवसर पर एयर कमांडर (सेवानिवृत्त) ए.एन. कुलकर्णी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर (सेवानिवृत्त) ए. श्रीनिवास राव सहित जिला सैनिक कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

हाथों में सजी मेंहदी

रायपुर (नवप्रदेश)। डागा कॉलेज में मेहंदी स्पर्धा का आयोजन

तकनीक 56 लाख उपभोक्ता सेवा के लिए जारी ''मोर बिजली ऐप'' में जुड़ी नई सुविधायें : शुक्ला

घर बैठे बिजली संबंधी 12 कार्यों का निपटारा कर सकेंगे उपभोक्ता

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनी द्वारा प्रदेश के विभिन्न श्रेणी के 56 लाख से अधिक उपभोक्ताओं की सेवा-सुविधा में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है, जिसमें मोर बिजली एप को उपभोक्ताओं द्वारा सर्वाधिक सराहना मिल रही है। गूगल प्ले स्टोर में जाकर कोई भी उपभोक्ता सीएसपीडीसीएल मोर बिजली ऐप को निःशुल्क डाउनलोड कर सकता है। एक बार मोबाईल पर डाउनलोड करने के उपरांत उपभोक्तागण घर बैठे बिजली विषयक 12 विविध सुविधाओं का लाभ ले सकते हैं। उक्त जानकारी पॉवर कंपनी के अध्यक्ष श्री शैलेन्द्र शुक्ला ने दी। उन्होंने बताया कि इस एप ने एक माह के भीतर ही 50 हजार से ज्यादा डाउनलोड करने का कीर्तिमान हासिल किया है। इसे 4.3 स्टार रेटिंग प्राप्त हुआ है तथा गूगल प्ले स्टोर में यह एप अनेक बार दूसरे, तीसरे नंबर पर ट्रेंड कर रहा था।

मोर बिजली एप में उपलब्ध 12 सुविधायें-

मोबाइल नंबर को बिजली उपभोक्ता क्रमांक से लिंक करना, बिजली बंद की शिकायत दर्ज कराना, मासिक बिजली बिल देखना, क्रेडिट-डेबिट कार्ड/नेट बैंकिंग/भारत बिल पेमेंट सर्विस/भीम-यूपीआई/गूगल-पे/फोन-पे/एयरटेल-जियो-मनी/वोडाफोन एम-पैसा द्वारा ऑनलाईन बिल भुगतान सुविधा, बीते 6 माह की बिजली खपत का पैटर्न, एवं बिजली बिल भुगतान का विवरण तथा बिजली बिल हाफयोजना से प्राप्त छूट का विवरण, एक ही मोबाइल नंबर पर अधिकतम 5 उपभोक्ता क्रमांक लिंक करने की सुविधा, पूर्व में लिंक किये गए उपभोक्ता क्रमांक को हटाने की सुविधा, फीडबैक/सुझाव देने की सुविधा, मीटर रीडिंग भेजने की सुविधा तथा बिजली की दरें (टैरिफ) देखने की सुविधा प्रदान की गई है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा निर्मित इस एप में दो और नई सुविधाओं की शुरूआत की गई है, जिसके तहत् उपभोक्तागण अपनी मीटर रीडिंग भेजने के अलावा बिजली की दरें (टेरिफ) भी देख सकते हैं। इन्हें शामिल कर अब उपभोक्तागण मोर बिजली एप के माध्यम से घर बैठे ही बिजली संबंधी 12 कार्यों का निपटारा कर सकेंगे। गलत मीटर रीडिंग होने, उचित समय पर मीटर रीडिंग नहीं होने तथा मीटर रीडिंग के समय घर बंद होने की स्थिति में उपभोक्तागण अपने परिसर में लगे बिजली मीटर की वर्तमान रीडिंग को इस एप पर भेज सकेगा। मीटर रीडिंग भेजने के लिये उपभोक्ताओं को मीटर की फोटो मोबाईल से खींचकर वर्तमान रीडिंग (के.डब्लू.एच. काउंटर की रीडिंग) को दर्ज करके एप पर भेजना होगा, जिसे संबंधित अधिकारी के मोबाईल नंबर पर एस.एम.एस. के माध्यम से प्रेषित कर दिया जाता है। जिसके आधार पर संबंधित अधिकारी उचित कार्यवाही करने के उपरांत उपभोक्ता को एस.एम.एस. के माध्यम से सूचित करेगा।

उपभोक्तागण मोर बिजली एप के माध्यम से प्रचलित बिजली की दरें (टेरिफ) भी देख सकते है। इसमें ऊर्जा प्रभार, नियत प्रभार, डयूटी और शेष की जानकारी भी ली जा सकती है।

आईएएस एसोसिएशन की बैठक में नौकरशाहों का फूटा गुस्सा

■ बोले-अपने खर्च पर विदेश जाने का हमे पूरा हक

■ विस में पूर्व सीएम के सवाल पर मंथन

■ मीडिया पर बरसे, कहा -छवि धुमिल न करें

■ दिवंगत साथी चंद्रकांत उइके को किया याद

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। आईएएस एसोसिएशन की सालाना बैठक हुई। बैठक में विदेश यात्राओं का मुद्दा खासतर पर चर्चा का विषय रहा। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में पूर्व मुख्यमंत्री डॉ.रमन सिंह के व्दारा दागे गए सवाल पर जमकर मंथन हुआ। आईएएस एसोसिएशन ने बैठक के बाद प्रेस रिलीज जारी कर कहा है कि वे सभी अनुमति लेकर विदेश गए थे। आईएएस एसोसिएशन ने मीडिया व्दारा भी बिना तस्दीक और बात करे एकतरफा खबरों के प्रकाशन पर भी कहा। बैठक में आईएएस एसोशिएशन ने मीडिया व्दारा अफसरों की छवि धूमिल न करें उस पर चर्चा किया। किसी अधिकारी के बारे में तथ्यों की व्याख्या करने के पहले संबंधित अधिकारी का वक्तव्य भी ले लिया जाए। सबसे पहले एसोसिएशन ने उनके एक सदस्य आईएएस चंद्रकांत उइके के असामयिक निधन पर 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। बैठक में निर्णय लिया गया कि एसोसिएशन द्वारा मुख्यमंत्री से यह भी निवेदन किया जाए कि उनके परिवार के किसी एक सदस्य को उचित राजपत्रित अधिकारी के पद पर अनुकंपा नियुक्ति दी जाए. साथ ही एसोसिएशन द्वारा यह निर्णय लिया गया कि आईएएस चंद्रकांत उइके के पुत्र जो अभी 12वीं कक्षा में अध्ययनरत हैं उनकी उच्च शिक्षा के लिए धनराशि की सहायता दी जाए. एसोसिएशन के सभी सदस्य इस उद्देश्य के लिए अपनी तरफ से सहयोग राशि कट्ठा करें, जो उनके पुत्र के नाम से सावधि जमा के रूप में रख दिया जाए. ताकि उनका पुत्र आवश्यकता पड़ने पर राशि का उपयोग कर सकें. तत्पश्चात सामान्य सभा में एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2018 19 के लेखक को अनुमोदित किया गया। चार्टर्ड अकाउंट द्वारा ऑडिट किया गया है।

सदस्यों द्वारा यह बिंदु उठाया गया कि हाल ही में अखबारों में आईएएस अधिकारियों की निजी विदेश यात्राओं को लेकर प्रकाशित खबर के संबंधों को मीडिया ने सही तरीके से प्रस्तुत नहीं किया है। जिससे इस संबंध में आम जनता द्वारा यह निष्कर्ष निकाला जा रहा है कि कुछ अधिकारी विदेश यात्राओं के शौकीन हैं। जबकि आज के युग में सभी को अपने निजी व्यय पर अवकाश पर जाने या भ्रमण करने का पूरा अधिकार है। यह भी स्पष्ट है कि यदि आईएएस अधिकारी निजी विदेश यात्रा पर गए हैं तो उन्होंने इसकी विधिवत अनुमति भी ली है।

चाय में डालें बस ये 4 चीजें और सर्दी-खांसी को भूल जाएं

ठंड में सबसे ज्यादा लोग सर्दी और खांसी की परेशानी से जूझते हैं। इस कारण उन्हें न जाने कितनी दवाइयां खानी पड़ती हैं। लेकिन अगर आप अपनी रोज की चाय में चार चीजें डालें तो इस परेशानी को दूर रखा जा सकता है।

अदरक

अदरक में ऐंटी-इन्फ्लैमटरी गुण होते हैं जो शरीर के वायुमार्ग को साफ रखने में मदद करते हैं। साथ ही में इसमें ऐंटी-बैक्टीरियल प्रॉपर्टी भी होती है जो इंफेक्शन से लड़ने में मदद करती है। अदरक गले में दर्द की परेशानी के साथ ही कफकी समस्या को भी दूर करने में सहायक होती है।

काली मिर्च

काली मिर्च में भी ऐंटी-इन्फ्लैमटरी और ऐंटी-बैक्टीरियल प्रॉपर्टीज होती हैं। इसके साथ ही इसमें विटमिन सी भी होता है। इन गुणों से इम्युनिटी को बूस्ट मिलता है और शरीर से सर्दी और खांसी की समस्या दूर रहती है। ध्यान रहे की चाय में काली मिर्च डालने से पहले उसे क्रश जरूर कर लें।

लौंग

लौंग में फिनॉल कम्पाउंड होते हैं जो इंफेक्शन से लड़ने के साथ ही शरीर में प्रवेश करने वाले सर्दी व खांसी के बैक्टीरिया को भी खत्म करने में मदद करते हैं। लौंग में मौजूद तेलीय गुण गले में जमने वाले कफको साफकरने में सहायक साबित होते हैं। इतना ही नहीं लौंग टॉक्सिन्स को भी शरीर से फ्लश आउट कर इम्युनिटी को बूस्ट करती है।

तुलसी

तुलसी का उपयोग आयुर्वेद में हजारों वर्षों से होता आ रहा है। शरीर को बैक्टीरिया, इंफेक्शन से लड़ने में मदद करने में तुलसी बहुत मदद करती है। इसमें मौजूद औषधीय गुण शरीर की इम्युनिटी को भी बढ़ाते हैं जिससे सर्दी और खांसी को दूर रखने में मदद मिलती है। इससे शरीर के एयर पैसेज को क्लीन रखने में भी मदद मिलती है, जिससे कफजम नहीं पाता।

किचन का काम आसान बना देंगे माइक्रोवेव से जुड़े ये हैक्स

माइक्रोवेव का इस्तेमाल सिर्फ खाने को गर्म करने या बेकिंग के लिए नहीं बल्कि कई दूसरी चीजों में भी हो सकता है। आज हम आपको बता रहे हैं माइक्रोवेव से जुड़े कुछ आसान हैक्स के बारे में जिसके बाद किचन में घंटों में होने वाला काम मिनटों में हो जाएगा।

किचन में काम करना सिर्फ खाना बनाने के लिए नहीं होता बल्कि किचन में काम करना भी एक आर्ट की तरह है और इसके लिए कुछ स्किल्स की भी जरूरत होती है तभी आप इसमें एक्सपर्ट बन सकते हैं। हालांकि अगर आप इसमें माहिर नहीं भी हैं तब भी परेशान होने की जरूरत नहीं। अब एक से बढ़कर एक किचन अप्लायंसेज हैं जिनकी मदद से आप किचन के काम में एक्सपर्ट बन सकते हैं। इन्हीं में से एक है माइक्रोवेव जिसका इस्तेमाल सिर्फ खाने को गर्म करने या केक बनाने के लिए नहीं बल्कि कई दूसरी चीजों में भी हो सकता है। आज हम आपको बता रहे हैं माइक्रोवेव से जुड़े कुछ आसान हैक्स के बारे में जिसके बाद किचन में घंटों में होने वाला काम मिनटों में हो जाया करेगा....

सर्दियों का मौसम है और अगर किचन में रखा शहद जम गया है तो इसमें भी माइक्रोवेव आपकी मदद कर सकता है। शहद का ढक्कन खोलें और शहद के जार को 30 से 40 सेकंड के लिए माइक्रोवेव में रख दें। शहद अपने नॉर्मल टेक्सचर में वापस लौट आएगा।

सब्जियों का छिलका उतारने में आसानी

कई बार जड़ वाली सब्जियां जैसे चुकंदर या शकरकंद आदि का छिलका उतारना मुश्किल काम हो जाता है। ऐसे में माइक्रोवेव को लो पावर पर रखें और इन सब्जियों को 2 से 3 मिनट के लिए माइक्रोवेव कर दें। सब्जियां सॉफ्ट हो जाएंगी और उन्हें छीलना और काटना आसान हो जाएगा। ध्यान रखें कि इन गर्म सब्जियों को सावधानीपूर्वक हैंडल करें।

घंटों में नहीं मिनटों में भीग जाएंगे राजमा-छोले

अगर आपको आज राजमा या छोले या चना बनाना है तो आपको उसे एक रात पहले पानी में भिगोकर रखना पड़ता है ताकि वे सॉफ्ट हो जाएं और अगले दिन अच्छी तरह से पकें। लेकिन अगर आप इन चीजों को रात में भिगोना भूल जाएं तो माइक्रोवेव आपकी मदद कर सकता है। एक बड़े बर्तन में बीन्स को डालें और जितनी बीन्स है उसका डबल पानी डालें माइक्रोवेव को हाई पर रखें और पानी को उबलने दें। इसमें 12 से 15 मिनट का वक्त लगेगा। 15 मिनट बाद बीन्स को माइक्रोवेव से निकालें और 1 घंटे के लिए छोड़ दें। फिर बीन्स को पानी से निकालकर छान लें और ठंडे पानी से धो लें।

फिर से फ्रेश हो जाएंगे डोनट्स

आप डोनट्स का 6 पीस वाला पैक लेकर आए लेकिन उसे पूरा फिनिश नहीं कर पाए। तो अगले दिन वही बासी डोनट खाने की बजाए डोनट को पेपर टॉवल में लपेटें और कुछ मिनट के लिए माइक्रोवेव कर दें। यकीन मानिए आपके पुराने डोनट्स फिर से पहले की तरह तरोताजा और फ्रेश हो जाएंगे।

प्याज काटते वक्त नहीं आएगा आंसू

प्याज के दोनों तरफके सिरों को काटकर उसे माइक्रोवेव में रखें और करीब 30 सेकंड के लिए प्याज को माइक्रोवेव कर लें। ऐसा करने से प्याज में मौजूद गैस जिससे आंसू आते हैं भाप बनकर उड़ जाएगा और प्याज काटते वक्त आंसू भी नहीं आएंगे।

जूस निकालना होगा आसान

संतरा या नींबू का जूस निकालने से पहले इन फलों को सिर्फ 10 सेकंड के लिए माइक्रोवेव कर लें। ऐसा करने से इन फलों की स्किन में मौजूद फाइबर ढीला हो जाएगा और आप इन फलों का जूस आसानी से निकाल पाएंगी।

ऐसे पहचानें डिजाइनर आइटम्स फेक है या असली ब्रांड

फैशन सिर्फ शौक तक ही सीमित नहीं बल्कि यह इंडस्ट्री में तब्दील हो चुका है। कभी-कभी कस्टमर अनजाने में ब्रैंडेड प्रॉडक्ट्स इसलिए ले लेता है कि ये काफी कम पैसे में मिल रहे होते हैं। वहीं कुछ लोग जानबूझकर फेक आइटम्स ले लेते हैं। अगर आप फेक डिजाइनर आइटम्स से बचना चाहते हैं तो ऐसे फेक और रियल में फर्क कर सकते हैं।

सिलाई

कोई भी ब्रैंड क्राफ्ट पर काफी मेहनत करता है। इसकी सिलाई एकदम क्लीन और एकसार दिखाई देती है। इसके साथ ही जो असली डिजाइनर प्रॉडक्ट्स होते हैं उसें पर स्क्वेयर इंच ज्यादा सिलाई के निशान दिखाई देते हैं।

लोगो

लोगो से पहचानना मुश्किल होता है क्योंकि आजकल लोग इसकी अच्छी कॉपी कर लेते हैं। हालांकि इसमें भी फर्क नजर आ सकता है क्योंकि ब्रैंड लोगो अपडेट करते रहते हैं साथ ही ज्यादा डीटेल यूज करते हैं। साथ ही ब्रैंड किसी खास मटीरियल या लेदर वगैरह के लोगो इस्तेमाल करते हैं। वहीं फेक प्रॉडक्ट में या तो लोगो नहीं होगा या चीप प्रॉडक्ट का होगा।

फैब्रिक

याद रखिए कि ब्रैंडेड चीज महंगी होने की हमेशा वजह होती है। जो ब्रैंड लेदर के प्रॉडक्ट बनाते हैं वे असली लेदर या अच्छी क्वॉलिटी का लेदर इस्तेमाल करेंगे। बटन लगाने होंगे तो मेटल की क्वॉलिटी भी अच्छी होगी।

जड़ से खत्म किया जा सकेगा पैन्क्रियाटिक कैंसर

मिल रहे खुशी के संकेत

यह मोलेक्यूल कैंसर कोशिकाओं को बढ़ने से रोकता है और उन्हें अपने विकास के लिए जरूरी तत्व नहीं मिलने देता, जिससे कैंसर कोशिकाएं खत्म होने लगती हैं। एक महीने में 14 दिन तक लगातार इंजेक्ट किए जाने के अंदर ही PJ34 मोलेक्यूल ने ट्यूमर के अंदर मौजूद 90 प्रतिशत कौशिकाओं को पूरी तरह खत्म कर दिया था।

पैन्क्रियाटिक कैंसर के लिए अभी तक कोई ऐसा इलाज वैज्ञानिक नहीं खोज पाए हैं कि इसे जड़ से खत्म किया जा सके। एक बार इस कैंसर के डाइग्नॉज होने के बाद पेशंट को भी पता होता है कि उसके पास अब जिंदगी के मात्र 5 साल बचे हैं। क्योंकि आमतौर पर पैन्क्रियास कैंसर के रोगी 5 साल की लाइफही जी पाते हैं। लेकिन हाल ही हुए एक ताजा शोध ने लोगों में इस कैंसर से लड़ने के लिए उम्मीद जगा दी है।

एक ताजा रिसर्च में शोधकर्ताओं ने ऐसी तकनीक का पता लगाया है, जिसमें पैन्क्रियास कैंसर सेल्स खुद को ही खत्म करने लगती हैं। यह स्टडी हाल ही Oncotarget जर्नल में प्रकाशित हुई है। इस तकनीक के परीक्षण में एक महीने के अंदर ही ट्यूमर में डिवेलप सेल्स 90 प्रतिशत तक कम हो गई थी।

इस रिसर्च के बारे में बात करते हुए रिसर्चर मलाका कोहेन-अरमन कहते हैं कि साल 2017 में प्रकाशित एक स्टडी में एक ऐसे मोलेक्यूल के बारे में बताया गया था, जो बिना नॉर्मल सेल्स को नुकसान पहुंचाए सिर्फकैंसर सेल्स को खत्म करने का काम करता है। कोहेन-अरमन इजरायल में तेल अवीव यूनिवर्सिटी से एसोसिएटेड हैं। ये आगे बताते हैं कि उस स्टडी पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमने पैन्क्रियास कैंसर सेल्स पर काम करना शुरू किया और शोध में इसके नतीजे बहुत ही सकारात्मक मिले।

इस शोध में हम एक छोटे से मोलेक्यूल से कैंसर सेल्स को खत्म करने का काम कर सकते हैं। वह भी बहुत ही सीमित समय में। इस मोलेक्यूल का परीक्षण एक चूहे पर किया गया। इस दौरान कैंसर सेल्स से प्रभावित चूहों का इलाज PJ34 नामक एक मोलेक्यूल से किया गया यह सेल्स की झिल्ली को भेदने में सक्षम है और ह्यूमन बॉडी में मौजूद कैंसर सेल्स पर अधिक मजबूती के साथ प्रहार करता है।

बच्चों को ठंड नहीं करेगी परेशान, अगर अपनाएंगे ये तरीके

गिरते तापमान में बच्चों को गरम रखना कभी-कभी पैरेंट्स के लिए परेशानी बन जाता है। हम बता रहे हैं कुछ तरीके जिससे ठंड बच्चों से दूर ही रहेगी।

ठंड में बच्चों को रखें गरम

ठंड में पैरेंट्स को इस बात की टेंशन हो जाती है कि बच्चों को कैसे हर समय गरम रखा जाए ताकि गिरता तापमान उन्हें बीमार न करे। इसके लिए माता-पिता जाने क्या-क्या तरीके नहीं अपनाते हैं, जिसमें से कुछ कारगार होते हैं तो कुछ नहीं। हम बता रहे हैं आपको ऐसे काम के टिप्स जो बच्चों को दिनभर गरम रखने में मदद करेंगे।

पतली लेयर्स में पहनाएं कपड़ेबच्चों को मोटी जैकेट पहनाने की जगह उन्हें लेयर्स में कपड़े पहनाएं। इस दौरान ध्यान रहे कि आप उन्हें मोटे-मोटे कई कपड़े न पहना दें क्योंकि इससे बच्चे को चलने-फिरने में परेशानी होने लगेगी।

इसकी जगह उन्हें पतली लेकिन वॉर्म कपड़ों की लेयर्स पहनाएं।

घर में भी जूते

बच्चे घर में भी बड़ी मुश्किल से एक जगह बैठते हैं ऐसे में ठंडा फर्श उनकी बॉडी के तापमान को गिरा सकता है। बेहतर ऑप्शन यही है कि बच्चों को घर में भी जूते पहनाकर रखें। कोशिश करें ये शूज कपड़े के हों ताकि बच्चे का कंफर्ट बना रहे।

हुडी नहीं वुलन कैप का करें इस्तेमाल

आजकल बच्चों की भी ऐसी जैकेट्स आती हैं जिनमें हुड होता है। कई बार पैरेंट्स उसी हुड को सिर पर डालकर बच्चे के गले के पास बांध देते हैं, लेकिन ऐसा करना बच्चे को इरिटेट कर सकता है। बेहतर यही है कि इसकी जगह आप उन्हें वुलन कैप पहनाएं जो कंफर्ट के साथ ही ज्यादा गरमी भी देगी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

ऐसे कैसे बेटियाँ, रखें सुरक्षित लाज

ऐसे कैसे बेटियाँ, रखें सुरक्षित लाज! दिखें घूमते भेड़िये, गली गली जब आज! चलो उठा लो बेटियों, हाथों मे तलवार! दिखें जहाँ भी भेड़िये, वहीं उन्हें दो मार! आए दिन लुटने लगी, नारी की जब लाज! इसका करना चाहिए, अब तो हमें इलाज! **रमेश शर्मा**

एनकाउंटर सही है या ग़लत

एनकाउंटर सही है या ग़लत, इस सवाल से जरा हटकर सोचिए। ऐसी कार्रवाई के बिना शुरुआत कैसे हो सकती थी? सालों से हम यह सब देख और झेल ही तो रहे हैं। ऐसी कार्रवाई से महिलाओं का मनोबल तो बढ़ेगा ही कम से कम और यदि दो चार अपराधी भी अगर भयग्रस्त होकर ऐसे दरिंदगी भरे कामों से दूर हो जाएं, तो इस में कोई हर्ज नहीं। **सीमा भाटिया**

ख़ास पाती | जो भी होता है सब यहां पर घटना

जो भी होता है सब यहां पर घटना , दुर्घटना ,दुख, दर्द रचता स्वयं विधाता है ये लीला है सब उसी की वही नाच नचाता है आज लगे जो सजा सी कल वही ईनाम बन जाता है गलतियों से हमको सीख मिले वही गलतियां वरदान बने दण्ड नहीं देता वो कभी पुष्प सा महकाता है हर पल रोना गर हम रोयेंगे जीत कभी न पाएंगे हार न होती यहां कभी किसी की बस अडिग यही विश्वास है चखना है स्वाद गर अमृत का जहर फिर पीना ही पड़ता है चिन्तन , मनन करता चल धुंध शंकाओं की हटाता चल सत्य के मार्ग पर दृढ़ जब तूँ है निश्चित है मिले समर्थन उसका अपूर्ण है हर इंसान यहां पर पूर्ण केवल वही जगदाता है चल चला चल हे मानव तेरे संग स्वयं विधाता है। **सुनिता बिंदल**

न्याय का मूल सिद्धांत यह है कि

न्याय का मूल सिद्धांत यह है कि पीड़ित को लगना चाहिए कि उसे न्याय मिला है और अपराधी को लगना चाहिए कि उसे सज़ा मिली है! प्रियंका रेड्डी के माता-पिता आज संतुष्ट हैं! निर्भया के माता-पिता आज भी कोर्ट-कचहरी के चक्कर लगा रहे हैं! **रितेश सोनार**

तेलंगाना पुलिस का जबरदस्त कार्य

तेलंगाना पुलिस का जबरदस्त कार्य अगर अम्बेडकर की किताब से चलते तो कोर्ट को न्याय देने दस वर्ष से अधिक लग जाता पुलिस ने जल्द न्याय कर दिया और दूसरे राज्यों की पुलिस को एक संदेश भी दिया कि ऐसे अपराधियो को भागने का एक मौका जरूर दिया जाना चाहिए पुलिस टीम को बधाई..! **कुमार संतोष**

दंड यहाँ हो एक सा, जब अपराध

दंड यहाँ हो एक सा, जब अपराध समान। नाबालिग-बालिग करें, जब नारी अपमान।। बेटे पर भी आपकी, पूरी रहे निगाह। रहें सुरक्षित बेटियाँ, हो मन में यदि चाह।। नियम कड़े और एक से, देता है कानून। लागू करते पर वही, जिनमें जिग़र-जुनून।। नाबालिग कहते रहे, जिनको सारे लोग। लाँघें सीमा वो सभी, रहें लिप्त हर भोग।। कर्णभेदी थी सभी, अबला की वो चीख। बहरे भी तो थे मगर, मनुज-सभ्यता-सीख।। बेटी बिन संसार की, करें कल्पना आप। नारी के अपमान सा, फिर न होगा पाप।। शर्मसार है वक़्त भी, औ' सारे लम्हात। अभया जब जब भी डरी, तार-तार जज़्बात।। **शुचि'भवि'**

साहस अदम्य है जो सैनिक प्रणम्य

साहस अदम्य है जो सैनिक प्रणम्य है वो चारो ओर ऐसा ही विचार होना चाहिये दरिंदगी के रोग से जी हो जायेंगे निरोग रोगियों का ऐसा उपचार होना चाहिये फैसला ये रोको मत और उन्हें टोको मत एक बार नही बार बार होना चाहिये बत्तियां जलाने वाला प्रचलन बंद कर न्याय अब ऐसा धारदार? होना चाहिये वंदन है अभिनंदन है पुलिस प्रशासन जिंदाबाद। **नरेन्द्र गुप्ता कवि**

निगाहें कहीं ये न हलचल मचा दें

निगाहें कहीं ये न हलचल मचा दें। कोई उनसे कह दो के चिलमन गिरा दें । इशारों इशारों में कैसे बता दें। क़रीब आओ उल्फ़त है क्या हम सिखा दें। तुम्हें ये हरारत फ़क़त इश्क़ की है, मरज़ कोई हो तो हम उसकी दवा दें। छुअन की महक आज तक जिनसे आती, वो कहते हैं ख़त हम पुराने जला दें। नहीं हम रहें हम, नहीं तुम रहो तुम, गिले हिज़्र के आज ऐसे मिटा दें। ये जुल्मत ये वहशत अगर है मिटाना, गुनहगारों को मौत की बस सज़ा दें। सलामत रहेंगे मरासिम सभी से, न तनक़ीद कर वाह का सिलसिला दें। प्रखर जो भी दोगे वो वापिस मिलेगा, रवायत यही है तो क्यों बद्दुआ दें। **राजेश श्रीवास्तव प्रखर**

लघु कथा

असम्भव

एक बार की बात है किसी राज्य में एक राजा का शासन था। उस राजा के 2 बेटे थे ङ्क अवधेश और विक्रम। एक बार दोनों राजकुमार जंगल में शिकार करने गए। रास्ते में एक विशाल नदी थी। दोनों राजकुमारों का मन हुआ कि क्यों ना नदी में नहाया जाये। यही सोचकर दोनों राजकुमार नदी में नहाने चल दिए। लेकिन नदी उनकी अपेक्षा से कहीं ज्यादा गहरी थी। विक्रम तैरते तैरते थोड़ा दूर निकल गया, अभी थोड़ा तैरना शुरू ही किया था कि एक तेज लहर आई और विक्रम को दूर तक अपने साथ ले गयी। विक्रम डर से अपनी सुध बुध खो बैठा गहरे पानी में उससे तैरा नहीं जा रहा था अब वो डूबने लगा था। अपने भाई को बुरी तरह फँसा देख के अवधेश जल्दी से नदी से बाहर निकला और एक लड़की का बड़ा लट्ठ लिया और अपने भाई विक्रम की ओर उछाला। लेकिन दुर्भागयवश विक्रम इतना दूर था कि लकड़ी का लट्ठ उसके हाथ में नहीं आ पा रहा था। इतने में सैनिक वहां पहुँचे और राजकुमार को देखकर सब यही बोलने लगे ङ्क अब ये नहीं बच पाएंगे , यहाँ से निकलना नामुनकिन है। यहाँ तक कि अवधेश को भी ये अहसास हो चुका था कि अब विक्रम नहीं बच सकता, तेज बहाव में बचना नामुनकिन है, यही सोचकर सबने हथियार डाल दिए और कोई बचाव को आगे नहीं आ रहा था। अभी सभी लोग किनारे पर बैठ कर विक्रम का शोक मना रहे थे कि दूर से एक सन्यासी आते हुए नजर आये उनके साथ एक नौजवान भी था।

आज का इतिहास

नयी दिल्ली(वार्ता)। भारत और विश्व के इतिहास में 08 दिसंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं-

1825 - भाप से चलने वाला पहला जहाज 'इंटरप्राइज' कोलकाता पहुंचा।

1721 - मराठा साम्राज्य के प्रसिद्ध पेशवा बालाजी बाजीराव का जन्म हुआ।

1863 - चीली की राजधानी सेंटियागो स्थित जेसूइट गिरजाघर में आग लगने से 2500 लोगों की मौत।

1875 - महान उदारवादी नेता तेज बहादुर सप्रू का जन्म हुआ।

1879 - महान क्रांतिकारी यतीन्द्रनाथ मुखर्जी का जन्म हुआ।

1881 - यूरोपीय देश ऑस्ट्रिया की राजधानी विएना में थियेटर में आग लगने से 800 से ज्यादा लोगों की मौत।

1995 - चीन द्वारा विवादास्पद रूप से छह वर्षीय बालक झेनकेन नोरबू की पंचेन लामा के अवतार के रूप में ताजपोशी एवं मान्यता दी गयी।

न्यूज गैलरी

रेड रिबन क्लब को मिला पुरस्कार

दुर्ग। शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय के यूथ रेडक्रास इकाई के अंतर्गत रेड रिबन क्लब को एड्स नियंत्रण से संबंधित उल्लेखनीय कार्य के लिए नई दिल्ली में पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएन सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में स्थापित रेड रिबन क्लब की प्रभारी प्राध्यापक डॉ. तरलोचन कौर संधू एवं पीयर सदस्य स्वयं सेवक कार्तिकेय त्रिपाठी को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया गया।

मुख्यमंत्री वार्ड कार्यालय का होगा विस्तार

विधायक यादव ने ली समीक्षा बैठक

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। महापौर एवं विधायक देवेन्द्र यादव ने निगम के कामकाज की समीक्षा की तथा निगम क्षेत्रों में अन्य स्थानों पर और वार्ड कार्यालय खोले जाने को लेकर चर्चा की उन्होंने पुरैना जैसे दूरस्थ स्थलों को भी सम्मिलित करने के निर्देश दिए। निगम के अधिकारियों ने निगम द्वारा संचालित योजनाओं की बिंदुवार जानकारी दी। महापौर यादव एवं निगम आयुक्त रघुवंशी ने राज्य शासन एवं केन्द्र सरकार की योजनाओं में तेजी लाकर बेहतर परिणाम देने अधिकारियों को निर्देशित किए। श्री यादव ने निगम में संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षा बैठक ली। पोनी पसारी योजना के लिए उपयुक्त स्थल, महिला मदर्स मार्केट मे महिलाओं के लिए रोजगार, विज्ञापन आधारित पद्धति पर उद्यानों का संचालन, संधारण, मंगलभवन, सामुदायिक भवन जैसे भवन का रखरखाव एवं संचालन, पिंक उद्यान निर्माण, गढ़कलेवा आदि विषय पर चर्चा की गई। पीएम आवास योजना के अंतर्गत आम्रपाली आदि निर्मित आवासों में अनाधिकृत व्यक्तियों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए हैं। जलप्रदाय की स्थिति की जानकारी लेते हुए अमृत मिशन के तहत बनाये जा रहे ओव्हर हेड टैंक, इंटरकनेक्शन, पाइपलाइन तथा 66 एमएलडी जलशोधन संयंत्र से संबंधित कार्यों को युद्ध स्तर पर पूर्ण करने कहा गया। आकाशगंगा सब्जी मार्केट को अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने के लिए जल्द ही स्थल चयन कर प्रक्रिया मे लाकर प्रारंभ करने निर्देश दिए। प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरुद्ध चल रहे समस्त अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उपायुक्त टीपी लहरे, समस्त जोनआयुक्त, विभाग प्रमुख एवं अन्य संबंधित अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहें।

निर्मित डीपीसी को तोड़ा

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। निगम द्वारा निरंतर अवैध निर्माण पर नजर रखी जा रही है जहां पर भी अवैध निर्माण के संबंध में जानकारी मिलती है वहां पर निगम की टीम द्वारा कार्यवाही की जा रही है इसे एक मुहिम के रूप में भी देखा जा सकता है क्योंकि आज लगातार पांचवें दिन भी निगम की टीम द्वारा अवैध रूप से तैयार किए गए नीव को ध्वस्त करने की कार्यवाही की गई। निगम के कुरूद क्षेत्र अंतर्गत लोहिया पारा मे अवैध रूप से डीपीसी निर्माण किए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर निगम की टीम मौके पर पहुंचकर जोन क्र 2 क्षेत्र अंतर्गत आने वाले कुरूद में अनाधिकृत रूप से तैयार किए गए नीव को छतिग्रस्त कर हटाया गया। अवैध निर्माण, अवैध रूप से प्लाटिंग आदि पर लगाम कसने हेतु कार्यवाही की जा रही है। इसके पूर्व कुरूद क्षेत्र, शांतिनगर में पटवारी बाड़ी के पास तथा बाबा दीपसिंह नगर क्षेत्रए उदय फार्म हाउस के समीप मे इसी प्रकार की अवैध प्लाटिंग, मार्ग संरचना व अवैध निर्माण करने वालों पर कार्यवाही की गई थी। निगमायुक्त ने अवैध प्लाटिंग, अवैध कब्जा एवं अवैध निर्माण के खिलाफ सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।

नारायणा गुरु में मना 44 वां वार्षिक क्रीड़ोत्सव

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री नारायण गुरू विद्या भवन हायर सेकेन्ड्री स्कूल सेक्टर 4 के शालेय प्रागंण में 44 वां वार्षिक क्रीड़ोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हैवी ट्रांसपोर्ट कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर इंद्रजीत सिंह ने कहा कि हर खेल में शामिल होना अनिवार्य है। खेल से शरीर स्वस्थ रहता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ दिमाग निवास करता है। खेल के द्वारा ही हमे राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय पहचान मिलती है। खेल से प्रसिद्धी धन और रोजगार के अवसर भी प्राप्त होते है। विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ खेल में अवश्य भाग लेना चाहिये। सचिव विनय पीतांबरन ने कहा कि ऊर्जा ताकत अवसर भरोसा और प्रतिभा ही सही मायने में खेल का अर्थ है। रविन्द्रनाथ टैगोर सदन, मदर टेरेसा सदन, श्री नारायण गुरू सदन, एनसीसी कैडेट, स्काउट गाईड, इंट्रेक्ट क्लब एवं रेड क्रॉस के विद्यार्थियों ने मंचस्थ अतिथियों को सलामी देते हुए मार्च पास्ट किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ सरकार शिक्षण विभाग के एनआईएस कोच पी विनोद कुमार नायर, एसएनजी संस्था के उपाध्यक्ष संतोष कुमार टीआर, उपाध्यक्ष सीबीजूए डिप्टी जनरल सेक्रेटरी विनय पीतांबरन शिक्षण सेकेटरी टीयू सुनील अन्य पदाधिकारी शाला के प्राचार्या विशाल वधावन, उप प्राचार्या श्रीमती कोमल बेदी, पालक शिक्षण समिति की उपाध्यक्ष शीबा जहान अन्य सदस्य प्रधान पाठिका, प्रभारी शिक्षिकाएं, शिक्षक शिक्षिकाएं पालकगण एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैल्यचित्र समक्ष दीप प्रज्जवलन, माल्यार्पण एवं वंदना के साथ हुआ।

गौसुलवरा नातिया मुकाबला आज

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। अहले सुन्नत वल जमाअत द्वारा हजरत अल्लामा अलहाज सैय्यद मोहम्मद महमूद अशरफ अशरफी अल जीलानी किछौछा शरीफ उप्र की सरपरस्ती में 8 दिसंबर को जामा मस्जिद बाजार पारा में बाद नमाज इशा गौसुलवरा नातिया मुकाबला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की सदारत हजरत मौलाना मुफ्ती मोहम्मद शाहनवाज हैदर अशरफी, खतीबो इमाम जामा मस्जिद करेंगे। कार्यक्रम में आसिफ खोखर, उवैस चौहान व मोहम्मद उबेद के अलावा शहर की सभी मस्जिद के इमाम मंचासीन होंगे। शहर के मदरसों के बच्चों के बीच होने वाले इस नातिया मुकाबले में नात पेश करने के शौकीन लोगों को भी मौका दिया जाएगा। इस दिनइशा की अजान रात 7 बजे और जमात 7.30 बजे होगी। फातेहा ख्वानी सवा आठ बजे और कार्यक्रम में मौजूद लोगों के लिए 8.30 बजे लंगर का इंतेजाम किया गया है। जमाअत ने कार्यक्रम में बड़ी तादाद में लोगों से शिरकत की अपील की है।

फैंसी ड्रेस

भिलाई (नवप्रदेश)। मैत्री विद्या निकेतन में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें बच्चे खूबसूरत वेशभूषा में पहुंचे। पूर्व प्राथमिक कक्षा के बच्चे। फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता में बच्चे विभिन्न वेशभूषा में तैयार होकर आए। इस दौरान प्राचार्या सजीता थाम्बी ने सभी बच्चों की सराहना की और उनका उत्साहवर्धन किया। निर्णायक के रुप में रीमा राजीव एवं मेघा सबलोक उपस्थित थे।

मशरूम उत्पादन पर राष्ट्रीय कार्यशाला

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई। श्री शंकराचार्य महाविद्यालय जुनवानी भिलाई में सूक्ष्म जीवविज्ञान एवं जंतुविज्ञान विभाग द्वारा आयोजित सात दिवसीय कार्यशाला सामाजिक अपशिष्ट प्रबंधन और जीव विज्ञान में रुझान एक डरावना दुनिया के दृष्टिकोण (3 से 9 दिसंबर) पर चल रहे तकनीकी सत्र में पांचवे दिन मशरूम उत्पादन पर कार्य किया गया। मशरूम उत्पादन पर प्रशिक्षण दे रहे मशरूम विशेषज्ञ दिनेश सिंह बताते हैं, मशरूम एक उत्पाद है, जिसे एक कमरे में भी उगाया जा सकता है, इसको उगाकर किसान अपनी आय दोगुनी ही नहीं चार गुनी कर सकते हैं, पिछले कुछ वर्षों में भारतीय बाजार में मशरूम की मांग तेजी से बढ़ी है, जिस हिसाब से बाजार में इसकी मांग है, उस हिसाब से अभी इसका उत्पादन नहीं हो रहा है, ऐसे में किसान मशरूम की खेती कर अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। तीन तरह के मशरूम का उत्पादन होता है, अभी सितम्बर महीने से 15 नवंबर तक ढ़िगरी मशरूम का उत्पादन कर सकते हैं, इसके बाद आप बटन मशरूम का उत्पादन कर सकते हैं, फरवरी-मार्च तक ये फसल चलती है, इसके बाद मिल्की मशरूम का उत्पादन कर सकते हैं जो जून जुलाई चलता है। ऑयस्टर मशरूम की खेती बड़ी आसान और सस्ती है। इसमें दूसरे मशरूम की तुलना में औषधीय गुण भी अधिक होते हैं। दिल्ली, कलकत्ता, मुम्बई एवं चेन्नई जैसे महानगरों में इसकी बड़ी माँग है।

वार्ड 23 दीपकनगर | सुखवंत कौर को टिकट देकर कांग्रेस ने खेला बड़ा दांव, पिछले 20 साल से काबिज भाजपा को इस बार कड़ी चुनौती

कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशी के बीच सीधी टक्कर

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। दीपक नगर वार्ड 23 में कांग्रेस ने सुखवंत कौर (रानी) को टिकट दी है। इस वार्ड में पिछले 20 साल से भाजपा खेमे से ही पार्षद निर्वाचित होते रहे हैं। इस बार सुखवंत कौर को टिकट देकर कांग्रेस ने बड़ा दांव खेल दिया है। सुखवंत कौर कांग्रेस में सक्रिय रही हैं लेकिन उनका पारिवारिक बैक ग्राउंड काफी मजबूत रहा है। सुखवंत कौर दुर्ग के प्रथम महापौर सुच्चा सिंह ढिल्लों की बहन हैं। ढिल्लो परिवार शुरू से कांग्रेस के चाणक्य वासुदेव चंद्राकर से राजनीतिक रूप से मजबूती से जुड़ा रहा है। सुखवंत कौर खुद सामाजिक क्षेत्रों में लगातार सक्रिय रही हैं। इन कारणों से उन्हें टिकट देने का फैसला किया गया।

बहरहाल सुखवंत कौर को टिकट मिलने से दीपक नगर का वोट समीकरण काफी बदल गया है। यहां से कांग्रेस की टिकट के लिए ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष राजकुमार पाली की पत्नी एकता पाली, शहर कांग्रेस के प्रवक्ता सुशील भारद्वाज की पत्नी सरला भारद्वाज और सुखवंत कौर ने दावा किया था। सभी दावेदारों ने टिकट के लिए दावा करने से पहले ही तय कर लिया था कि टिकट चाहे जिसे मिलेए पार्टी का काम ईंमानदारी से किया जाएगा। सुखवंत कौर को टिकट मिलने के बाद राजकुमार और सुशील अपने स्टैंड पर कायम हैं।

टिकट वितरण के बाद उनका यही कहना है कि सुखवंत कौर को जिताने के लिए ईमानदारी से काम करेंगे। उन्हें टिकट वितरण से कोई शिकवा नहीं है। यानी तय हो गया है कि कांग्रेस यहां एकजुटता से चुनाव लड़ेगी। सूत्र बता रहे हैं कि पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, वार्ड के पूर्व पार्षद प्रताप मध्यानी सरीखे अनुभवी राजनेता भी सुखवंत कौर को सपोर्ट दे रहे हैं। वार्ड की महिलाएं भी बड़ी संख्या में सुखवंत कौर के साथ जुड़ रही हैं। यानी नामांकन प्रक्रिया के शुरुआती दौर में ही उनके पक्ष में वार्ड में अच्छा खासा माहौल बन गया है। दूसरी ओर भाजपा ने प्रियंका जलकारे को टिकट दिया है। पिछले 5 साल से पार्षद रहे विजय जलकारे की वार्ड में लगातार सक्रियता और पर्यावरण प्रभारी (एमआईसी मेंबर) के रूप में किए गए कार्यों के साथ ही भाजपाई राजनीति में विजय की सक्रियता के कारण उनकी पत्नी को टिकट दिया गया है। एकदम सीधी.सरल प्रियंका ने अब तक सिर्फ पति विजय जलकारे के राजनीतिक कार्यक्रमों, चुनाव प्रचार में ही हिस्सा लिया है। इससे पहले वे राजनीति में ज्यादा सक्रिय नहीं रही। बावजूद विजय जलकारे की सक्रियता और वार्ड में किए गए विकास कार्यों का उन्हें चुनाव में फायदा मिलेगा।

कितना बदलेगा समीकरण

भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों की घोषणा के साथ ही दीपक नगर में कयासों का दौर शुरू हो गया है। इस बार पार्षद चुनाव में भाजपा की फिर जीत होगी या समीकरण बदलेगा। इस पर चर्चा शुरू हो गई है। लोग यह मान रहे हैं कि दोनों दलों के प्रत्याशियों के लिए चुनाव जीतना आसान नहीं होगा। दोनों प्रत्याशियों के पास चुनाव जीतने के लिए कई प्लस पाइंट हैं। अगले 15 दिनों तक चुनाव प्रचार के दौरान दीपक नगर का चुनावी सीन किस तरह बदलेगाघ् कितना बदलेगा। अभी यह कह पाना मुश्किल है। मुकाबला बेहद दिलचस्प होगा यह तय है।

ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी बनाये जाने पर ईडी अशोक को दी भावभीनी विदाई

दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक अशोक कुमार को छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिषन कंपनी के प्रबंध निदेषक बनाये जाने पर क्षेत्रीय मुख्यालय स्थित सभागार में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। दुर्ग रीजन के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री कुमार को एमडी (प्रबंध निदेषक) बनने पर बधाई प्रेशित करते हुए दुर्ग रीजन से भावभीनी विदाई दी। दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक का प्रभार, राजनांदगांव रीजन के ईडी संजय पटेल को दिया गया है। श्री कुमार दुर्ग क्षेत्र में 15 अक्टूबर 2018 से पदस्थ थे। आयोजित कार्यक्रम में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्री कुमार के कार्यकाल के दौरान अर्जित उपलब्धियों एवं अविस्मरणीय पलों को याद किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री कुमार ने राज्य षासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रबंध निदेषक का दायित्व निष्ठापूर्वक पूर्ण करने सदैव प्रयासरत रहेंगे। उन्होंने कहा कि आप लोगो की कर्मठता से ही मैं सफल कार्यकाल निभा पाया और आगे बढ़ पाया। श्री कुमार ने सभी स्टाफको सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि आप सभी के अच्छे कार्यों की प्रेरणा के साथ मैं आगे भी कार्य करता रहूंगा। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेषक राजनांदगांव क्षेत्र संजय पटेल, अतिरिक्त मुख्य अभियंता व्हीके गुप्ता, अधीक्षण अभियंता एसआर बांधे एवं व्हीआर मौर्या, कार्यपालन अभियंता बीके बोरीकर, एडी टंडन, हेमंत ठाकुर, अनिल चेल्ला, आरएन वर्मा, वरिष्ठ लेखाधिकारी वाय कोसरिया एवं अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए सफलतम कार्यकाल के लिए बधाई दी।

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./51/ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सुनीता बाई ठाकरे पति संतोष ठाकरे निवासी ग्राम चंगोरीभाठा तहसील रायपुर जिला रायपुर के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न 55 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 1046 का टुकड़ा रकबा 770 वर्गफुट हे. भूमि जो कि आवेदक/ आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/ आवेदिका के द्वारा प्रथम ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 17.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 30.11.2019. को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गिरीश कुमार पिता स्व. श्री नानक राव निवासी कपड़ा मार्केट न्यू खुर्सीपार भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) के द्वारा ग्राम भिलाई 03 प.ह.न 01 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 89/6 रकबा 0.012 हे. भूमि जो कि शामिलात खातेदारों के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/ आवेदिका के द्वारा प्रथम ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 23.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 06.12.2019. को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 12 तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक मेहत्तरु आ. फूल सिंह निवासी ग्राम गनियारी तह. पाटन जिला दुर्ग ने अपने शामिलात खाते की भूमि मौजा गनियारी प.ह.न. 12 रा.नि.मं. भिलाई 03 तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. 513, 1176 रकबा 0.470, 0.010 हे. पर ऑनलाइन में त्रुटिसुधार कर खसरा नं. 513 का वास्तविक रकबा 0.47 हे. दर्ज किया जाने बाबत् आवेदन पेश किया है। जिस पर किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा पेश करना हो तो व दिनांक 23.12.2019 तक मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित रुप से नियत दिनांक तक आपत्ति पेश कर सकते है। तिथि पश्चात आने वाले आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.11.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग,
कार्यालय मुख्य अभियंता
महानदी गोदावरी कछार, रायपुर (छ.ग.)

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

eprocurement Portal :http://eproc.cgstate.gov.in

(प्रथम आमंत्रण)

सिस्टम निविदा क्र. 59032/निविदा सूचना क्रमांक 25/व.ले.लि./2019-20 दुर्ग, दिनांक05.12.2019

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 26.12.2019 17:30 बजे तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

कार्य का नाम - दुर्ग जिले के विकासखण्ड धमधा की परोड़ा व्यपवर्तन योजना का जीर्णोद्धार एवं नहर का रिमाडलिंग एवं लाईनिंग आर.डी. 0 मी. से 3900 मी. तक साथ ही 03 नग व्ही.आर.बी., 03 नग इनलेट, 04 नग आउटलेट निर्माण कार्य।

अनुमानित लागत - रु. 241.78 लाख

अन्य वितरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट http://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 12.12.2019 समय 17:31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किए जा सकते हैं।

नोट : निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट http://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/ पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

जी-75633/3

कार्यपालन अभियंता, तांदुला जल संसाधन संभाग दुर्ग, कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर छ.ग.

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता ग्राम भिलाई 03 प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. भिलाई 03 तह. पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक पवन सिंह पिता पांडूरंग सूर्यवंशी निवासी नेहरुनगर वार्ड 13 भिलाई 03 द्वारा अपने पिता पांडूरंग सूर्यवंशी का मृत्यु दिनांक 17.05.1985 को हुआ है। जिसका मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्त करने बाबत् है। जिस पर किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा पेश करना हो तो व दिनांक 09.12.2019 तक मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित रुप से नियत दिनांक तक आपत्ति पेश कर सकते है। तिथि पश्चात आने वाले आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 05.12.2019 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी।

मुहर — तहसीलदार, पाटन

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./51/अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भूमेश्वरी रहांगडाले पति मुकेश रहांगडाले निवासी ग्राम खुर्सीपार तह. व जिला दुर्ग के द्वारा मौजा ग्राम अमलेश्वर तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 891 रकबा 1100 वर्गफुट हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदारों के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार तारण बाई पति तिलकचंद बिसेन की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 17.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 30.11.2019. को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./43/ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका विमला पटेल पति टिकेश्वर पटेल निवासी ग्राम सुंदरनगर रायपुर तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.न 08 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 325 रकबा 0.200 हे. भूमि कुल खसरा 1 कुल रकबा 0.200 वर्गफीट भूमि जो कि आवेदक/ आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/ आवेदिका के द्वारा प्रथम ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 17.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 21.11.2019. को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप चौधरी पिता गोपीनाथ निवासी रायपुर तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न 05 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 203 का टु. रकबा 547 वर्गफुट कुल खसरा 1 कुल रकबा 547 वर्गफीट भूमि जो कि आवेदक/ आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/ आवेदिका के द्वारा प्रथम ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 06.01.2020 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 05.12.2019. को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

मा.क्र./क्यू/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक पुरुषोत्तम लाल साकिन कुथरेल तहसील व जिला दुर्ग अपने बहन उषा बाई स्व. दुखित राम साहू की मृत्यु दिनांक 10.08.2001 को हो चुकी है। उक्त संबंध में मृत्यु प्रमाण पत्र चाहा गया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 15.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 30.11.2019 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — कार्यपालिक दण्डाधिकारी, जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, महासमुन्द (छ.ग.)

Phone No 07723-223731, E-mail: eephe-mah-cg@nic.in

नि.सू.क्र.37/व.ले.लि./का.अ./लो.स्वा.यां.खण्ड/20192020 — महासमुन्द, दिनांक 03.12.2019

मैन्यूल पद्धति संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से महासमुन्द जिले के निम्नलिखित ग्रामों व बसाहटों में 1000 एलपीएच क्षमता के इलेक्ट्रोलिटिक डि-फ्लोरीडेशन संयंत्र (सीएसआइआर- नीरी/ सीएसआईआर की तकनीकी पर आधारित) के प्रदाय, स्थापना, कमिशनिंग, परीक्षण कर सफलतापूर्वक चालू करना तथा एक वर्ष के लिए संचालन-संधारण का कार्य मजदूरी, परिवहन तथा समस्त सामग्री व्यय सहित। अंतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु मुहरबंद निविदाएं **प्रपत्र ''एफ'' (लमसम निविदा)** में प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर छत्तीसगढ़ में एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं इलेक्ट्रोलिटिक डि-फ्लोरिडेशन संयंत्र के निर्माताओं/ उनके अधिकृत डीलरों से निर्धारित समय-सारिणी एवं अन्य विवरण अनुसार आमंत्रित की जाती है।

जिसके लिए कोरे निविदा प्रपत्र क्रय करने हेतु आवेदन पत्र खण्ड कार्यालय में प्रस्तुत करने की **अंतिम तिथि 24.12.2019** सायं 5.30 बजे तक है। सभी समूहों की अमानत राशि **रु. 7200.00** है। निर्धारित समय के पश्चात आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किये जावेंगे।

क्रमांक	कार्य का विवरण	अनुमानित लागत (रु. लाख में)
1	विकासखण्ड महासमुन्द के ग्राम जिवतरा	9.56
2	विकासखण्ड महासमुन्द के ग्राम जिवतरा (कमारपारा)	9.56
3	विकासखण्ड महासमुन्द के ग्राम झिलमिला	9.56
4	विकासखण्ड महासमुन्द के ग्राम नांदगांव (पाटिलबाहरा)	9.56
5	विकासखण्ड महासमुन्द के ग्राम सलिहाभाठा	9.56
6	विकासखण्ड महासमुन्द के ग्राम सलिहाभाठा (आदिवासीपारा)	9.56
7	विकासखण्ड महासमुन्द के ग्राम तोरला	9.56
8	विकासखण्ड महासमुन्द के ग्राम तोरला पडाव	9.56
9	विकासखण्ड बागबाहरा के ग्राम चरौदा	9.56
10	विकासखण्ड बागबाहरा के ग्राम डोंगरीपाली	9.56
11	विकासखण्ड बागबाहरा के ग्राम जूनवानी खुर्द	9.56
12	विकासखण्ड बाहबाहरा के ग्राम मोहंदी (टिकरापारा)	9.56
13	विकासखण्ड बसना के ग्राम चनाट	9.56
14	विकासखण्ड सरायपाली के ग्राम दर्राभाठा	9.56
15	विकासखण्ड सरायपाली के ग्राम कोकड़ी	9.56

निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी- जैसे पात्रता की शर्तें, मानदण्ड, प्राक्कलन इत्यादि अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन समय में देखी जा सकती है।

जी-75643/3

कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड महासमुन्द (छ.ग.)

■ न्यूज गैलरी

समेकित क्षेत्रीय केन्द्र में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस

राजनांदगांव। अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस 3 दिसम्बर समेकित क्षेत्रीय केन्द्र राजनांदगांव में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में सीआरसी द्वारा चिन्हित 12 दिव्यांगजनों को कृत्रिम पैर, कैलीपर, स्मार्ट फोन, टैबलेट, एमआर किट आदि निःशुल्क प्रदान किया गया।

9 दिसम्बर को आयोजित प्लेसमेंट कैम्प निरस्त

गरियाबंद । जिला रोजगार कार्यालय परिसर गरियाबंद में 09 दिसम्बर, सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया था। उक्त तिथि को प्रस्तावित प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है।

पैड न्यूज पर कड़ी नजर रखने समिति गठित

राजनांदगांव। नगरीय निकाय आम चुनाव के तहत् पार्षद पद का चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों द्वारा दिए जाने वाले पैड न्यूज की कड़ी निगरानी की जाएगी। इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जयप्रकाश मौर्य की अध्यक्षता में मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। समिति पार्षद प्रत्याशी के प्रिंट मीडिया, इलेक्ट्रानिक, केवल नेटवर्क, वेब चैनल और सोशल मीडिया में प्रकाशित और प्रसारित समाचारों की बारिकी से मॉनीटरिंग करेगी।

नगरीय निकायों के लिए नियुक्त प्रेक्षक पहुंच गए

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकाय आम चुनाव के संदर्भ में जिले के नगरीय निकायों में चुनाव संचालन के प्रेक्षण के लिए प्रेक्षक नियुक्त किए गए हैं। अपर आयुक्त रायपुर संभाग एलएस केन को नगर पालिक निगम राजनांदगांव, नगर पंचायत डोंगरगांव तथा नगर पंचायत छुरिया के लिए प्रेक्षक बनाया गया है। इसी प्रकार सचिव राजस्व मंडल छत्तीसगढ़ बिलासपुर ओपी सिंह को नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़, नगर पंचायत गंडई, नगर पंचायत छुईखदान तथा नगर पंचायत अंबागढ़ चौकी के लिए प्रेक्षक बनाया गया है।

दिग्विजय महाविद्यालय में मना नौसेना दिवस

राजनांदगांव। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के एनसीसी नेवल विंग के तत्वावधान में नौसेना दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कैडेटस के लिये विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया गया एवं मार्च पास्ट किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीएन मेश्राम ने अपने उद्बोधन में सभी कैडेटस को नौसेना दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

कलेक्टर ने किया कोरचाटोला चेक पोस्ट का निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने धान के अवैध परिवहन को रोकने के लिए महाराष्ट्र की सीमा क्षेत्र में अंबागढ़ चौकी विकासखंड के कोरचाटोला में बनाए गए चेक पोस्ट बेरियर का निरीक्षण किया। श्री मौर्य ने वहां संधारित पंजी का अवलोकन किया। उल्लेखनीय है कि दूसरे राज्यों से अवैध धान के परिवहन को रोकने के उद्देश्य से जिले के सीमावर्ती 6 स्थानों पर चेक पोस्ट लगाकर सघन जांच की जा रही है।

क्षेत्र के किसान फसल कटाई-मिंजाई में हुए व्यस्त, खेतों में भी चुनावी चर्चा

नवप्रदेश संवाददाता

लवन। सहकारी समितियों में 01 दिसम्बर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शुरू हो गई है। क्षेत्र के अधिकतर किसान अपनी फसल की कटाई-मिंजाई कर धान को सीधे खरीदी केन्द्रों में जा रहे है। अंचल में धान की कटाई व मिंजाई का काम अंतिम चरण पर है। इन दिनों ज्यादातर किसान खेत खलिहानों में नजर आ रहे है। गांवों में आज भी पारंपरिक पद्वति से किसान धान कटाई और ढुलाई कर रहे है। किसान अपने बैलगाड़ियों और अन्य साधनों से धान को खलिहानों तक पहुंचाने में लगे है। किसान अपनी फसल को काटकर जल्द ही सुरक्षित कर लेना चाहते है, जिससे फसलों की मिंजाई कर उसे सहकारी समितियों में समर्थन मूल्य पर बेच सकें। यही वजह है कि किसान गांव और घरों में कम और खेत खलिहानों में ज्यादा दिखाई दे रहे है। इन दिनों गांवों में सन्नाटा पसरा है। सुबह से ही किसान अपने खेतों की ओर रूख कर रहे है जो देर शांम तक अपने घर वापस आ रहे है।

वही धान की फसल कटाई मिंजाई के लिए मजदूरों की समस्या बनी हुई है, किसानों को मजदुर नहीं मिल पा रहे है। किसान अपनी धान की फसल काटकर जल्द से जल्द सहकारी समितियों में बेचना चाह रहा है, लेकिन मजदूर के अभाव में किसानों को इंतजार करना पड़ रहा है। वही क्षेत्र के गांव कोरदा में किसान अपनी धान की फसल को काटकर खेतों में ही सहेजकर रख रहे है, कुछ दिनों बाद खेतों से रास्ता बनने के बाद खेत-खलिहान से सीधे उपार्जन केन्द्र पर धान की फसल को बेचते है। इस गांव में खेती का कार्य बहुत पिछड़ा रहता है, यहां मध्यम व सम्पन्न किसान ज्यादा होने की वजह से किसान अपनी धान की फसल को सही समय पर सहेज नहीं पाता है।

अलंकार ज्वेलर्स में उठाईगिरी की घटना के मामले का खुलासा

■ अंतर्राज्जीय चोर गिरोह के 2 आरोपी गिरफ्तार

■ आरोपियों के द्वारा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल के साथ-साथ एक अन्य मोटर सायकिल दुर्ग-भिलाई से की गई थी चोरी

राजनांदगांव। 4 नवंबर 2019 को प्रार्थी अलंकार ज्वेलर्स के संचालक राजेन्द्र कुमार चोपड़ा आ. पारसमल चोपड़ा उम्र 57 वर्ष निवासी अलंकार ज्वेलर्स नंदई रोड राजनांदगांव नें रिपोर्ट दर्ज कराया कि शाम में करीबन 6.30 बजे के आसपास एक युवक उसकी दुकान में आया और सोने की अंगुठी दिखाने को बोला। दुकान में अन्य ग्राहक होने से अंगुठी का ट्रे निकाल कर उसे देखने के लिए दिया था जो कि कुछ देर तक अंगुठी पसंद करने का झांसा देकर कुल 12 नग अंगुठी ट्रे सहित चोरी कर भाग गया। बाहर उसका एक अन्य साथी एक काले रंग की पल्सर मोटर सायकल में खड़ा था जिसके साथ भाग गया। रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 471/2019 धारा 379 भादंवि का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

उक्त घटना की सूचना को गंभीरता से लेते हुये वरिष्ट पुलिस अधीक्षक बीएस ध्रुव के निर्देशन में अति. पुलिस अधीक्षक यूबीएस चौहान में एवं नगर पुलिस अधीक्षक एसएस शर्मा के मार्गदर्शन में एवं निरीक्षक राजेश साहू थाना प्रभारी बसंतपुर तथा उप निरीक्षक भोला सिंह प्रभारी तकनीकी शाखा के नेतृत्व एक संयुक्त टीम बनाकर माल-मुल्जिम की शीघ्र पतासाजी हेतु लगाया गया। टीम द्वारा घटना स्थल का सूक्ष्मता से निरीक्षण किया गया। प्रार्थी की दुकान की सीसीटीवी कैमरा एवं घटना स्थल के आसपास के व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों का अवलोकन करने पर दोनो आरोपी व्यक्तियों का फुटेज प्राप्त हुआ जिसे सोशल मिडिया पर व्हाट्सएप के माध्यम से विभिन्न ग्रुपों में प्रसारित कर पतासाजी की प्रयास की जा रही थी। पतासाजी हेतु विशेष सूत्र भी लगाये गये थे इसी दौरान सूत्रों से पता चला कि उक्त दोनो युवकों के हुलिया से मिलते-जुलते 2 व्यक्ति सदर सराफा लाईन में मोटर सायकल में आये हुये है तथा दुकानदारों से सोने की अंगुठी बेचनें या गिरवी रखने के लिए चर्चा कर रहे है कि सूचना पर टीम द्वारा घेरा बंदी कर उक्त दोनों युवकों को सदर सराफा लाईन में पकड़ा गया जो कि दोनों 2 अलग-अलग मोटर सायकिलों में आये हुये थे।

धर्मनगरी में 24 वार्डो के लिए 94 उम्मीदवारों ने किया पर्चा दाखिल

■ नगर पालिका चुनाव में दोनों पार्टी के होंगे बागी उम्मीदवार,

■ तरुण हथेल का खुला समर्थन रहेगा निर्दलीयों को कई वार्डो में रहेगा त्रिकोणीय टक्कर

डोंगरगढ़ । नगर पालिका परिषद के इस बार होने वाले चुनाव में 24 वार्डो के लिए कुल 94 उम्मीदवारों ने अपना पर्चा दाखिल किया है । कांग्रेस भाजपा के अलावा दोनों पार्टी से डमी व बगावत कर चुनाव लड़ने वाले कई कांग्रेसी व भाजपा के नामों के चुनाव लड़ने के लिए पर्चा दाखिल किए है, परिषद के कुल 24 सीट के लिए इस बार अधिकतर वार्डो में त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना अधिक दिखाई दे रही है । दूसरी ओर नगर पालिका अध्यक्ष तरुण हथेल वार्ड नम्बर 6 से निर्दलीय पर्चा दाखिल करने से कांग्रेस भाजपा दोनों पार्टी सकते में है । एक अनुमान के मुताबिक चर्चा है कि तरुण हथेल पुरे 24 वार्डो में मजबूत निर्दलीय उम्मीदवार को खुला समर्थन देकर सपोर्ट करेंगे जिसके चलते अधिकतर वार्डो में मुकाबला त्रिकोणीय देखने को मिलेगा । प्रदेश में कांग्रेस सरकार व स्थानीय विधायक कांग्रेस के होने के चलते नामांकन के आखरी दिन पार्टी के उम्मीदवारों का पर्चा दाखिल विधायक भुनेश्वर बघेल सहित पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ पूरे गाजे बाजे के साथ तहसील कार्यालय पहुचें वहीं प्रमुख विपक्षी दल भाजपा अलग थलग अपना पर्चा दाखिल करते देखा गया । शुक्रवार को नामांकन के आखरी दिन होने के चलते तहसील कार्यालय परिसर के अंदर व् बाहर भारी संख्या में लोग उपस्थित थे । कांग्रेस, भाजपा दोनों दलों ने पूरे 24 वार्डो के लिए अपना अधिकृत उम्मीदवारों के नाम लिस्ट जारी कर चुके है । वहीं नपा अध्यक्ष तरुण हथेल पुनः अध्यक्ष पद हथियाने के लिए कौन सा गणित बैठाएंगे इस बात की चिंता ने दोनों प्रमुख पार्टी को परेशान जरूर कर दिया है । ज्ञात हो की विगत पालिका चुनाव में तरुण हथेल ने कांग्रेस, भाजपा उम्मीदवार को पराजित कर निर्दलीय अध्यक्ष चुनाव लड़ नपा अध्यक्ष पद पर कब्जा किया था ।

टुण्डरी में हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन

■ बंशीधर मिश्रा के काव्य संग्रह 'भूतहा लोरी' का हुआ विमोचन

कसडोल। शानदार रहा समीपस्थ ग्राम टुण्डरी में गुरुवार की रात्रि आयोजित हास्य कवि सम्मेलन एवं पुस्तक विमोचन समारोह का कार्यक्रम। सरस्वती शिशु मंदिर टुण्डरी के संचालक बुधराम कश्यप के संयोजन और नीलू वैष्णव तथा वीरेंद्र कर्ष के सहसंयोजन में दुर्गा पंडाल नाका चौक मेन रोड टुण्डरी में आयोजित कवि सम्मेलन में 2 बजे रात तक श्रोताओं की खचाखच उमड़ी रही। माननीय चंद्रदेव रॉय, विधायक विंधानसभा बिलाईगढ़ के मुख्य आतिथ्य में बतौर विशिष्ट अतिथि यूसुफ खान अध्यक्ष नगर पंचायत बिलाईगढ़, हेमंत दुबे, सभापति प्रतिनिधि जिला पंचायत बलौदाबाजार, ताराचंद देवांगन ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी सरसींवा, विक्रांत साहू, परमानंद साहू सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित रहे। इस दौरान आमंत्रित कवियों एवं समस्त अतिथियों द्वारा सर्वप्रथम माँ शारदे की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत हुई। तत्पश्चात मुख्य विधायक श्री रॉय ने अपने उदबोधन में कविता की महत्ता और इस श्रेष्ठ आयोजन के संबंध में आयोजकों को बधाई अंचल के ख्यातिलब्ध कवि बंशीधर मिश्रा जी के प्रारंभिक संघर्ष से लेकर प्रथम काव्य संग्रह ÷भूतहा लोरी÷ तक की साहित्यिक यात्रावृतांत से परिचित कराते हुए शुभकामनाएं ज्ञापित किये। तत्पश्चात समस्त अतिथियों, आयोजकों एवं कवियों के शुभ कर कमलों से मिश्रा जी के पुस्तक का विमोचन किया गया।

कवि सम्मेलन के मुख्य आकर्षण रहे देश के नामचीन कवियों में शुमारी रखने वाले बिलाईगढ़ के प्रसिद्ध हास्य कवि बंशीधर मिश्रा जिनके माईक संभालते ही श्रोतागण ठहाकों से उछल पड़े। उन्होंने आम जीवन से जुड़े ढेर सारे मुद्दों पर टिप्पणी करते हुए खूब तालियाँ बटोरकर इस कड़कती ठंड में भी गर्माहाट का माहौल उत्पन्न कर दिया और फिर जी टीवी के कवि युद्ध में प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर चुकी बेमेतरा से आई मंच की एकमात्र कवयित्री श्रीमति दिव्या दुबे ने मां वीणापाणि की वंदना से कार्यक्रम का विधिवत शुरुआत किया।

कलेक्टर ने किया 'कबाड़ से जुगाड़ प्रदर्शनी' का अवलोकन

■ स्कूली बच्चों ने कबाड़ से बनाये कई उपयोगी सामग्री

बलौदाबाजार । कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज यहां पण्डित चक्रपाणि स्कूल में स्कूली बच्चों द्वारा कबाड़ से जुगाड़ योजना के तहत लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला स्तरीय प्रदर्शनी सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। स्कूली बच्चों ने अपने घर एवं आस-पास के अनुपयोगी सामग्री से इस्तेमाल योग्य सामान बनाकर प्रतिभा का परिचय दिया। योजना के अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम तीन टीमों का चयन किया गया था। इस प्रकार जिले की विकासखण्ड के चयनित लगभग 18 स्कूली टीमों ने सैकड़ों बच्चों ने प्रदर्शनी में हिस्सा लिया। अपर कलेक्टर श्री जोगेन्द्र नायक भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

जिला स्तरीय प्रदर्शनी का प्रथम पुरस्कार भाटापारा विकासखण्ड, दूसरा सिमगा विकासखण्ड एवं तीसरा पुरस्कार बलौदाबाजार विकासखण्ड को प्राप्त हुआ। विशेष पुरस्कार भाटापारा के पंचम दीवान स्कूल के विज्ञान शिक्षक श्री केशव राम वर्मा को दिया गया।

स्वच्छता पखवाड़ा के तहत निकाली रैली

उतई। सीआईएसएफकेंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल द्वारा दिनाँक 01 से 15 दिसंबर तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आईजी मध्य खंड, डीआईजी मध्य क्षेत्र मुख्यालय एवं तृतीय आरक्षित वाहिनी भिलाई के बल सदस्यों ने आज मैत्री बाग़ भिलाई में प्लॉगिंग रन अभियान के तहत सभी सीआईएसएफ के जवानों और अधिकारियों ने मैत्री बाग़ के कर्मचारियों के साथ जॉगिंग करते हुए प्लास्टिक कचड़े को एकत्रित किया। और उसका निस्तारण किया। सरकार द्वारा चलाये जा रहे प्लास्टिक मुक्त भारत की मुहिम के साथ इस अवसर पर सीआईएसएफ के कमांडेंट पवन कुमार, रवि कुमार शुक्ल, डिप्टी कमांडेंट प्रणव कुमार मुकेश कुमार असिस्टेंट कमांडेंट विश्वजीत पुरकैत सहित अधीनस्थ अधिकारियों और जवानों ने हिस्सा लेकर स्वच्छ भारत अभियान को सार्थक सिद्ध करने में अपना योगदान दिया।

तनावमुक्त जीवन एवं सकारात्मक सोच के लिए योग जरूरी : पटेल

■ गुणात्मक कार्य संस्कृति, तनाव एवं समय प्रबंधन पर केन्द्रित दो दिवसीय कार्यषाला संपन्न

राजनांदगांव। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव क्षेत्र के पारीनाला स्थित प्रशासनिक भवन के प्रषिक्षण केन्द्र में विद्युत कर्मियों के लिए गुणात्मक कार्य संस्कृति, तनाव एवं समय प्रबंधन के लक्ष्य पर केन्द्रित दो दिवसीय कर्मचारी विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आज इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन राजनांदगांव क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक संजय पटेल के मुख्य अतिथ्य में संपन्न हुआ। पॉवर कंपनी एवं राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड रायपुर के तत्वाधान में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर संबोधित करते हुए कार्यपालक निदेशक संजय पटेल ने कहा कि तनावमुक्त जीवन एवं सकारात्मक सोच के लिए योग बहुत ही उपयोगी है। तनाव से आप जितना दूर रहोगे उतने ही अच्छे परिणाम आपके कार्य में देखने मिलेगा। ऐसे प्रशिक्षणों का आयोजन आपको प्रोत्साहित करने और दैनिक क्रियाकलाप में ताजगी प्रदान करने के लिए किया जाता है।

कलेक्टर मौर्य लगातार कर रहे धान उपार्जन केन्द्रों का निरीक्षण

राजनांदगांव। कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी व्यवस्था का जायजा लेने लगातार निरीक्षण कर रहे हैं। उन्होंने निरीक्षण दौरे में जाते समय कुमरदा में फर्म अंबे ट्रेडर्स का भी आकस्मिक निरीक्षण किया। श्री मौर्य ने वहां पर स्टॉक पंजी की जांच भी की। कलेक्टर ने धान खरीदी व्यवस्था की निगरानी के लिए बनाए गए उड़नदस्ता को अंबे ट्रेडर्स के स्टॉक की जांच करने के निर्देश दिए। मौके पर ही उड़नदस्ता के सदस्य पहुंच गए। जांच में उड़नदस्ता दल द्वारा स्टॉक का सत्यापन किया गया। जांच में स्टॉक सही पाया गया। उड़नदस्ता के सदस्यों ने बताया कि फर्म अंबे ट्रेडर्स लायसेंसी थोक कारोबारी है।

कलेक्टर श्री मौर्य निरीक्षण दौरे में छुरिया विकासखंड के कुमरदा धान उपार्जन केन्द्र के निरीक्षण के लिए जाते समय मेन रोड के नजदीक फर्म अंबे ट्रेडर्स में धान की तौलाई और धान की बोरियां रखी देख अचानक वाहन से उतर कर अंबे ट्रेडर्स का निरीक्षण किया। वहां धान तौलाई कर रहे लोगों से चर्चा करने के बाद ट्रेडर्स के अंदर जाकर गोदाम का भी अवलोकन किया।

आयोजन | नर्तक दलों के साथ मुख्य अतिथि श्री कमरो भी थिरके

संभाग स्तरीय नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल मैनपुर में सम्पन्न

गरियाबंद। गरियाबंद जिले के विकासखण्ड मुख्यालय मैनपुर में आज संभाग स्तरीय नेशनल ट्रायबल डांस फेस्टिवल संपन्न हुआ। आयोजन में रायपुर संभाग के चार जिले क्रमशः धमतरी, महासमुंद, बलौदाबाजार और गरियाबंद जिले के 11 दलों ने अपनी नयनाभिराम मनमोहक प्रस्तुति से खुब तालिया बटोरी। कलाकरों ने अपने गीत एवं नृत्य के माध्यम से आदिवासी संस्कृति, रीति रिवाज, पूजा-अर्चना का बखूबी प्रदर्शन किये। महोत्सव के मुख्य अतिथि सरगुजा क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष, राज्य मंत्री गुलाब कमरो गरियाबंद जिले के नर्तक दलों द्वारा कमार जनजाति के रीति रिवाज पर आधारित नृत्य-गीत की प्रस्तुति पर अपने आप को रोक नहीं पाये और मंच पर कलाकारों के साथ खूब थिरके। संभाग स्तरीय इस आयोजन में बलौदाबाजार जिले से जय बगदाई सुवा नृत्य दल, खैरादाई सुवा दल केसला, धमतरी जिले से शासकीय महाविद्यालय धमतरी के कलाकारों द्वारा फसल कटाई, जय गढ़िया बाघा आदिवासी लोकनृत्य दल, नेहरू युवा केन्द्र धमतरी परब गीत नृत्य, जय निरई माता दल, महासमुंद जिले से जय गौरा गौरी सुआ नृत्य दल छपोराडीह, जय मां शमलेश्वरी कर्मा पार्टी बेलडीह तथा गरियाबंद जिले से जय बुढ़ादेव मादरी दल कोकड़ी-मैनपुर, कमार नृत्य दल देवरी विवाह नृत्य और भुंजिया नृत्य दल टेंवारी के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुति दी।

मुख्य अतिथि श्री कमरों ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि आदिवासी संस्कृति को पहचान दिलाने वाला छत्तीसगढ़ पहला राज्य है। प्रदेश में विलुप्तप्राय आदिवासी संस्कृति को पुनर्जीवित करने प्रदेश सरकार का यह अभिनव पहल है। उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि वे अपनी सभ्यता और संस्कृति को वर्तमान परिवेश भी कायम रखे।

धान खरीदी केन्द्रों मे स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

गरियाबंद। जिला मुख्यालय गरियाबंद से 15 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम-मदनपुर के धान खरीदी केन्द्र में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाकर किसानों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। विदित हो कि स्वास्थ्य विभाग के जिला स्तरीय टास्क की बैठक में कलेक्टर श्याम धावड़े द्वारा सभी हॉट बाजार के साथ धान खरीदी केन्द्रों में भी स्वास्थ्य शिविर लगाने हेतु निर्देश दिए गए थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन. आर. नवरत्न से मिली जानकारी अनुसार जिले के सभी धान खरीदी केन्द्रों में स्वास्थ्य शिविर लगाया जा रहा है, जिसमें किसान अपने धान विक्रय के साथ रक्तचाप, मधुमेह की जांच करा रहे हैं। जिला स्तरीय अधिकारियों द्वारा इसकी मॉनिटरिंग भी की जा रहीं है। मदनपुर के धान खरीदी केन्द्र में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला

मुख्य मार्ग में शराब दुकान, छात्राओं को आवाजाही में हो रही परेशानी

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। जिले के कसडोल-कोट मुख्य मार्ग में स्थापित शराब दुकान स्कूली छात्राओं के लिए परेशानी का सबब बन हुआ है, आपको बता दें कि इस मुख्य मार्ग में सड़क के दोनों किनारों में चखना सेंटर चल रहा है जहां दिनभर शराब पीने पिलाने का खेल चलता रहता है जिसकी वजह से शराबियों की हरकतों से छात्राओं को इस मार्ग से गुजरने में अब डर लगने लगा है। लेकिन इस ओर अभी तक प्रशासन ने किसी तरह का ध्यान नहीं दिया है। कसडोल कोट मुख्य मार्ग में शासकीय शराब दुकान संचालित हो रही है, इस शराब दुकान के आस पास मुख्य मार्ग में दर्जनों चखना सेंटर भी धड़ल्ले से चल रही है जहां दिन भर खुलेआम जाम छलकाने की व्यवस्था होने से इस मार्ग में दिनभर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है, गौरतलब है कि इस मुख्यमार्ग से सैकड़ों स्कूली छात्राएं रोज आना जाना करती है और दिनभर शराबियों की आवाजाही की वजह से छात्राओं को इस मार्ग से गुजरने में अब डर लगता है छात्राओं का साफतौर पर कहना है कि स्कूल से घर वापसी के समय काफी शाम हो जाती है और शराबी मार्ग में गाली गलौज सहित छींटाकशी करते रहते हैं जिससे उन्हें आने जाने में असहज महसूस होता है, वहीं परिजनों का कहना है कि इस मुख्य मार्ग में शराब दुकान ही नहीं होना चाहिए, इस मार्ग में शराब दुकान होने की वजह से कुछ लोगों ने तो अपना रास्ता ही बदल दिया है, इस मार्ग में शराब दुकान होने की वजह से छात्रों के मन में डर समाया हुआ है। जिससे प्रशासन को तत्काल यहाँ से शराब दुकान को हटाना चाहिए।

इनका कहना है

शराब की दुकान यहाँ पर होना ही नही चाहिए, क्योंकि यह मार्ग में महिलाओं का आना जाना लगा रहता है, लेकिन प्रशासन के अनदेखी के कारण यहाँ अवैध चखना सेंटरों पर कार्रवाई नही हो रही है।

-विपिन मिश्रा, ग्रामीण

इस मार्ग में शराब दुकान संचालित होने के कारण दिनभर शराबियों का अड्डा बना रहता है जिससे ग्रामीणों के आवाजाही में काफी परेशानी होता है।

-संतोष साहू, ग्रामीण

निश्चित ही मामला गंभीर है यदि उस मार्ग में नौनिहाल बच्चे पढ़ाई करने कसडोल कन्या स्कूल आ रहे है तो चुनाव के बाद जो भी कार्रवाई होगी कि जाएगी।

-टेकचंद अग्रवाल, एसडीएम, कसडोल

सुंदर सिंह ध्रुव ने भरा नामांकन

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। भारतीय जनता पार्टी मण्डल कसडोल में शनिवार को निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल कर चुके सेवानिवृत्त सुंदर सिंह ध्रुव ने वार्ड 5 के भाजपा प्रत्याशी को समर्थन देकर भाजपा की सदस्यता ली। इस दौरान जिलाध्यक्ष डॉ सनम जांगडे, डॉ अजय राव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, टेसुलाल धुरन्धर भाजपा नेता, राजकुमार जायसवाल जिला उपाध्यक्ष, श्रीमती श्यामबाई साहू प्रदेश मंत्री महिला मोर्चा, कृष्ण कुमार पटेल मण्डल अध्यक्ष, संतोष देवांगन महामंत्री, सुदीप मानिकपुरी कोषाध्यक्ष, प्रदीप मिश्रा की उपस्थिति में पार्टी में विधि विधान के साथ प्रवेश किया। इसके साथ ही वार्ड 5 के प्रत्याशी को जिताने का निर्णय लिया।

विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

बिलाईगढ़। तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण बिलाईगढ़ के द्वारा गत दिवस माहुलडीह में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। प्राप्त समाचार के अनुसार तालुका विधिक सेवा प्राधिकरण बिलाईगढ़ के पैनल लायर्स, रिमांड अधिवक्ता एवं प्रति धारक अधिवक्ताओं के द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदा बाजार के निर्देशानुसार विभिन्न महत्वपूर्ण घोषित शासकीय दिवस एवं मासिक विधिक साक्षरता शिविर कर क्षेत्र के लोगों एवं स्कूलों में छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण विधिक जानकारियां दिया जा रहा है। इसी के तहत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150वीं जयंती समारोह कार्यान्जली,कार्य योजना के तहत पौधारोपण, मद्य निषेध नशा उन्मूलन, अपृश्यता निवारण, गरीबी उन्मूलन तथा सामाजिक बुराइयों के निवारण एवं महिलाओं से संबंधित विशेष विधिक शिविर तथा 1 दिसंबर 2019 को विश्व एड्स दिवस पर विधिक शिविर का आयोजन माहुलडीह में किया गया।

73 नामांकन वैध, 1 हुई निरस्त

नवप्रदेश संवाददाता

उतई। नगर पंचायत उतई में 21 दिसम्बर को होने वाले पार्षद चुनाव के लिये कुल प्राप्त 74 अभ्यर्थियों के नामांकन पत्र की जांच शनिवार सुबह रिटर्निंग आफिसर खेमलाल वर्मा द्वारा की गई। जिसमे 73 नामांकन वैध पाए गए। सिर्फ वार्ड 12 से नवीन भारती का नामांकन निरस्त किया गया। नवीन भारती ने अपनी उम्र 23 साल बताया था।जबकि मतदाता सूची के हिसाब से उनकी उम्र 19 साल है। स्कूटनी के दौरान अगर इनके द्वारा 21 साल पूरा करने का प्रमाण पत्र ले आते तो इनका नामांकन स्वीकार कर लिया जाता।लेकिन नवीन भारती शनिवार को स्कूटनी के दौरान उपस्थित नही हुए।न ही दस्तावेज उपलब्ध कराया गया।जिसके कारण उनका नामाकन निरस्त कर दिया गया। रिटर्निंग आफिसर खेमलाल वर्मा ने बताया कि 15 पार्षद पद हेतु कुल 88 लोगों ने नामांकन पत्र खरीदा।जिसमें 14 लोगों ने नामांकन पत्र नही भरा। शनिवार को स्कूटनी के बाद 73 लोगो के नाम निर्देशन पत्र विधि मान्य पाए गए है।

उमरपोटी में विभिन्न विकास कार्यों का हुआ लोकार्पण

उतई। ग्राम पंचायत उमरपोटी में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन समारोह 8 दिसंबर रविवार को 3 बजे से किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गृह, जेल, लोकनिर्माण मंत्री ताम्रध्वज साहू होंगे। अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष माया बेलचंदन करेंगी। पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, जिला पंचायत के पूर्व सभापति केशव हरमुख, जनपद सदस्य राजकुमार मांडले विशेष अतिथि होंगे। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी क्रमांक 4 में भवन निर्माण 5 लाख, शीतला मंदिर में मंच निर्माण 1.50 लाख, व्यवसायिक परिसर 8.92 लाख, पीडीएफ भवन 7.77 लाख, कांजी हौस निर्माण 3.32 लाख, मुक्तिधाम शेड निर्माण 4.79 लाख, प्राथमिक शाला स्कूल प्रांगण सौंदर्यीकरण 4 लाख, समुदायिक भवन में ओपन जिम निर्माण 6.50 लाख, चंद्र नगर व लोकनगर में सीसी रोड निर्माण 15 लाख जैसे कार्यो का भूमिपूजन व लोकार्पण किया जाएगा।

डोंगीतराई में खाद गोदाम का भूमिपूजन

साजा। सेवा सहकारी समिति मर्यादित साजा के आश्रित ग्राम डोंगीतराई के बलराम वाटिका में 14 लाख रुपये की लागत से 50 प्रतिशत अनुदान योजना अंतर्गत 200 मैट्रिक टन खाद गोदाम निर्माण का भूमिपूजन जनपद पंचायत अध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष वर्मा, समिति अध्यक्ष कृष्णा राठी, उपाध्यक्ष बल्ला पटेल, महिला उपाध्यक्ष चित्ररेखा वर्मा, संचालक सदस्य उमाशंकर साहू, पूर्व सरपंच बलकरण धुर्वे, कांग्रेस नेता धनराज पवार, समिति प्रबंधक सतीश यादव ने प. कमलाकांत मिश्रा के मार्गदर्शन में विधि विधान पूर्वक भूमि का पूजन कर 5 कुदाली लगा सम्पन्न किया गया।

नाबलिग युवती ने की खुदखुशी

कसडोल। कसडोल विकासखंड के ग्राम नरधा में नाबलिग युवती ने शनिवार को सिलिंग पंखा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना सुबह 11:30 की बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार युवती कक्षा 10वी की छात्रा थी। घटना के बाद मौके पर पुलिस पंहुचकर मामले की छानबीन कर रही थी वही पुलिस ने जांच के बाद मृतक के शव को पीएम कराकर अंतिम संस्कार करने के लिए परिजनों को सौंप दिया है।

सटोरिया पकड़ाया

महासमुंद। एनएच-53 पर मेमरा चौक के पास सट्टा खिलाते एक युवक को पिथौरा पुलिस ने पकड़ा। पुलिस ने बताया कि गुरूवार शाम साढ़े 7 बजे सट्टा खिलाने की सूचना पर लाखागढ़ निवासी शैलेंद्र उर्फ शैलू कोसरिया से सट्टा-पट्टी व नगदी 1 हजार रुपए बरामद की। जिस पर सट्टा एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

जहर सेवन कर अधेड़ ने दी जान

महासमुंद। अधेड़ ने जहर सेवन कर जान दे दी। बसना पुलिस ने बताया कि जगत निवासी कैलाशचंद्र (50)ने जहर सेवन कर लिया था। परिजनों ने उपचार के लिए उन्हे सीएचसी बसना में भर्ती कराया था, जहां उपचार के दौरान गुरूवार को उन्होने दम तोड़ दिया। बताया जाता है कि अधेड़ शराब पीने का आदी था। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

निकाय चुनाव के लिए प्रेक्षक नियुक्त

महासमुंद। नगरपालिका निर्वाचन 2019 के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा महासमुन्द जिले की नगरपालिका परिषद् महासमुन्द, नगरपालिका परिषद् बागबाहरा एवं नगर पंचायत तुमगांव के लिए श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी की नियुक्ति प्रेक्षक के रूप में की गई है। नगरीय निर्वाचन के दौरान आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन एवं मतदाताओं को किसी भी प्रकार का प्रलोभन देने एवं अन्य निर्वाचन संबंधी शिकायत प्रेक्षक के मोबाइल नम्बर 90091-57223, 98261-12394 पर किया जा सकता है।

किसान पारम्परिक ढंग से कर रहे पैरादान

नवप्रदेश संवाददाता

धमतरी। सुराजी गांव योजना के क्रियान्वयन में ग्राम पोटियाडीह के किसान अपनी महती भूमिका निभा रहे हैं। एक ओर जहां धान की फसल कटने के बाद अवशेष के रूप में बचे पैरा को गौठान में किसानों के द्वारा दान किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीणों के द्वारा पैरा का परिवहन पारम्परिक साधन बैलगाड़ी से किया जा रहा है। इस तरह छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के साथ-साथ फसल अवशेषों (पैरा) को गौठानों में पहुंचाकर सीमित संसाधनों से सदुपयोग का संदेश भी दे रहे हैं।

जिला मुख्यालय से महज 11 किलोमीटर दूर धमतरी विकासखण्ड के ग्राम पोटियाडीह के किसान पैरा दान के कार्य को बखूबी से अंजाम दे रहे हैं। कृषि, पंचायत एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों के द्वारा सतत् फसल अवशेष नहीं जलाने तथा पैरा दान के लिए लगातार प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है, जिसका व्यापक और सकारात्मक असर जिले के किसानों पर पड़ रहा है। खेतों में पैरा जलाने की दुष्प्रवृत्तियों एवं उससे होने दुष्परिणामों के बारे में जानकारी देने के साथ-साथ पैरा दान की समझाइश लगातार दी जा रही है। इस दौरान कतिपय ग्रामीणों ने खेतों से गौठानों तक पैरा लाने के लिए परिवहन की समस्या से अवगत कराया कि ट्रैक्टर आदि वाहनों से परिवहन करने पर ईंधन और ट्रैक्टर के किराए का खर्च काफी आ सकता है। इस पर बैलगाड़ी से पैरा परिवहन किए जाने का सुझाव ग्रामीणों को दिया गया, जिससे उन्होंने सहमति प्रकट की।

आरोपियों को अपने पाप का सजा मिला : गजेंद्र

नवप्रदेश संवाददाता

कसडोल। हैदराबाद में हुई सामूहिक दुष्कर्म और हत्याकांड के बाद से ही पूरा देश गुस्से से उबल रहा है, आपको बता दें कि सुबह हैदराबाद पुलिस आरोपी को घटनास्थल पर शिनाख्ती के लिए ले गयी थी जहां पर भागने की कोशिश करते हुए सभी चारों आरोपियों को पुलिस ने एनकाउंटर कर मार गिराया। हैदराबाद में हुई पुलिस की कार्यवाही के बाद कसडोल महाविद्यालय की छात्राओं ने एक स्वर में कहा कि आज इंसान की शक्ल में समाज में खुलेआम भेड़िये घूम रहे है जिनके मन में नियम और कानून को लेकर कहीं कोई डर नहीं है ऐसे लोगों के साथ ऐसा ही होना चाहिए और इनके लिए कहीं कोई कोर्ट में ट्रायल नहीं होनी चाहिए बल्कि इनको सीधे ही मार देना चाहिए। देश में लगातार बढ़ रही सामूहिक दुष्कर्म और यौन अपराधों को लेकर लगातार कड़े कानून बनाये जाने की मांग उठती रही है, दिल्ली में 2012 में हुई निर्भया कांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था जिसके बाद देश में बलात्कार की सजा को बढ़ाया गया था लेकिन सजा बढ़ाने के बाद भी देश में सामूहिक दुष्कर्म और हत्या जैसे मामले लगातार सामने आ रहे है। बीते 28 नवम्बर को हैदराबाद में हुई घटना ने एक बार फिर पूरे देशवासियों के मन में आक्रोश पैदा कर दिया और अब देशवासी एक स्वर होकर सरकार से यही मांग कर रहे है बलात्कारियों को सीधे चौराहे पर फांसी देनी चाहिए। कसडोल दौलतराम शर्मा महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ एच के एस गजेंद्र ने मीडिया से कहा कि आरोपियों को अपने पाप का सजा मिला है इन्हें उसी जगह पर सजा मिला है जहाँ से इन रेपिस्टों ने मासूम के साथ जघन्य अपराध किया था मेरा मीडिया के माध्यम से देश की कानून व्यवस्था से गुहार है कि ऐसे आरोपियों के साथ जल्द से जल्द कार्रवाई हो और मानवाधिकार का किसी तरह लाभ इन्हें नही दिया जाना चाहिए। जिससे इन्हें कड़ी से कड़ी सजा मिल सकें।

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं JOGINDER DAWANI S/O REVACHAND DAWANI निवासी STATION WARD BHATAPARA, DIST. BALODABAZAR (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम JOGENDAR SINGH DAWANI S/O REVACHAND DAWANI रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम JOGENDAR SINGH DAWANI S/O REVACHAND DAWANI से ही जाना पहचाना जावे।

JOGENDAR SINGH DAWANI
STATION WARD BHATAPARA, DIST. BALODABAZAR (C.G.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं JIGYESH KUMAR THAKKAR S/O GANGA RAM THAKKAR निवासी H NO-13 SARDAR VALLABH BHAI PATEL WARD GUJRATI COLONY DHAMTARI (C.G.) यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम JIGYESH THAKKAR S/O GANGA RAM THAKKAR रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में मेरे नये नाम JIGYESH THAKKAR S/O GANGA RAM THAKKAR से ही जाना पहचाना जावे।

JIGYESH THAKKAR
H NO-13 SARDAR VALLABH BHAI PATEL WARD GUJRATI COLONY DHAMTARI (C.G.)

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा कालोनी वीरसावरकर नगर हीरापुर रायपुर में निर्मित एलआईजी-I योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. एमआईजी-I/1097 में श्री विवेक सरावगी पिता श्री रामाप्रसाद सरावगी को स्ववित्तीय/एकमुश्त/ आफर आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा दि. 25/11/10 को लीजडीड/ सेलडीड/ विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा मण्डल से विक्रय अनुमति प्राप्त कर उक्त भवन श्रीमती रंजीता कौर पति श्री दिलबाग सिंग के पक्ष में दिनांक 02/11/2012 को विक्रय कर दिया।

तदउपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड क्रेता श्रीमती रंजीता कौर पति श्री दिलबाग सिंग के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन क्रमांक-3, शंकर नगर पानी टंकी के नीचे,
Email nagarnigamzone3@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 314/19-20
वार्ड का नाम- लालबहादुर शास्त्री-33

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि लालबहादुर शास्त्री-33 वार्ड स्थित मकान/ भूमि/ 33/940 जो कि निगम अभिलेख में श्री अक्षय राम सोना s/o ठाकुरराम सोना के नाम से दर्ज है, जिसको श्री इन्द्रजीत सोना s/o स्व. अक्षयराम सोना रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

दिनांक 07/12/19

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-3
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1, सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर, रायपुर
email ID-eocghbzone1@gmail.com

आम सूचना

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल कबीर नगर कालोनी रायपुर में निर्मित एमआईजी फ्लैट भवन योजना के अंतर्गत भवनों में से भवन क्रमांक 303 ब्लाक-4 तृतीय तल में श्री मणीशंकर सिंह पिता श्री सत्यदेव सिंह को भाड़ाक्रय/ पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक 9.12.14 को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक 20.11.2019 को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन श्री सौरभ कुमार मिश्रा पिता श्री उपेन्द्र प्रसाद मिश्रा के नाम से निष्पादित को विक्रय करने की विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/अर्द्ध शासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/ भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
कबीर नगर, रायपुर

न्यायालय नायब तहसीलदार
अहिवारा तह. धमधा जिला दुर्ग

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नरेन्द्र कोसरे आ. स्व. मोहन कोसरे निवासी ग्राम भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम घटियाखुर्द प.ह.न. 38 रा.नि.मं. दारगांव तहसील धमधा जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 115 रकबा 0.400 हे. लगान 1.00 की भूमि भूमिधारक उत्तराबाई पिता प्रेमचंद के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। खातेदार उत्तराबाई पिता प्रेमचंद का मृत्यु दिनांक 21.10.2019 को हो गया है। अतः मृतक के विधिक वारिसानों के नाम पर फौती नामांतरण दर्ज किए जाने बाबत् आवेदन- पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन-पत्र के आधार पर दावा आपत्ति पेश करना हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 26.12.2019 तक पेश कर सकते है नियत अवधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 27.11.2019 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर **तहसीलदार अहिवारा (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./50/ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सम्पता बाई बिसेन पति अंगललाल बिसेन निवासी ग्राम कोरिया नगर रायपुर तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न 05 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 1046 रकबा 1650 वर्गफीट हे. भूमि जो कि आवेदक/ आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/ आवेदिका के द्वारा प्रथम ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 17.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 30.11.2019. को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका सरस्वती वर्मा पति निवासी अशोक कुमार वर्मा आनंद नगर के पीछे दुर्ग मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 648/36 रकबा 0.015 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार वी वाणी सोनी पति नागेश्नर राव से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 23.12.2019 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र./11/अ06(अ)/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कांता बाई ध.प. मोतीलाल राम निवासी तितुरडीह दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग द्वारा भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा कातुलबोर्ड प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. दुर्ग 01 तह. व जिला दुर्ग में स्थित खसरा नं. 104/61 रकबा 0.016 हे./ लगान 0.05 पैसे राजस्व रिकार्ड में दर्ज है। आवेदिका की उक्त भूमि उसकी क्रयशुदा भूमि है जिसकी रजिस्ट्री बयनामा पश्चात संशोधन पंजी. क्रं. 105 दिनांक 17.07.1980 एवं जारी ऋणपुस्तिका में सही नाम श्रीमती कांताबाई ध.प. मोतीलाल राम दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है किन्तु वर्तमान ऑनलाईन रिकार्ड में आवेदिका का नाम त्रुटिवश क्रांति बाई ध.प. मोतीलाल दर्ज हुआ है जो कि गलत है। जिससे नाम में हुई त्रुटि सुधार कर सही नाम श्रीमती कांता बाई ध.प. मोतीलाल राम दर्ज किए जाने हेतु मय दस्तावेज के साथ आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था उक्त भूमि के संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 26.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.12.2019 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका झरना वर्मा पति निवासी अरविंद कुमार वर्मा कृपाल नगर कोहका भिलाई मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 626/1 रकबा 0.022 हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार अंजनी सिंह पति लाखन सिंह से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 23.12.2019 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक ललित कुमार ताम्रकार आ. सुंदर लाल साकिन दुर्ग द्वारा ग्राम भेड़सर प.ह.न. 07 रा.नि.मं. दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 504/1, 519 रकबा 0.260, 0.100 हे. जो उसके स्व. सुंदरलाल, मीराबाई के नाम पर दर्ज है की फौती दर्ज किए जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उपरोक्त भूमि को आवेदक के नाम पर नामांतरण किए किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को उजर दावा आपत्ति पेश करना हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 17.12.2019 तक या उसके पुर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 28.11.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शानू रानी वर्मा पति निवासी सुधीर वर्मा गोन्दल दल्ली बैगलूरु मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग 02 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 626/1 रकबा 2400 वर्ग. हे. भूमि को विक्रेता/ आम मुख्तयार अंजनी सिंह पति लाखन सिंह से दिनांक ... को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 23.12.2019 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 04.12.2019 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल अधिकारी
दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मुकेश कुमार स्वर्णकार आ. स्व. श्री मनीराम स्वर्णकार निवासी गायत्री मंदिर वार्ड मोहन नगर दुर्ग के द्वारा नजूल शीट क्रमांक 16 भूखण्ड 9/8 रकबा 1250 वर्गफीट का स्थायी पट्टा दिया गया है। पट्टा धारक स्व. श्री मनीराम स्वर्णकार की मृत्यु दिनांक 18.07.2017 को हो जाने के फलस्वरुप उक्त भूखण्ड को वारिसान हक में आवेदकगणों के नाम पर दर्ज करने हेतु नामांतरण आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का उजर या दावा पेश करना हो तो नियत पेशी दिनांक 23.12.2019 तक स्वंय या अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से दावा या आपत्ति प्रस्तुत करे। नियत समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रा से दिनांक 02.12.2019 को जारी किया गया ।

मुहर **नजूल अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार
भिलाई 03 जिला- दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./49/ब-121/वर्ष 2019-20

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र पारधी पिता देवलाल पारधी निवासी ग्राम चंगोराभाठा रायपुर तह. व जिला रायपुर के द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.न 05 रा.नि.मं. भिलाई 03 तहसील पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नंबर 1046 रकबा 825 वर्गफीट हे. भूमि जो कि आवेदक/ आवेदिका एवं अन्य सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक/ आवेदिका के द्वारा प्रथम ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर दावा हो तो व नियत पेशी दिनांक 17.12.2019 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम ये इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 30.11.2019. को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद्र मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार भिलाई-3 जिला दुर्ग (छ.ग.)**

■ न्यूज गैलरी

483 अभ्यर्थियों ने किया पर्चा दाखिल

महासमुंद। नगरीय निकाय निर्वाचन 2019 के अंतर्गत शुक्रवार को जिले के नगरीय निकायों में कुल 483 अभ्यर्थियों ने नाम निर्देशन पत्र भरा। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार नगरपालिका परिषद् महासमुन्द में 196, नगरपालिका परिषद् बागबाहरा में 53 प्रत्याशी, नगरपालिका परिषद् सरायपाली में 61 प्रत्याशियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। इसी प्रकार नगर पंचायत पिथौरा में 54 अभ्यर्थियों ने, नगर पंचायत बसना में 55 एवं नगर पंचायत तुमगांव में 64 प्रत्याशी ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया।

आठ प्रकरणों से धान बरामद

महासमुंद। जिला खाद्य अधिकारी अजय यादव ने बताया कि धान के अवैध परिवहन एवं भण्डारण के लिए शुक्रवार को आठ प्रकरण में सुरेश कुमार गढ़सिवनी से 50 कट्टा धान, इब्राहिम खान, पीढ़ी से 35 कट्टा, खोमनलाल, परसाडीह से 30 कट्टा, धनुर्जय साहू, केन्दूढार से 75 कट्टा, शिवशंकर चावल उद्योग चोरभट्ठी से 5250 कट्टा, शिवशंकर एग्रोटेक चोरभट्ठी, से 778 कट्टा, भुरू यादव, लालपुर छोटे लोरम से 99 कट्टा धान तथा मनोज नर्मदा मुढ़ीपार से 31 कट्टा धान जब्त किया गया।

चर्म रोग जांच कल

महासमुंद। महासमुंद मेडिकल स्टोर्स में 8 दिसंबर को अपरान्ह 3 से शाम 6 बजे तक चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ अखिलेश शुक्ला सेवा देंगे। जांच पंजीयन के लिए महासमुंद मेडिकल स्टोर्स इंदिरा मार्केट या दूरभाष 07723-222226 में संपर्क किया जा सकता है।

चेतना विकास और जीवन मूल्य पर प्रशिक्षण

महासमुंद। राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, जिला प्रशिक्षण संस्थान की ओर से चेतना विकास मूल्य शिक्षा व जीवन विद्या शिविर का आयोजन किया गया। शिक्षक गेंदलाल कोकडिया ने कहा कि मानवीय परंपरा बनाने के लिए मानव का अध्ययन अनिवार्य है।

जीवतरा में मड़ई मेला कल

महासमुंद। ग्राम जीवतरा में रविवार 08 दिसंबर को श्रीराधा-कृष्ण मंदिर स्थापना दिवस के अवसर पर भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत सुबह 11 बजे भगवान सत्यनारायण कथा, दोपहर 12 बजे मड़ई मेला, दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक प्रसाद वितरण एवं भण्डारा तथा रात्रि में जय शेरावाली मौलीभाठा छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी का आयोजन किया गया है।

जोगी कांग्रेस ने किया पंडरिया नेशनल हाईवे में चक्का जाम

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। धान खरीदी को लेकर आए दिन नये नियमो की बातो को लेकर जोगी कांग्रेस ने नेशनल हाईवे में चक्का जाम किया जिसके चलते बिलासपुर आने व जाने वाले यात्री व बस सहित वाहन चालको को काफी समस्याओ का सामना करना पडा। लगभग दो घंटे तक जाम लगा रहा किसानो के अनुसार वर्तमान में जो धान खरीदी को लेकर नये-नये नियम बनाए जा रहे है। उससे किसानो को अनेक समस्याओ का सामना करना पड रहा है। कुछ कृषको का कहना था कि पूर्व में धान खरीदी को लेकर बनाए गए नियम उचित थे। लेकिन अब नियमो में परिवर्तन के चलते कृषको को परेशानियो का सामना करना पड रहा है। किसानो को हो

रही परेशानी को लेकर शनिवार को जोगी कांग्रेस समस्याओ को दुर करने की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। जोगी कांग्रेस ने प्रशासनिक फैसले को वापस करने की मांग को लेकर किसानो के द्वारा कवर्धा बिलासपुर मुख्य मार्ग पर पांडातराई बिजली ऑफिस के सामने नेशनल हाईवे पर चक्का जाम किया। रवि चंद्रवंशी ने कहा कि सरकार के द्वारा धान खरीदी बिक्री हेतु रोज रोज नए नियम लागू करने से किसान परेशान हो रहे है। उन्होने आगे कहा कि पहले तो किसानो को पंजीयन के नाम पर परेशान किया गया,,बाद मे पंजीयन किये गए रकबा को कम करके परेशान किया गया है' अब किसान जब धान बेचने का नंबर आया तो किसानो को दुनिया भर का नियम कानून बता कर परेशान किया जा रहा है, जिसमे प्रमुख रूप से धान को पाला करने के नाम पर किसानो को अत्यधिक परेशान किया जा रहा है जो की किसानो के लिए असहनीय हैं। आज सब किसान भाई आर पार की लड़ाई लड़ते हुए सड़क पर बैठ गए जहा पर दो घंटे तक मुख्य मार्ग पर आवाजाही बंद रही,उसके पश्चात नायब तहसीलदार के आस्वशन के बाद किसानो ने अपना चक्का जाम खत्म किया'

आज इस प्रदर्शन मे प्रमुख रूप से अशोक चंद्रवंशी, केशव चंद्रवंशी, लाला साहू, अयोध्या चंद्रवंशी, इंदल चंद्रवंशी, रवि चंद्रवंशी, संतोष, अमित, हरीश, जित्तु, अंगद, बीरेंद्र, रमा, सीटु सहित अन्य सैक्डो किसान भाई उपस्थित रहे।

धान खरीदी केंद्र से चोरी, मामला दर्ज

महासमुंद। कोमाखान धान खरीदी केंद्र से धान चुराने का मामला सामने आया है। साइकिल से धान चुरा कर ले जाने की सूचना पर कर्मचारियों ने पीछा किया तो वह रास्ते में साइकिल छोड़कर भाग गया। पुलिस ने समिति प्रभारी की शिकायत पर सुअरमाल के एक संदेही के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 4 दिसंबर की रात 8-9 बजे धान खरीदी से तीन बोरा धान चुरा कर ले जाते युवक को कुछ लोगों ने देखा और हमालों को जानकारी दी। बाद हमालों और समिति के कर्मचारियों ने पीछा किया तो रास्ते में धान, साइकिल और चप्पल छोड़कर भाग निकला। मौके से धान बरामद कर गांव के सरपंच को जानकारी दी। लोगों ने बताया कि साइकिल सुअरमाल निवासी ईश्वर पिता भगत यादव की है। पुलिस ने शिकायत पर संदेही के खिलाफ धारा 379 के तहत अपराध दर्ज किया है।

जिला साहू संघ के शीतल चुने गए निर्विरोध जिलाध्यक्ष

■ **समाज में हर्ष व्याप्त, किया गया नए अध्यक्ष का स्वागत**

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। दानवीर भामाशाह परिसर कवर्धा में शुक्रवार को जिला साहू संघ की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रदेश साहू संघ के निर्देशन में आयोजित इस बैठक में बड़ी संख्या में साहू संघ के पदाधिकारियों तथा सदस्यों ने हिस्सा लिया और अपने-अपने विचार व्यक्त किए। बैठक में जिला साहू संघ के नए अध्यक्ष का चुनाव भी किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से समाज के कर्मठ, जुझारू व लगनशील व्यक्तित्व के धनी शीतल साहू को समाज के अध्यक्ष पद की कमान सौंपते हुए संघ का जिलाध्यक्ष चुना गया। श्री साहू के जिलाध्यक्ष चुने जाने पर समाज के लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। यहां बताना लाजमी होगा कि शीतल साहू करीब बीस वर्षो से जिला साहू संघ में एक सर्किय सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं। इस दौरान वे दो बार जिला साहू संघ के जिला महामंत्री भी रह चुके हैं। उन्होंने अपने कार्यकाल में हमेशा समाज को एकजुट करने और समाज की सुख, समृद्धि, उन्नति तथा विकास के लिए कार्य किया है।

मिलकर काम करने से मिलेगी मंजिल : डॉ शर्मा

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड योजना के तहत प्रथम निरीक्षण के लिए रायपुर की दो सदस्यीय टीम प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र इंदौरी पहुची । दल के सदस्य डॉ विक्रम शर्मा स्टेट क्वालिटी कंसल्टेंट और डॉ रंजना गायकवाड़ जिला सलाहकार रायपुर के द्वारा केंद्र प्रभारी सुरेंद्र चंद्रवंशी, एएमओ प्रशांत राय, स्टाफ नर्स बिंदी सोनकर, बालेश्वरी साहू, धनेश्वरी सिन्हा, एलटी राजकुमार चंद्रवंशी, फर्मासिस्ट अनिल चंद्रवंशी आदि से रिकार्ड संधारण संबधित जानकारी लिये । इसके सभी कर्मचारियों से नियमित किये जाने वाले कार्यो के बारे में समीक्षा किये। नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टेंडर्ड कार्यक्रम के तहत डॉ शर्मा नें कर्मचारियों को

समझाइस देते हुए कहा कि निरीक्षण के अवसर पर अधिकारियों के द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब पूरे विश्वास के साथ देना चाहिये । उन्होंने यह भी कहा की साथ चलने , मिलकर काम काम करने से हम जरूर सफल होंगे और स्पर्धा में दिल्ली तक मुकाम हासिल कर सकेंगे । डॉ शर्मा प्रथम निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को जल्द से जल्द दूर करने की भी बात कही । उन्होंने कहा कि कवर्धा और राज्य का नाम रौशन करने के लिए छोटे और सरल प्रश्नों से शुरू कर कठिनतम प्रश्नों का उत्तर देनें की पुख्ता जानकारी कर्मचारियों को होनी चाहिये ।

आदिवासियों को नक्सली, अलगाववादी बोलने का किसी को भी अधिकार नहीं

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। गत दिवस पंडरिया ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम घोघरा में राजगोंड सुधार सेवा समिति की बैठक रखा गया था। इस दौरान उक्त बैठक में आदिवासी समाज के एक व्यक्ति ने अपने ही आदिवासियों बुद्धजीवी भाईयों को नक्सली एवं अलगाववादी कहने लगा। उन्होंने बैठक में अपने ही आदिवासी समाज को आगे बढाने की बजह बदनाम कर रहा है। इस संबंध में जिला गोंड समाज, सर्व आदिवासी समाज व कोयतूर युवा संगठन एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी तथा गोडवाना स्टूडेट यूनियन के लोगों में काफी जनाक्रोश

जताते हुए शासन - प्रशासन से भूतपूर्वक कार्यकारिणी भाजपा जिलाध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे पिता सिलऊ धुर्वे ग्राम भोंदा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की गुहार लगाई है। आदिवासी समाज में गत 30 नवंबर को हुए राजगोड सुधार सेवा समिति की एक दिवसीय बैठक में समाज के जनता एवं जिला गोंड सेवा समाज, सर्व आदिवासी समाज व कोयतूर युवा संगठन एवं गोंडवाना गणतंत्र पार्टी, गोंडवाना स्टूडेंट यूनियन एवं पढे -लिखे , शिक्षित , कर्मचारी इंजीनियर , आईएस अधिकारियों को भूतपूर्वक कार्यकारिणी भाजपा जिलाध्यक्ष विदेशी राम धुर्वे ने भरे सभा में नक्सली, आतंकवादी एवं अलगाववादी बोला और आईएसआई संगठन से जुडा है ।

नरेन्द्र साहू यातायाता नियमों की जानकारी देने पहुंचे रासेयो

नवप्रदेश संवाददाता

दशरंगपुर। रासेयो-दशरंगपुर के सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पारा-खण्डसरा के छठवें दिन यातायात शाखा कबीरधाम की टीम के उप निरीक्षक नरेन्द्र साहू ,यातायात नियमों की जानकारी देने पहुँचे, साथ में थे, ए.एस.आई.इजराइल खान,प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार सिंह,आरक्षक खेलन नाथ योगी। सर्वप्रथम स्वामी विवेकानंद जी, तथा मॉ सरस्वती के तैल चित्र पर पूजन-वंदन कर,कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया, ए.एस.आई. इजराइल खान ने बताया कि, बाईक में दो से अधिक सवारी ना बैठाए,हमेशा हेलमेट पहनें, नशे की हालत में गाडी ना चलायें, सिग्नल तथा यातायात आरक्षक के इशारों का कडाई से पालन करे, अवयस्कों को गेयर वाली गाडी नहीं चलाने तथा तेजगति से वाहन नहीं चलाने देने का आग्रह किया। प्रधान आरक्षक कृष्ण कुमार सिंह ने रात्रि में गाडी में इंडीकेटर्स का प्रयोग करने की बात कही तथा उन्होंने कहा कि गाडी की ओव्हरलोडिंग से बचना चाहिए।

दीक्षा एप से होगी शिक्षा, डाइट में दिलाया संकल्प

महासमुंद। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट में संकल्प कार्यक्रम आयोजित किया गया। दीक्षा एप के महत्व को प्रतिपादित करते हुए प्राचार्य श्रीमती पाणिग्राही ने प्रथम एवं द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों को संकल्प दिलाया। उन्होने कहा कि कक्षा 6वीं से 10वीं तक हिन्दी माध्यम की समस्त 67 पाठ्य पुस्तकों को इसलिए डिजिटिलाइस्ड किया गया है कि विद्यार्थीगण पाठ्यपुस्तकों में दी हुई बातों को मनोरंजनात्मक ढंग से समझ सकें । एप में क्यूआर कोड के माध्यम से समझ विकसित कर सकेंगे। सहायक प्राध्यापक अरुण प्रधान एवं एप के प्रभारी संतोष साहू ने छात्राध्यापकों को बताया कि दीक्षा एप पर उपलब्ध सामग्री का उपयोग विद्यार्थी एवं शिक्षक कठिन अवधारणाओं को समझने के लिए अध्ययन अध्यापन के समय अथवा अपने घर में भी कर सकते हैं।

किसानों में आक्रोश धान बेचना हुआ मुश्किल:मोहन

नवप्रदेश संवाददाता

खरोरा। अध्यक्ष सह,सेवा समिति सकरी मोहन लाल साहू ने कहा है कि इस बार धान खरीदी मे क्या हो रहा कुछ समझ नही आ रहा है पहले तो समिति के कंप्यूटर आपरेटर को धान खरीदी के पुर्व किसी भी प्रकार का ट्रेनिग या सोफ्टवेयर के बारे मे जानकारी नही दिया गया अब 1 दिसंबर से धान खरीदी शुरु हुआ तो बताया गया की बारदाना 50:50 के अनुपात मे खरीदी करना है 3 दिसंबर को सोफ्टवेयर ठुद्बष द्वारा बिना जानकारी के दोपहर को बारदाना का अनुपात अचानक 60:40 कर दिया गया चलो उस दिन कुछ करके उसको माथपच्ची करके निपटाया गया पहले बताया गया था की एक किसान से 5 बार धान टोकन जारी करके 5 बार खरीदी करना है 5 दिसंबर को फिर बिना जानकारी के सोफ्टवेयर मे ठुद्बष

द्वारा परिवर्तन कर दिया गया की अब एक किसान से केवल 3 बार ही टोकन जारी करके धान खरीदी करना है जो किसान 5 बार टोकन ले चुका है उसका क्या होगा क्योकी टोकन मे संशोधन का आप्सन भी नही है उसको निरस्त करना पड़ेगा इसमे दिक्कत ये की एक टोकन निरस्त करने पर किसान एक धान खरीदी का चांस भी खतम हो जायेगा आज 6 दिसंबर को फिर दोपहर को ठुद्बष द्वारा सोफ्टवेयर परिवर्तन कर दिया गया की और समिति की प्रतिदिन की लिमिट से लॉक कर दिया गया ।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने ग्रहण किया कार्यभार

पंडरिया। नवनियुक्त विकास खंड शिक्षा अधिकारी जीपी बेनर्जी ने शुक्रवार को बीईओ कार्यालय पंडरिया में कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने पर कार्यालय में ब्लॉक के शिक्षको ने उनसे मुलाकात स्वागत किया। जीपी बेनर्जी का स्थानांतरण अगस्त माह में बीईओ के पद पर किया गया था, लेकिन उन्हे कार्यभार नही दिया जा रहा था। हाईकोर्ट के निर्देश के बाद जिला शिक्षाधिकारी द्वारा उन्हें कार्यभार ग्रहण कराया। ब्लॉक के शिक्षकों ने उनके कार्यभार ग्रहण करने पर हर्ष व्यक्त किया है। ब्लॉक में लंबे समय तक व्याख्याता व प्राचार्य के पदर पर कार्य कर चुके है, जिसके चलते सभी शिक्षक उनके ज्वाईन करते ही कार्यालय पहुंच गए।

शत-प्रतिशत मतदान के लिए शपथ दिलाई

महासमुंद। शासकीय डीएमएस उमावि में गुरुवार 05 दिसंबर को जाबो कार्यक्रम के तहत विभिन्न आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समस्त छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिए। इस दौरान आकर्षक रंगोली व चित्रकारी कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। प्राचार्य शशिप्रभा थिटे व कार्यक्रम प्रभारी सीएस गौड़ के मार्गदर्शन में छात्राओं ने आकर्षक मतदान रंगोली बनाई। छत्तीसगढ़ी गीत गाकर वोट पक्का डारहू के नारे दिए। व्याख्याता केके शुक्ला ने शत-प्रतिशत मतदान करने को कहा। नायब तहसीलदार खीरसागर बघेल ने शत-प्रतिशत मतदान की शपथ दिलाते हुए नवजीवन, नवकिरण व नव आरोग्य योजना के संबंध में जानकारी दी। जागरूकता प्रभारी शिक्षक गोवर्धन प्रसाद साहू ने गीत व गोपाल साहू ने संदेश के माध्यम से छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए प्रेरित किया।

स्वत्वों का भुगतान और समस्याओं का निराकरण बैठक 27 को

महासमुंद। पेंशनरों के बकाया स्वत्वों के भुगतान एवं समस्याओं के निराकरण हेतु कलेक्टर सुनील कुमार जैन की अध्यक्षता में 27 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से कलेक्टर सभा कक्ष में समीक्षा बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस बैठक में महासमुन्द जिले के सभी जिला कार्यालय प्रमुख तथा जिले के सभी पेंशनर संघों, अध्यक्ष तथा पदाधिकारी उपस्थित होंगे। बैठक में पेंशनरों से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। जिला कोषालय अधिकारी डीपी वर्मा ने बताया कि जिले के सभी पेंशनर संघों के अध्यक्षों व पेंशनरों से आग्रह किया गया है कि वे अपने लंबित बकाया स्वत्वों के भुगतान के संबंध में एवं समस्याओं से 20 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से कोषालय अधिकारी में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर अवगत कराएं, ताकि उनकी समस्याओं के संबंध में संबंधित विभागों से चर्चा कर समीक्षा बैठक हेतु जानकारी संकलित की जा सकें।

मुख्यमंत्री की मासिक रेडियो वार्ता 'लोकवाणी' का प्रसारण आज

कवर्धा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की पांचवी कड़ी का प्रसारण 8 दिसम्बर रविवार को होगा। यह 77 प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफएम.चैनलों और राज्य के क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह 10.30 से 10.55 बजे तक होगा। कलेक्टर अवनीश कुमार शरण ने जिले के ग्रामीण अंचलों में संचालित सभी आश्रम-छात्रावासों ने मुख्यमंत्री की लोकवाणी कार्यक्रम को सुनाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज के हर वर्ग की भावनाओं, सवालों, और सुझावों से अवगत होने तथा अपने विचार साझा करने के लिए लोकवाणी रेडियोवार्ता शुरू की है। लोकवाणी में इस बार का विषय 'आदिवासी विकास हमारी आस' है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

खेतों में लौटे किसान...

है उनमें छत्तीसगढ़ अटल, अडिग और निरन्तर विकसित अर्थव्यवस्था के रूप में खड़ा रह सका है। सीएम बघेल ने कहा कि 11 माह में छत्तीसगढ़ की बेरोजगारी दर में जहां 6 प्रतिशत गिरावट आई है, वहीं रियल सेक्टर में 70 प्रतिशत व ओटोमोबाइल सेक्टर में 35 प्रतिशत तक उछाल देखने को मिला है। बाजार से गायब हुई रौनक वापस लौट आई है। यह सब चमत्कार नहीं है। हमने गांधी की विचारधारा के मॉडल को अपनाया है। हम नरवा, गरवा, घुरवा, बारी की जिस योजना पर काम कर रहे हैं वो महज कोई सरकारी योजना नहीं है, बल्कि जन विकास का एक वैकल्पिक मॉडल है।

देश भावनात्मक आधार पर नहीं चला सकतेः

उन्होंने कहा कि देश को भावनात्मक आधार पर नहीं चला सकते, इसके लिए अर्थव्यवस्था में सुधार करना ही होगा। बघेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में किसानों का कर्ज माफ किया गया, किसानों से 2500 रुपये क्विंटल धान खरीदा जा रहा है, यही वजह है कि राज्य में मंदी का असर नहीं हुआ है। उन्होंने कहा आम जनता के जेब में पैसे डालने पर ही बाजार में पैसे आएंगे।

नेहरू और गांधी की...

आज छत्तीसगढ़ की उदार विरासतों, अपार संसाधनों और उत्साही नीतियों के कारण देश में छत्तीसगढ़ विकास और विश्वास का प्रतीक बन गया है।

शर्मनाकः लोग वीडियो बनाते...

कांप उठे। वारदात में विवाहिता जिंदगी और मौत की जंग लड़ रही है, जबकि आरोपी युवक को ग्रामीणों ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। इस दर्दनाक केस में महिला की हालत चिंताजनक बनी हुई है। आरोपी को गिरफ्तार तो कर लिया गया है। लेकिन हंसिया के कई वार से महिला का चेहरा, गर्दन और सिर में गहरे जख्म हुए हैं। चिकित्सकों के मुताबिक वार से करीब 200 टांके लगे हैं।

इसलिए हुई थी हमलावर को जेल

बताया जा रहा है कि हमलावर इंद्रपाल ने महिला का कुछ दिन पहले नहाते वक्त वीडियो बना लिया था। इस घटना की शिकायत पीड़ित महिला ने पुलिस में कर दी थी। जिसके बादआईटी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी इंद्रपाल के खिलाफ अपराध दर्ज जेल भी गया था। जेल से छूटने के बाद उसने विवाहिता पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद नाराज लोगों ने आरोपी युवक को जमकर सबक सिखाया और पुलिस के हवाले कर दिया। पीड़िता घर में पति से अलग रहती थी। इंद्रपाल भी इसी बस्ती में किराए के मकान में निवास करता है। फिलहाल महिला की स्थिती गंभीर बताई जा रही है।

आरोपी ने चोरी छिपे...

के घर पहुंचा था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। उसे कोर्ट में पेश किया गया। यहां से मजिस्ट्रेट के आदेश पर जेल भेज दिया गया। घायल महिला का बयान दर्ज नहीं हुआ है। पुलिस का कहना है कि स्थिति में सुधार होते ही पीड़ित महिला का बयान दर्जकिया जाएगा।

सामान्य 40 वार्ड में...

लेकिन अगर रायपुर की शहरी सत्ता आई तो महापौर कुलीन वर्ग से ही होगा। हालांकि देखा जाए तो कांग्रेस ने भले ही सर्वाधिक ब्राम्हण केंडिडेट्स खड़ा किया है पर 40 सामान्य वार्डों में 10 से ज्यादा सीटों को ओबीसी व अन्य वर्गों को देकर एक तरह से सामान्य वर्ग के प्रत्याशियों की अनदेखी भी की है।

गम, गुस्सा और...

वहीं पीड़ित परिवार के सदस्यों ने आरोपियों को भी हैदराबाद के दुष्कर्मियों की तरह गोली मार देने की मांग की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि आरोपियों पर फास्ट ट्रैक अदालत में मुकदमा चलाया जायेगा और दोषियों को कड़ी सजा दिलाई जायेगी। घटना में शामिल सभी पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

9 साल की बच्ची...

सच्चाई यह है कि यूपी में महिलाओं के लिये कोई स्थान नहीं है।

दुनिया में दुष्कर्म...

उन्होंने पीएम मोदी को भी आड़े हाथों लिया कहा कि उत्तर प्रदेश का एक भाजपा विधायक दुष्कर्म में शामिल हैं, लेकिन पीएम मोदी इस पर एक शब्द नहीं बोलते।

आयकर में मिल...

क्षेत्रों में खपत बढ़ाने के लिए सार्वजिनक क्षेत्र के बैंकों ने पिछले दो माह के दौरान पांच लाख रुपये का ऋण वितरित किया है। बुनियादी सुविधा ढांचे पर जोर दिया जा रहा है जिससे श्रमिक वर्ग तक लाभ पहुंचाया जा सके। इसके अलावा पिछले कुछ माह के दौरान शेयर बाजार से लाभ पर प्रभार बढ़ोतरी का फैसला वापस लिया गया और कंपनी कर को घटाया गया। सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का विलय करने समेत कई और निर्णय लिए गए जिससे कि अर्थव्यवस्था को गति दी जा सके।

जीएसटी स्लैब में बदलाव परिषद करेगी

वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के स्लैब के बदलाव के संबंध में सीतारमण ने कहा कि इस पर कोई भी फैसला जीएसटी परिषद करेगी। मीडिया में ऐसी रिपोर्ट हैं कि जीएसटी की सबसे निचली दर पांच प्रतिशत को बढ़ाने के साथ ही इसके दायरे में ऐसी वस्तुओं को लाया जा सकता है जिन पर फिलहाल जीएसटी नहीं है।

सामाजिक दायित्वों पर पूरा जोरः

वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार सामाजिक दायित्वों पर भी पूरा जोर दे रही है। उसका लक्ष्य प्रत्येक नागिरक के पास अपना घर और बिजली पहुंचाने के साथ ही लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मुहैया कराने पर है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

करीना को मिला था क्वीन में काम करने का प्रस्ताव

नयी दिल्ली (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर का कहना है कि उन्हें फिल्म क्वीन में काम करने का प्रस्ताव मिला था। करीना कपूर ने जहां अपने लंबे करियर में कई अलग-अलग फिल्मों में काम किया है तो वहीं बहुत-सी बढ़िया फिल्मों को रिजेक्ट भी किया है। फिल्में रिजेक्ट करने के बारे में करीना कपूर खान ने खुलासा किया है कि फिल्म क्वीन, कंगना रनौत से पहले उन्हें ऑफर हुई थी। उन्होंने कहा कि उन्हें कभी भी किसी फिल्म को रिजेक्ट करने के दुख नहीं होता। उन्होंने कहा कि उन्हें कंगना रनौत स्टारर फिल्म क्वीन में लीड रोल ऑफर किया गया था। करीना ने कहा, मैं कभी पीछे नहीं देखती। यदि मैंने किसी फिल्म को ना कहा है तो वो इसलिए था क्योंकि वो रोल मुझे उस समय सूट नहीं कर रहा था! मैं कभी भी किसी को बिना वजह ना नहीं बोलती। करीना कपूर इन दिनों अक्षय कुमार के साथ फिल्म गुड न्यूज के प्रमोशन में व्यस्त है।

QUIZ TIME

1) दुनिया का सबसे बड़ा खरपतवार कौन सा है?

2) 'इनोवेटिंग आउट ऑफ क्राइसिस' किसके द्वारा लिखा गया है?

3) जे.के. राउलिंग के हैरी पॉटर उपन्यास में जुडवां बहनें कौन हैं? (पलक और पंखुडी / पद्मिनी और पल्लवी)

4) नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने किस कॉलेज से भारत विरोधी टिप्पणी करने वाले प्रोफेसर ओटेन पर हमला करने के लिए निष्कासित कर दिया गया था?

5) पुष्पक्रम की पहचान करें?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) जायंट होगवीड (2) शिगेताका कोमोरी (3) पद्मिनी और पल्लवी (4) प्रेसीडेंसी कॉलेज (5) Cymes पुष्पक्रम

दबंग-3 का क्लाइमेक्स 25 दिनों में हुआ शूट

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की आने वाली फिल्म दबंग-3 का क्लाइमेक्स 25 दिनों में शूट हुआ है। सलमान खान की फिल्म दबंग-3 रिलीज होने जा रही है। इस फिल्म में कन्नड़ सुपरस्टार किच्चा सुदीप विलेन की भूमिका निभाते नजर आयेंगे। किच्चा सुदीप ने कहा कि फिल्म में मेरी जो सलमान के साथ लड़ाई दिखाई गई है वो काफी खास है। अंत तक ये पता ही नहीं लगता की कौन जीतने वाला है। हम ने क्लाइमेक्स की लगभग 24 से 25 दिनों तक शूटिंग की। यह मेरे करियर का अब तक का सबसे लंबा क्लाइमेक्स सीन है। उन्होंने कहा,यह कोई स्टाइलिश एक्शन सीन नहीं है बल्कि सलमान और मैंने एक दूसरे को असल में मारा है। हम दोनों जानवरों की तरह लड़ रहे हैं, वो मुझे मारते हैं, मैं जमीन पर गिरता हूं, फिर जो भी हथियार मेरे हाथ में आता है मैं उससे वार करता हूं। फिल्म के क्लाइमेक्स को शूट करते समय काफी धूल उड़ रही थी। इसके चलते उन्हें सांस लेने में भी मुश्किल आई।

सारा और जाह्नवी के काम से प्रेरणा लेती है अनन्या

मुबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे का कहना है कि वह सारा अली खान और जाह्नवी कपूर के काम से प्रेरणा लेती है और उन्हें प्रतिद्वंदी नहीं मानती है।

चंकी पांडे की पुत्री अनन्या पांडे ने इसी साल करण जौहर की फिल्म 'स्टूडेंट ऑफ द इयर 2' से डेब्यू किया, जबकि सारा अली खान और जाह्नवी कपूर ने पिछले साल वर्ष 2018 में डेब्यू किया था। डेब्यू के वक्त से ही इन तीनों की आपस में तुलना की जाती रही है। खासकर अनन्या को तो सारा और जाह्नवी के साथ कुछ ज्यादा ही तुलना किया जाता रहा है। अनन्या ने सारा और जाह्नवी के साथ अपनी तुलना पर बात की है। अनन्या ने कहा कि सिर्फ सारा और जाह्नवी ही नहीं बल्कि तारा सुतारिया भी काफी अच्छा काम कर रही हैं। उनके काम को देखकर असल में उन्हें प्रेरणा ही मिलती है। अनन्या ने कहा कि उन्हें हेल्दी कॉम्पिटिशन पसंद है और वह इसमें विश्वास रखती हैं क्योंकि यह उन्हें और अच्छा परफॉर्म करने के लिए प्रेरित करता है। सभी को अच्छा काम मिल रहा है और सभी अच्छा परफॉर्म कर रहे हैं।

एक्टर बनने के लिये मेहनत की जरूरत: राजकुमार राव

नयी दिल्ली (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव का कहना है कि एक्टर बनने के लिये सिर्फ गुड लुक्स की नहीं बल्कि कड़ी मेहनत की भी जरूरत है। राजकुमार ने कहा कि मैं हमेशा यही कहता हूं कि लोगों को अपने क्राफ्ट पर काम करना चाहिए। लोग अब स्क्रीन पर रियल एक्टर्स को दिलचस्प किरदार निभाते हुए देखना चाहते हैं। वे अब सितारों के मसल्स और लुक्स को लेकर प्रभावित नहीं होते है। ये दौर एक्टर्स का है। उन्होंने कहा, मुझसे कई बार लोग पूछते हैं तो मैं उन्हें हमेशा यही बोलता हूं कि आपको अपने क्राफ्ट और अपनी एक्टिंग की ट्रेनिंग पर काम करना चाहिए। पिछले कुछ समय में इतने बेहतरीन एक्टर्स उभरे हैं और इनमें से ज्यादातर एक्टर्स सामान्य लुक्स वाले भी हैं क्योंकि उन्होंने अपनी एक्टिंग पर काम किया है और आज डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर एक्टर्स के लिए अच्छे मौके हैं।

करण जौहर की फिल्म में काम कर सकती हैं दीपिका

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की डिंपल गर्ल दीपिका पादुकोण फिल्मकार करण जौहर की फिल्म में काम करती नजर आ सकती है। दीपिका पादुकोण अपनी शादी के बाद मेघना गुलजार की फिल्म 'छपाक' में काम कर रही है। इस फिल्म के अलावा दीपिका अपने पति रणवीर सिंह के साथ फिल्म 83 में भी नजर आने वाली हैं। एसी भी चर्चा है कि दीपिका एक और फिल्म में भी काम करने जा रही है। कहा जा रहा है कि वह जल्द ही करण जौहर के बैनर तले बन रही एक फिल्म में नजर आ सकती है। इस फिल्म का निर्देशन शकुन बत्रा करेंगे। शकुन इससे पहले करण के प्रोडक्शन हाउस में बनी फिल्म 'कपूर एंड संस' को निर्देशित कर चुके हैं। दीपिका ने हाल ही में करण जौहर के ऑफिस का दौरा किया। वहां उन्हें स्क्रिप्ट नरेट की गई। बताया जा रहा है कि दीपिका पादुकोण इस कहानी से काफी प्रभावित भी हुई हैं और उन्होंने फिल्म के लिए हां कर दी है।

नकली सामान बेचने पर ई-कॉमर्स कंपनी पर एफआईआर

लखनऊ। चीनी ई-कॉमर्स कंपनी क्लब फैक्ट्री, उसके निदेशकों जियालुन ली, गर्वित अग्रवाल और सीएफओ अश्विनी रस्तोगी पर प्रसिद्ध ब्रैंड्स के नकली सामान बेचने पर आईपीसी की धारा 420 और 406 के तहत धोखाधड़ी करने को लेकर एफआईआर दर्ज की गई है। यह शिकायत लखनऊ निवासी आलोक कक्कड़ ने वजीराबाद पुलिस थाने में दर्ज कराई है। शिकायत में उन्होंने कहा है कि क्लब फैक्ट्री ने लोकप्रिय ब्रांडों पर भारी छूट का विज्ञापन देकर एक आपराधिक षड्यंत्र के तहत ग्राहकों को नकली उत्पाद दिए हैं।

शिकायतकर्ता ने क्लब फैक्ट्री से टाइटन घड़ी खरीदी थी, जिस पर 86 प्रतिशत की छूट थी और रे-बन के दो सनग्लासेज ऑर्डर किए थे, जिस पर 90 प्रतिशत की छूट दी गई थी। उन्हें 25 नवंबर को ऑर्डर मिला, जिसे खोलने पर उन्हें पता चला कि ऑर्डर किए गए दोनों उत्पाद नकली हैं। इसके बाद उन्होंने कंपनी द्वारा उपलब्ध कराए गए टोलफ्री नंबर पर संपर्क करने की कोशिश की। हालांकि, इस पर उन्हें कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली।

वहीं क्लब फैक्ट्री की वेबसाइट पर सेलर का नाम महाकाल एंटरप्राइज और परफेक्ट टाइम्स दिया गया था। शिकायतकर्ता ने कंपनी को एनवॉइस की एक प्रति के लिए ईमेल किया था, लेकिन उन्हें एनवॉइस की वह प्रति नहीं दी गई। क्लब फैक्ट्री से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिलने पर शिकायतकर्ता ने टाइटन और रे-बन के कस्टमर केयर से संपर्क साधा। इसके बाद उन्हें पता चला कि दोनों कंपनियों का क्लब फैक्ट्री से कोई संबंध नहीं है और न ही वे अपने उत्पादों को क्लब फैक्ट्री के जरिए बेचते हैं।

कक्कड़ ने अपनी शिकायत में यह भी बताया कि क्लब फैक्ट्री के टोलफ्री नंबर पर दोबारा बात करने पर उनके प्रतिनिधियों ने समस्या का समाधान करने के बजाय उन्हें धमकी दे दी। शिकायतकर्ता को कंपनी से मिली आपराधिक धमकी से संबंधित आईपीसी की धारा 506 के तहत भी कंपनी के खिलाफशिकायत दर्ज की गई है।

एफआईआर में कंपनी के दो निदेशकों, जियालुन ली और गर्वित अग्रवाल, कंपनी के सीएफओ अश्विनी रस्तोगी और क्लब फैक्ट्री के शिकायत अधिकारी के खिलाफ आईपीसी की धारा 420, 406, 506 और 120 बी के तहत धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और आपराधिक धमकी देने को लेकर मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि मामले की आगे की जांच की जा रही है।

मोटर पार्टस कारोबार 10 फीसदी गिरा, एक लाख अस्थायी नौकरियां गईं

नई दिल्ली। वाहन कलपुर्जा उद्योग का कहना है कि उसका कुल कारोबार चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में 10 प्रतिशत से अधिक गिर गया है। यह उसके कुल कारोबार में सबसे बड़ी गिरावट है। वहीं उद्योग में जुलाई तक करीब एक लाख अस्थायी नौकरियां जा चुकी हैं। कलपुर्जा विनिर्माताओं के संगठन आटोमोटिव कंपोनेंट मैन्यूफैक्चररसर्च एसोसिएशन (एक्मा) ने शुक्रवार (6 दिसंबर) को यहां कहा कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में वाहन कलपुर्जा उद्योग ने कुल 1.79 लाख करोड़ रुपये का कारोबार किया। यह इससे पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में उद्योग के कुल कारोबार 1.99 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले 10.1 प्रतिशत कम है।

एक्मा के अनुसार वाहन बाजार में गिरावट का असर कलपुर्जा बनाने वाली इकाइयों पर भी पड़ा है। इस अवधि में कारोबार में नरमी का असर निवेश पर भी पड़ा है और उद्योग को दो अरब डॉलर तक के निवेश का नुकसान उठाना पड़ा है। हालांकि कलपुर्जा उद्योग का निर्यात इस अवधि में मामूली तौर पर बढ़ा है। यह 2.7 प्रतिशत बढ़कर 51,397 करोड़ रुपये रहा है। वहीं वाहनों की बिक्री के बाद सर्विस के लिए उपयोग होने वाले कलपुर्जा कारोबार श्रेणी में भी यह चार प्रतिशत बढ़कर 35,096 करोड़ रुपये रहा है। वाहन कलपुर्जों का आयात इस दौरान 6.7 प्रतिशत घटकर 57,574 करोड़ रुपये रहा है।

टैक्स रेट से लेकर स्लैब तक जीएसटी में बड़े बदलाव की तैयारी

- केंद्र सरकार को हर महीने करीब 13,750 करोड़ रुपये राज्यों को बतौर मुआवजा देना पड़ रहा है

नई दिल्ली। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) को लागू हुए ढाई वर्ष के करीब हो रहे हैं। इस बीच जीएसटी काउंसिल ने टैक्स ढांचे से लेकर, टैक्स रेट तक कई बदलाव किए और अब कहा जा रहा है कि यह 5% के मौजूदा बेस टैक्स स्लैब को बढ़ाकर 9% से 10% तक करने पर विचार कर सकती है। टैक्स रेवेन्यू बढ़ाने को प्रयासरत जीएसटी काउंसिल मौजूदा 12% का टैक्स स्लैब खत्म करते हुए इसके दायरे में आने वाले सभी 243 प्रॉडक्ट्स को 18% के टैक्स स्लैब में धकेलने पर भी मंथन कर सकती है।

अगर ये अनुमान सही होते हैं और इसी अनुसार जीएसटी स्ट्रक्चर में बदलाव किया गया तो ग्राहकों की जेबें तो ढीली होंगी, लेकिन सरकार के खजाने में 1 लाख करोड़ रुपये ज्यादा आने लगेंगे। अनुमान है कि टैक्स दरों में प्रस्तावित बदलाव के अलावा अब उन वस्तुओं पर भी टैक्स लगाया जा सकता है जो अभी टैक्स फ्री हैं। अभी 'महंगे' निजी अस्पतालों में इलाज से लेकर होटलों में प्रति रात 1 हजार रुपये तक के किराए वाले कमरों में रहने पर बिल के भुगतान के वक्त टैक्स नहीं देना पड़ता है। शीर्ष सूत्रों की मानें तो ये सभी कर मुक्त वस्तुएं एवं सेवाएं जीएसटी के दायरे में आ सकती हैं। कहा जा रहा है कि जीएसटी काउंसिल के पास कार जैसे उत्पादों पर लेवी बढ़ाने की गुंजाइश नहीं के बराबर है।

घट रही है टैक्स से कमाई

1 जुलाई, 2017 को जीएसटी लागू होने के बाद से सैकड़ों वस्तुओं पर टैक्स रेट में कटौती हुई जिससे प्रभावी टैक्स रेट 14.4% से घटकर 11.6% पर पहुंच चुका है। इससे टैक्स से प्राप्त रकम में सालाना करीब दो लाख करोड़ रुपये की कमी आई है। अगर पूर्व मुख्य आर्थिक सलाहकार अरविंद सुब्रमण्यन की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिश के मुताबिक, 15.3% की रेवेन्यू न्यूट्रल टैक्स रेट पर विचार किया जाए तो यह घाटा बढ़कर 2.5 लाख करोड़ रुपये हो जाता है।

आर्थिक सुस्ती ने बढ़ाया संकट

देश में गहरा रही आर्थिक सुस्ती ने टैक्स रेवेन्यू में गिरावट की समस्या बढ़ा दी है। चूंकि केंद्र सरकार ने जीएसटी लागू होने के पहले चार वर्षों तक राज्यों के कर संग्रह में 14त्न से कम वृद्धि होने की सूरत में अपने खाते से भरपाई करने का वादा किया है, इसलिए कम कर संग्रह के कारण अब उसे हर महीने करीब 13,750 करोड़ रुपये राज्यों को बतौर मुआवजा देना पड़ रहा है। एक आधिकारिक आकलन के मुताबिक, अगले वर्ष तक यह रकम बढ़कर 20 हजार करोड़ रुपये तक पहुंचने का अनुमान है।

बैंक ऑफ बड़ौदा की 'बड़ौदा गोल्ड लोन शॉपी' शाखा का शुभारंभ

रायपुर। बैंक ऑफबड़ौदा द्वारा गोल्ड लोन लेने के इच्छु क ग्राहकों के लिए नई पहल के रूप में 'बडौदा गोल्ड् लोन शॉपी' शाखा का शुभारंभ किया गया है. पूर्ववर्ती मोवा शाखा, मोवा, रायपुर, बैंक आफ बडौदा, रायपुर क्षेत्र की 'बडौदा गोल्डक लोन शॉपी' शाखा के रूप में चयनित की गई है. इसका शुभारंभ दिनांक 07.12.2019 को, बैंक ऑफ बडौदा, रायपुर के क्षेत्रीय प्रमुख एवं उप महाप्रबंधक, श्री रंजीत कुमार मंडल के करकमलों द्वारा, रायपुर की पूर्ववर्ती मोवा शाखा, मोवा, रायपुर में किया गया. इसके साथ ही ग्राहकों को 15 लाख रूपए के गोल्ड लोन भी स्वीबकृत किए गए. इस शाखा में बैंक ऑफबडौदा के पात्र ग्राहकों के गोल्डग लोन स्वीभकृत किए जाएंगे. इस उदघाटन समारोह में बैंक के कार्यपालकगण, अधिकारी गण तथा गणमान्यस ग्राहक गण उपस्थित रहे।

सोना 250 रुपये टूटा, चाँदी 800 रुपये लुढ़की

नयी दिल्ली (वार्ता)। विदेशों में दोनों कीमती धातुओं में सप्ताहांत पर रही गिरावट के दबाव में दिल्ली सर्राफा बाजार में शनिवार को सोना 250 रुपये टूटकर करीब डेढ़ सप्ताह के निचले स्तर 39,100 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। चाँदी भी 800 रुपये की बड़ी गिरावट के साथ 44,550 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गयी जो 16 सप्ताह से अधिक का निचला स्तर है। चाँदी लगातार दूसरे दिन कमजोर हुई है।

देश में आलू उत्पादन तो बढ़ा, लेकिन किसान को नहीं मिला लाभ

लखनऊ (वार्ता)। आजादी के बाद देश में आलू के उत्पादन में 34 प्रतिशत की वृद्धि हुई है,लेकिन उचित विकास नहीं होने के कारण किसानों को इसका लाभकारी मूल्य नहीं मिल पा रहा है।

उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद,केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला के संयुक्त तत्वाधान में आज यहां आयोजित एक दिवसीय ब्रेन स्टार्मिंग सत्र में आलू से जुड़े कृषि वैज्ञानिकों ने कहा कि आलू का उत्पादन तो बढ़ा लेकिन इस का लाभ किसान को नहीं मिल पा रहा है।

ब्रेन स्टार्मिंग सत्र की शुरुआत करते हुए केन्द्रीय आलू अनुसंधान संस्थान, शिमला के विभागाध्यक्ष डा. बृजेश सिंह, ने कहा कि मुख्य फसल होने के बावजूद भी आलू को उपयुक्त स्थान नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने बताया कि आजादी के समय से अब तक आलू के उत्पादन में 34 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, लेकिन उचित विकास नहीं होने के कारण किसानों को इसका उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है।

तीन अध्यक्ष जिसके बीच होगा मुकाबला, लेकिन तीनों अलग-अलग वार्ड से लड़ रहे चुनाव

■ **जिसके पार्षद अधिक वही सम्भालेगा नपाध्यक्ष पद का कमान**

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। नगरीय निकाय चुनाव महज 13 दिन शेष है और इन्हीं 13 दिनों में प्रत्याशियों के राजनीतिक जीवन का फैसला जनता करेगी। इस बार के चुनाव में भाजपा व कांग्रेस ने पूर्व में जीते हुए कई पार्षदों को अवसर नहीं दिया जिसके चलते आज उन पूर्व पार्षदों में नाराजगी देखी जा रही है। जिसमें भाजपा के दो पार्षदों ने तो भाजपा से टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय नामांकन दाखिल कर लिया। हालाकि इस बार के चुनाव में तीन नपाध्यक्ष चुनावी दाव खेल रहे हैं। जिसमें से दो भाजपा के पूर्व नपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा और दूसरा लीला लाले शर्मा है तो वहीं कांग्रेस के वर्तमान नपाध्यक्ष विकास चोपड़ा भी अपनी दावेदारी पेश करेंगे। लेकिन विकास चोपड़ा व यज्ञदत्त आमने सामने नहीं होंगे। भाजपा के पूर्व नपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा ने नगर के वार्ड 10 से नामांकन दाखिल किया है तो वहीं विकास चोपड़ा ने वार्ड 19 से दावेदारी करेंगे। बालोद नगर पालिका के 20 वार्ड के लिए 94 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया।

भाजपा से नाराज पार्षदों ने कहा

- दीपक देवांगन ने कहा कि वह 25 वर्ष से अधिक समय से भाजपा के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रहे हैं। उन्होंने इस बार उन्हें टिकट नहीं मिलने के अलावा किसी ऐसे कार्यकर्ता को टिकट दिया जाना चाहिए जो जितने के काबिल हो।
- वार्ड 19 के पार्षद श्रवण श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले 10 सालों से भाजपा के साथ जुड़कर पार्षद के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाया हुं। इसके अलावा नगर पालिका में नेता प्रतिपक्ष के पद पर भी था। 2009 में 2009 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में वार्ड क्रमांक 8 का पार्षद बना और भाजपा में शामिल हुआ। जिसके बाद भाजपा ने 2014 में वार्ड 19 प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया और परिणाम स्वरूप 187 मतो से जनता ने विजयी बनाया। उन्होंने कहा कि वह पार्टी के लिए हर तरह से सहयोग किये और जनता की हर समस्याओं को निपटारा किया। अब जनता के आग्रह पर पार्टी छोड़ कर निर्दलीय उम्मीदवार के रूप वार्ड 8 से नामांकन दाखिल किया हुं। उन्होंने कहा कि मुझे पार्टी ने टिकट नहीं दिया इसलिए मैं काफी दुखी हुं अब दोबारा कभी भाजपा में शामिल नहीं होउंगा।

दो भाजपा पार्षद पार्टी से खफा

पार्टी से टिकट नहीं मिलने पर भाजपा के वार्ड 6 में पार्षद रह चुके दीपक देवांगन व वार्ड 19 के पार्षद श्रवण श्रीवास्तव ने भाजपा के स्थानीय समिति से इस्तीफा दे दिया है और नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन पार्टी छोड़ दीपक देवांगन ने वार्ड-6 से और श्रवण श्रीवास्तव ने वार्ड 8 से नामांकन पत्र जमा किया हैं।

■ न्यूज गैलरी

सामान्य प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक नियुक्त

बालोद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय) श्रीमती रानू साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर द्वारा नगर पालिका आम निर्वाचन 2019 हेतु जिले के नगरीय निकाय नगर पालिका परिषद बालोद, दल्लीराजहरा तथा नगर पंचायत गुरूर, गुण्डरदेही, डौण्डीलोहारा, डौण्डी, चिखलाकसा, अर्जुन्दा के लिए सामान्य प्रेक्षक श्री पुष्पेन्द्र कुमार मीणा संचालक तकनीकी शिक्षा एवं व्यय प्रेक्षक श्री गिरीश कोल्हे संयुक्त संचालक को नियुक्त किया गया है। कलेक्टर ने बताया कि सामान्य प्रेक्षक के लिए लाईजनिंग अधिकारी श्री विकास देशमुख सहायक संचालक कौशल विकास और व्यय प्रेक्षक के लिए लाईजनिंग अधिकारी श्री अनिल पाठक कोषालय अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है।

जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित

बालोद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय) श्रीमती रानू साहू द्वारा आदेश जारी कर नगर पालिका आम निर्वाचन 2019-20 हेतु छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग रायपुर एवं जिले के विभिन्न विभागों से जानकारी प्राप्त करने हेतु जिला कार्यालय बालोद में जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष क्रमांक 07749-223950 है। जिला स्तरीय कन्ट्रोल रूम के उचित संचालन हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

मुद्रण कार्य के लिए निविदा 27 दिसम्बर तक

बालोद। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय) श्रीमती रानू साहू ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से जिला बालोद में वर्ष 2019-20 में होने वाले पंचायत चुनावों के लिए मतपत्रों के मुद्रण हेतु मुहरबंद निविदाएं कलेक्टर कार्यालय में 27 दिसम्बर 2019 को अपरान्ह तीन बजे तक प्राप्त की जाएगी और उसी दिन अपरान्ह चार बजे उपस्थित निविदाकारों या उनके प्राधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में विस्तृत जानकारी कलेक्टर कार्यालय में उप जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

बड़गांव पंचायत की शोभा बढ़ा रहा बंद ताला

नवप्रदेश संवाददाता

डौण्डीलोहारा। जनपद मुख्यालय डौंडीलोहारा से 2 किलोमीटर की दूरी स्थित ग्राम पंचायत बड़गांव का विवादों से गहरा संबंध रहा है लोगों से शिकायत मिली थी कि ज्यादातर समय में समय से पहले पंचायत में ताला लगा रहता है और पंचायत से सरपँच सचिव एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधि कार्यालय से नदारद रहते है।

बड़गांव पंचायत में अक्सर देखा गया कि कार्यालयीन दिनों में भी समय अवधि के पहले कार्यलय में ताला लगा हुआ मिलता है जबकि अभी पंचायतों में मतदाता सूची तैयार करने जैसा

महत्वपूर्ण कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते नाम काटने तथा जोड़ा ने या इस सम्बंध में विभिन्न जानकारी लेने के लिए ग्रामीण दरदर भटक रहे हैं। बाउजूद उन्हें उनकी समस्या का उचित समाधान नहीं मिल पा रहा है। जिससे ग्रामीणों में सरपंच सचिव व पंचायत प्रतिनिधियों के लिए अच्छी खासी नाराजगी जताई जा रही है। सचिव का पंचायत सदस्य के रूप में ग्रामीणों से उचित व्यवहार न करने को लेकर हो या अन्य जानकारी व मूलभूत सुविधाओं के मामले में आए दिनों विवादों के घेरे में रहती है।

मुख्यमंत्री की मासिक रेडियोवार्ता 'लोकवाणी' की पांचवीं कड़ी का प्रसारण आज

बालोद। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की पांचवी कड़ी का प्रसारण 8 दिसम्बर रविवार को होगा। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफएम.चैनलों और राज्य के क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह 10.30 से 10.55 बजे तक होगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने समाज के हर वर्ग की भावनाओं, सवालों, और सुझावों से अवगत होने तथा अपने विचार साझा करने के लिए लोकवाणी रेडियोवार्ता शुरू की है। लोकवाणी में इस बार का विषय 'आदिवासी विकास हमारी आस' रखा गया है।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष को मिली फोन पर धमकी, एसपी से की शिकायत

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामकृष्ण साहू को फोन पर धमकी मिली है। जिसे जिलाध्यक्ष साहू ने जान का खतरा होना बताकर पुलिस अधिक्षक को पत्र लिखा है, जिसमें उन्होने धमकी देने वाले के खिलाफ उचित कार्यवाही की मांग की है।

कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण साहू ने बताया कि 27 नवंबर को पार्टी के नगरीय निकाय चुनाव प्रभारी चुरावन मंगेश्वर के साथ चर्चा चल रही थी। इसी दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता कन्हैया अग्रवाल ने जिलाध्यक्ष श्री साहू को अपशब्द कहे। साथ ही अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया। पार्टी की छवि धूमिल करने पर 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया गया। इसकी सूचना जब कन्हैया के छोटे भाई विनोद अग्रवाल को मिली, तो उसने कथित रूप से मोबाइल पर कॉल कर कांग्रेस अध्यक्ष का कहना है कि उसे जान से मारने की धमकी दी गई, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान है। उन्होने इस विषय को लेकर एसपी को पत्र लिख उचित कार्यवाही करने की मांग की है।

ऑडियो हुआ वायरल

धमकी देने संबंधी कथित मोबाइल कॉल की ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई है। ऑडियो में कथित रूप से विनोद अग्रवाल और कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामकृष्ण साहू की आवाज बताई जा रही है।

ऑडियों की होगी जांच

मिल रही जानकारी के अनुसार ऑडियों की जांच किया जाना है। फिलहाल अभी तक ऑडियो की जांच नहीं हो पाई है।

राज्यपाल से की प्राकृतिक जल स्रोत को संरक्षित करने की मांग

दल्ली राजहरा। नगर में स्थित राजहरा डैम साइड जल प्राकृतिक जल स्रोत की सफाई को लेकर ग्रीन कमांडो वीरेंद्र सिंह ने राज्यपाल अनुसूइया उइके से मिलकर संरक्षण के लिए पहल करने की मांग की ग्रीन कमांडो ने बताया कि दल्लीराजहरा में भिलाई इस्पात संयंत्र ने प्राकृतिक जल स्रोत को रोककर 1970 के दशक में डेम का निर्माण किया था , जो पहाड़ी व जंगल के बीच होने के कारण हमेशा के पानी भरा रहता था । यह नगर के लिए एकमात्र प्राकृतिक जल स्रोत था । जिस पर नगर का जनजीवन आश्रित था लेकिन 40 साल से साफ- सफाई व देखभाल नहीं होने के से के कारण खदानों से बहकर आने करने वाली लाल मिट्टी से पूरी तरह भर गया है । 30 फीट की गहराई अब पांच से 10 फीट रह गया है । केवल इस्पात 5 प्रतिशत ही जलभराव है । जिस तरह से पानी की समस्या हो रही है उसे ध्यान में रखते हुए डेम की सफाई होनी चाहिए , ताकि आसपास के लोगों को गर्मी में पानी मिल सके।

सिवनी में रोजगार सहायक संघ जिला इकाई बालोद का चुनाव आयोजित

नवप्रदेश संवाददाता

बालोद। छत्तीसगढ़ ग्राम रोजगार सहायक संघ जिला इकाई बालोद का चुनाव ग्राम पंचायत सिवनी में आयोजित किया गया। जिसमें निर्वाचन अधिकारी प्रान्ताध्यक्ष सन्तोष सोनवानी, उप प्रान्ताध्यक्ष ललिता वर्मा उपस्थिति थे। उक्त चुनाव में अप्रत्यक्ष रुप से देवेन्द्र हिरवानी को अध्यक्ष निर्वाचित किया गया। वहीं टीकाराम साहू उपाध्यक्ष, भीखम साहू सचिव, श्रीमति भोजेश्वरी साहू संयोजक, मनोज देवांगन मीडिया प्रभारी, मुकंद नेताम सलाहकार, तामेश्वर पटेल प्रवक्ता एवं श्रीमती मनीषा खोबरागढ़े प्रवक्ता निर्वाचित किये गये। उक्त निर्वाचन में जिला स्तरीय चुनाव में 5 ब्लॉक के ग्राम पंचायतो के रोजगार सहायकों भाग लिया इसके अलावा अन्य ग्राम रोजगार सहायक भी इस निर्वाचन का हिस्सा बने जिसमें संगीता साहू, मन्जूषा साहू, पोखन देशमुख, रोशन टाण्डीया, सन्त राम सिन्हा, केशव निर्मलकर, दिनेश निर्मलकर, केशव साहू, हिकेश्वर निर्मलकर, धर्मेंद साहू, कृष्णा साहू, गजानन्द पटेल उपस्थित रहे। निर्वाचन में रोजगार सहायको मे उत्साह का माहौल नजर आया निर्वाचन कि समापन रोजगार सहायक जिन्दाबाद के नारे भी लगाये।

नौकरी दिलाने के नाम पर की 10 लाख की ठगी

■ **पैसे नहीं मिलने पर थाने में हुई शिकायत**

कवर्धा। बेरोजगार युवक को नौकरी दिलाने के नाम का झांसा देकर 10 लाख रूप्य का झांसा दिये जाने का मामला सामने आया है। पीडित ने इसकी शिकायत थाना कोतवाली में दर्ज कराई है। पीडित के अनुसार माने तो उसे नौकरी दिलाने के लिए यह रकम मांगी गई थी। लेकिन भर्ती निरस्त हो जाने के बादभी उसे वह रकम प्राप्त नही हो पाया और आखिरकार यह मामला थाने तक पहुंच गया है। कोतवाली थाना कवर्धा में 10 लाख रूपय की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस में नौकरी दिलाने के नाम पर 3 युवाओ से ठगी हुई है। भर्ती निरस्त होन पर जब आरोपी ने पैसा नहीं लौटाया तो पीडितों ने थाने में इसकी शिकायत की।

प्रार्थी विशाल सिंह पिता लोचन सिंह राजपूत(26) महावीर स्वामी चैक कवर्धा का रहने वाला है। फरवरी 2018 में पुलिस भर्ती के लिए विज्ञापन निकला था, जिसमें प्रार्थी विशाल, मनहरण सिंह राजपू और बीरेन्द्र चन्द्रवंशी ने फार्म भरा था। आवेदन की जानकारी आरोपी विजय पिता शशीभूषण विश्वकर्मा निवासी कुआ चैक लखोली राजनांदगांव को मिली, तो उसने तीनो से संपर्क किया। पुलिस विभाग में अच्छी जान-पहचान का हवाला देते हुए नौकरी लगाने की बात कही। इस पर प्रार्थी उसके झांसे में आ गए।

डौंडी में 47 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया

डौण्डी। नामांकन फार्म जमा होने की तिथि समाप्त होने बाद डौंडी निकाय चुनाव के लिए कुल 15 वार्डो पर 47 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल कर दिया है। जिनमे नगर के वार्डो में कांग्रेस से 13, बीजेपी से 14 , शिवसेना से 2 एवं 18 निर्दलीय उम्मीदवारों ने अपना फार्म जमा किया है। निर्वाचन द्वारा यहां फार्म नाम वापसी की अंतिम तिथि सोमवार 9 दिसंबर निर्धारित किया गया है। कांग्रेस व बीजेपी समर्पित कुछ वार्डो से बागी होकर निर्दलीय पार्षद चुनाव लड़ने जा रहे है। सूत्रों के अनुसार 47 उम्मीदवारों में केवल 1 या 2 ही प्रत्याशियों के नाम वापसी का संकेत मिल रहा है। शेष मैदान में डटे रहे तो प्रमुख दल का गणित बिगाड़ने के साथ ही कुछ वार्डो में निर्दलीय तीसरा विकल्प बनकर उभर सकता है।

चार गांजा तस्कर को 3-3 वर्ष कैद

महासमुंद। गांजा तस्करी के मामले में कोर्ट से अपराध सिद्ध होने पर चार आरोपियों को विशेष न्यायाधीश डॉ मनोज प्रजापति ने धारा 20 (ख)(11)(ख) स्वापक औषधि एवं मनः प्रभावी पदार्थ अधिनियम 1985 के तहत 3-3 साल के सश्रम कारावास और 10-10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि अदा न करने पर 3-3 माह माह सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार पटेवा थाना को 7 नवंबर को मुखबिर से सूचना मिली थी दो बाइक में कुछ व्यक्ति गांजा का परिवहन करने वाले हैं। सूचना पर छछान पहाड़ एनएच-53 पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। कुछ देर बाद हुलिया अनुसार दो दोपहिया आते दिखे जिन्हे रोककर पूछताछ किया गया तो आरोपियों ने नुवापाड़ा ओड़िशा के बेलटुकरी थाना क्षेत्र के संदीप चंद्राकर पिता उमाशंकर चंद्राकर (31), हिमांशु पिता हेमलाल चंद्राकर (27), भानुप्रताप सिंह पिता हरिसिंह बाघ (25)और तुमगांव क्षेत्र के पीढ़ी निवासी गोवर्धन पिता सोनसाय (69) बताया।

युवा महोत्सव में बिखरी लोकनृत्य की छटा

महासमुंद। शासकीय आदर्श बालक विद्यालय में आयोजित जिलास्तरीय युवा महोत्सव में लोकनृत्य की छटा बिखरी। महोत्सव में 18 विधाओं पर सांस्कृतिक प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया गया। इसमें 5 विकासखंड के लगभग 600 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। स्पर्धाओं में प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विजेता प्रतिभागियों का चयन राज्यस्तरीय स्पर्धा के लिए किया गया। 40 वर्ष से ऊपर की स्पर्धा में हारमोनियम वादन में बस्तम बेहरा प्रथम, मृदंगम वादन में देवराज विशाल प्रथम, तबला वादन में मोहन लाल बरेठ, शास्त्रीय गायन में नेहा दुबे प्रथम स्थान पर रहे। इसके अलावा एकांकी नाटक में दिशा नाट्य मंच ने प्रथम स्थान हासिल किया। 15 से 40 वर्ष में सितार वादन में अरविंद नायक प्रथम, रबलीन कौर द्वितीय, गिटार वादन में कुबेर साहू प्रथम, नमन साहू द्वितीय, मृदंगम में संतोष, तबला वादन में खिलेश साहू, शास्त्रीय गायन में प्रथम रहे।

अटल प्रतिमा का अनावरण आज

महासमुंद। घोड़ारी में आज शाम पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा अनावरण और सरगम डीजे डांस प्रतियोगिता आयोजित है। मुख्य अतिथि सांसद चुन्नीलाल साहू और अध्यक्षता सरपंच व यादव समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष रामआसरे यादव करेंगे। आयोजक समिति के अध्यक्ष अशोक चक्रधारी, उपाध्यक्ष जितेंद्र चक्रधारी, कोषाध्यक्ष अजय चक्रधारी, सचिव मंगल चक्रधारी, सरंक्षक रोहित विश्वकर्मा, सदस्य भेखलाल चक्रधारी, तोरण यादव, तोषण यादव, लुकेश भुनेश्वर, रूपलाल, अविनाश, पवन, अखिल, अतिश, राधेश्याम, सुरेश्वर, यशवंत, अखिलेश चक्रधारी, कमलेश, दीपक, वासु, अश्वनी, राजू, रोशन मनी तैयारी में जुटे हैं। कार्यक्रम में अधिकतम संख्या में उपस्थित होने की अपील की गई है।

खतरा | टावरों की नहीं है कोई नगर में गाइड लाइन, बीते पांच साल में संख्या हुई दोगुनी

कवर्धा में बढ़ गई टावरों की संख्या, रेडिएशन का खतरा भी बढ़ा

नवप्रदेश संवाददाता

कवर्धा। शहरीकरण के साथ-साथ नगर में मोबाइल टॉवर की संख्या लगातार बढती जा रही है। लोगो को मोबाइल कंपनियों की सुविधा तो मिल रही है, लेकिन कंपनियो की सुविधा तो मिल रही है लेकिन इनसे नुकसान भी मुफ्त में मिल रही है। मतलब लोगो को रेडिएशन का खतरा झेलना पड रहा है।

शहर में सात कंपनियो के दर्जनो टावर खडे है, 30 हजार से अधिक मोबाइल उपभोक्ता है और इनकी संख्या लगातार बढती जा रही है। इसके साथ ही रेडिएशन का खतरा भी बढता जा रहा है। मोबाइल टॉवर से रोजाना हजारों इलेक्ट्रो मैगनेटिक रेडिएशन निकलता है। यह रेडिएशन न दिखने वाले तरंगे होती है, जो हमे मानसिक व शारिरीक रूप से कमजोर बना रही है। इसके दुष्परिणाम अभी दिखाई नही दे रहे है। लेकिन यह भविष्य में कई गंभीर समस्यांए पैदा करने वाली है, क्योकि टॉवर का रेडिएशन मानक बढाया जा रहा है। विशेषज्ञो का कहना है कि प्रतिदिन

आधे से एक घंटे तक मोबाइल फोन का इस्तेमाल करने से ब्रेन कैंसर होने का खतरा तीन गुना बढ़ सकता है।

मापक यंत्र नहीं

मोबाइल और टावरो से निकलने वाले रेडिएशन से स्वास्थ्य पर होने वाले दुष्प्रभाव को देखते हुए केन्द्र सरकार ने एक सितंबर 2012 को सख्त मानक तय कर दिए है, जिसके लिए प्रत्येक शहर में रेडिएशन मापन यंत्र होना आवश्यक है। इलेक्ट्रो मैगनेटिक रेडिएशन सिस्टम मोबाइल टॉवर से निकलने वाले खतरनाक तरंगो को मापता है। यदि टॉवरो में तरंगो की मानक मात्रा से ज्यादा हुई तो कम करने की कोशिश की जाती है, लेकिन शहर में एक भी इलेक्ट्रो मैगनेटिक रेडिएशन सिस्टम नही है। मोबाइल कंपनियो की मनमानी के चलते शहर के टॉवर से निकलने वाले रेडिएशन को आज तक नही मापा गया है। रेडिएशन किसी भी सूरत में लाभदायक तो है नही, लेकिन इसके खतरे को कम जरूर किए जा सकता है। मोबाइल कंपनी अधिक से अधिक दूर तक कवरेज करने क्षमता मतलब टॉवर का मानक स्तर बढा देती है। लेकिन रेडिएशन क्षमता अत्यधिक बढ जाती है, जो मानव शरीर के लिए किसी भी सूरत में कम नही है। इसके विपरीत अधिक टॉवर लगाने कम रेडिएशन की मानक क्षमता कम रहेगी।

दो मंजिला भवनो मे हो रहा स्थापित

मोबाइल टॉवर से इलेक्ट्रो मैगनेटिक रेडिएशन निकलता है जो कि मानव शरीर के लिए बहुत ही हानिकारक है। इसका प्रभाव सबसे ज्यादा टॉवर के आसपास निवास करने वाले लोगो पर होता है। इसके दुष्प्रभाव से बचने के लिए टॉवर से 500 मीटर की दूरी पर निवास होना चाहिए, शहर के कुछ टॉवर तो दो मंजिला भवन पर स्थापित किए गए है। उसके नीचे और आसपास कई परिवार जीवनयापन कर रहे है। कुछ टॉवर शहर के एकदम बीच पर स्थित है। इसके कारण इसके संपर्क में सबसे ज्यादा लोग आते है, जो काफी घातक है।

रेडिएशन है खतरनाक

रेडिएशन के खतरे से बचने के लिए मोबाइल टॉवरो के रेडिएशन का आदर्श मान 1 मिलीवॉट प्रति वर्गमीटर माना गया है।शहर में बीएसएनएल के टॉवरो का रेडिएशन मान ही उचित है। जबकि बाकी निजी कंपनी के मोबाइल टॉवरो का रेडिएशन मानक काफी अधिक है। विशेषज्ञो का माना है कि कुछ टॉवरो का रेडिएशन तो 450 मिलीवॉट प्रतिवर्ग मीटर से भी अधिक है, जो काफी खतरनाक है।

न्यूज गैलरी

क्रिकेटर दिनेश ने की शादी

नई दिल्ली ए.। मनीष पांडे के बाद भारतीय क्रिकेटर सिद्धेश लाड भी शादी के बंधन में बंध गए हैं। सिद्धेश दिनेश लाड मुंबई के खिलाड़ी हैं। उन्होंने नौ साल के रिलेशनशिप के बाद हीरलखत्री से शादी की। शादी का पहली तस्वीर सिद्धेश की आईपीएल फ्रेंचाइजी कोलकाता नाइट राइडर्स ने सोशल मीडिया पर शेयर की है। सिद्धेश लाड इससे पहले मुंबई इंडियंस का हिस्सा थे, लेकिन हाल ही में विंडो ट्रेडिंग के बाद वह केकेआर का हिस्सा बन गए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने सिद्धेश को हीरल को बधाई देते हुए ट्वीट किया- सिद्धेश लाड और हीर को शादीशुदा जिंदगी के लिए बधाई।

भारत के द. एशियाई खेलों में 100 स्वर्ण के करीब

काठमांडू, (वार्ता)। दक्षिण एशियाई खेलों की महाशक्ति भारत ने इन खेलों में 100 स्वर्ण पदक पूरे करने के करीब पहुंच गया है। भारत ने इन खेलों में 90 स्वर्ण, 61 रजत और 27 कांस्य पदक जीत चुका है। भारत के 178 पदक हो गए हैं। मेजबान नेपाल 41 स्वर्ण, 27 रजत और 48 कांस्य पदक सहित 116 पदकों के साथ दूसरे स्थान पर है। श्रीलंका 24 स्वर्ण, 45 रजत और 69 कांस्य पदक सहित 138 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर है जबकि पाकिस्तान 19 स्वर्ण, 25 रजत और 29 कांस्य पदक सहित 73 पदकों के साथ चौथे स्थान पर है।

'नोटबुक सेलिब्रेशन': विराट ने बताई पुरानी कड़वाहट

मैदान पर फाड़ी केसरिक विलियम्स की पर्ची, वीडियो वायरल

हैदराबाद ए.। हैदराबाद में वेस्ट इंडीज के खिलाफ टी-20 इंटरनैशनल मैच में शुक्रवार को मिली 6 विकेट की जीत में कप्तान विराट कोहली हीरो रहे। उन्होंने इस फॉर्मेट का अपना सबसे बड़ा स्कोर नाबाद 94 रन बनाया। इस दौरान का एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। विडियो में कप्तान कोहली को कैरेबियाई गेंदबाज केसरिक विलियम्स को सिक्स लगाने के बाद पर्ची फाड़ने के अंदाज में 'नोटबुक सेलिब्रेशन' करते हुए देखा जा सकता है।

उन्होंने यह जश्न उस वक्त मनाया जब भारतीय पारी के 16वें ओवर की तीसरी गेंद पर केसरिक को लॉन्ग ऑन पर छक्का जड़ा। केसरिक ने यह गेंद यॉर्कर करने की कोशिश की थी और विराट के जबरदस्त जवाब से निराश थे। इसी वक्त विराट ने पहले बड़े ही आराम से बल्ले को घुटने पर टिकाया और पर्ची फाड़ने के अंदाज में जश्न मनाने लगे। बता दें कि इस सिक्स से पहले वह केसरिक को चौका भी लगा चुके थे। केसरिक को इस ओवर में एक और छक्का पंत से पड़ा था, जबकि ओवर से कुल 23 रन बने थे।

विराट के हर सेलिब्रेशन के पीछे कुछ न कुछ वजह होती है। यहां भी एक एक खास वजह थी। दरअसल, कोहली ने केसरिक विलियम्स के उस जश्न का जवाब दिया था, जब 2017 में भारतीय कप्तान को कैरेबियाई बोलर ने 39 रन के निजी स्कोर पर आउट करने के बाद मनाया था। मैच के बाद जब कोहली से इस जश्न के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया- यह सीपीएल से जुड़ा नहीं है। असल में यह जमैका हुआ था। केसरिक ने मुझे आउट करने के बाद कुछ ऐसे ही जश्न मनाया था।

उल्लेखनीय है कि जमैका टी-20 इंटरनैशनल मैच के दौरान विलियम्स ने कोहली को 39 के स्कोर पर आउट कर दिया था और पर्ची फाड़ने के अंदाज में अपनी खुशी जाहिर की थी। भारतीय कप्तान इस जश्न को अभी तक नहीं भूल पाए थे। इंडियन क्रिकेट टीम के ऑफिशल इंस्टाग्राम अकाउंट पर इसका विडियो शेयर किया गाय है।

इंडिया की खराब फील्डिंग पर बरसे युवी

भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह ने वेस्ट इंडीज के खिलाफपहले टी–20 मैच में खराब फील्डिंग को लेकर मेजबान टीम की आलोचना की है। मैच में भारतीय फील्डरों ने काफी खराब फील्डिंग की और कई कैच छोड़े। वॉशिंगटन सुंदर और रोहित शर्मा ने भी कई कैच छोड़े, जबकि कप्तान विराट कोहली ने भी कैच टपकाए। वेस्ट इंडीज के बल्लेबाजों ने भारतीय टीम की खराब फील्डिंग का भरपूर फायदा उठाते हुए 20 ओवरों में 207 रनों का स्कोर खड़ा कर दिया। भारत ने हालांकि इस स्कोर को सफलतापूर्वक हासिल कर लिया। युवराज ने ट्वीटर पर लिखा, 'आज मैदान पर भारतीय टीम का बेहद खराब प्रदर्शन। युवा खिलाड़ियों ने काफी देर बाद रिएक्ट किया। क्या यह ज्यादा क्रिकेट का असर है??

सहवाग– विराट का टाइम नहीं, दौर है

सहवाग ने तारीफकरते हुए लिखा, 'इनका टाइम नहीं, विराट कोहली का यह दौर है। टीम इंडिया के लिए टी20 में सर्वश्रेष्ठ सफल चेज, केएल राहुल से अच्छा साथ और पंत को भी योगदान। वहीं दिग्गज वीवीएस लक्ष्मण ने लिखाा, 'टीम इंडिया के लिए टी20 में सर्वश्रेष्ठ सफल चेज। विराट का मास्टरक्लास, जिससे यह आसान लगने लगा। केएल राहुल का प्लेटफॉर्म सेट करने में बेहतरीन योगदान। टीम इंडिया को जीत की बधाई।'

'नोटबुक सेलिब्रेशन', कोई दिक्कत नहीं

भारतीय कप्तान विराट कोहली का 'नोटबुक सेलिब्रेशन' चर्चा में है। सोशल मीडिया पर उनका उनका विडियो खूब वायरल हो रहा है। इस मामले पर जब विपक्षी कप्तान कायरन पोलार्ड से पूछा गया तो उन्होंने कहा- बल्लेबाज खुद को प्रोत्साहित करने के लिए ऐसा करते हैं। इसके साथ ठीक हूं मैं। उन्होंने कहा- यह खेल का हिस्सा होता है। कभी-कभी आपको खुद को रन बनाने के लिए प्रोत्साहन के रूप में ऐसा करना पड़ता है। पोलार्ड ने भारत के खिलाफपहले टी20 मैच में हार के बावजूद अपने बल्लेबाजों की तारीफ की लेकिन कहा कि गेंदबाजी में अनुशासन का अभाव था। वेस्ट इंडीज ने पांच विकेट पर 207 रन का स्कोर बनाया, लेकिन भारत ने 18.4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। पोलार्ड ने मैच के बाद कहा, 'हमने बल्लेबाजी अच्छी की। हमने 200 से अधिक रन बनाए। ऐसा अक्सर नहीं होता। गेंदबाजी में हालांकि अनुशासन का अभाव साफदिखा।

बताई हार की वजह

उन्होंने कहा, 'हमने 23 रन अतिरिक्त दिए, जिनमें 14 या 15 वाइड गेंदें थी यानी अतिरिक्त गेंदे भी दे डाली। भारत जैसी टीम को इतने फालतू रन और गेंद देने का खामियाजा तो भुगतना पड़ेगा।' उन्होंने कहा, 'आप हर स्थिति में नकारात्मकता ढूंढ सकते हैं लेकिन जीवन सकारात्मकता का नाम है। आगे बढ़कर सुधार करना जरूरी है। मैं बल्लेबाजों की तारीफ करना चाहता हूं जिन्होंने रणनीति पर बखूबी अमल किया।'

भारत ने तीन देशों के महिला जूनियर हॉकी टूर्नमेंट में न्यूजीलैंड को हराया

कैनबरा ए.। शर्मिला देवी के दो गोलों की मदद से भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने तीन देशों के टूर्नमेंट के अपने तीसरे मैच में न्यू जीलैंड को 4-1 से हराया। न्यू जीलैंड के लिए ओलिविया शेनोन ने चौथे मिनट में ही गोल दाग दिया। शर्मिला ने 12वें और 43वें मिनट में गोल किया जबकि ब्यूटी डुंगडुंग ने 27वें और लालरिंडिकी ने 48वें मिनट में गोल दागे।

भारत ने चौथे ही मिनट में पेनल्टी कॉर्नर गंवाया जिस पर न्यू जीलैंड के लिए ओलिविया ने गोल दागा। भारत ने पहले ही क्वॉर्टर में वापसी की और शर्मिला के गोल के दम पर बराबरी कर ली। दूसरे क्वॉर्टर में दोनों टीमों को कई मौके मिले लेकिन कोई भुना नहीं सका। भारत ने 27वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल किया। भारतीय फॉरवर्ड ब्यूटी ने यह गोल दागकर टीम को बढत दिलाई। भारत की बिचू देवी खारिबम ने कीवी हमलों को नाकाम कर दिया। तीसरे क्वॉर्टर में भारत के लिए शर्मिला ने दूसरा गोल किया और 48वें मिनट में मिले पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर भारत ने बढत 4-1 की कर ली जो अंत तक कायम रही। अब भारतीय टीम रविवार को ऑस्ट्रेलिया से चौथा और आखिरी मैच खेलेगी।

बल्लेबाजों को लग रही थी चोट, एमसीजी पर मैच रद्द

मेलबर्न ए.। मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर पिच खतरनाक होने के कारण एक घरेलू मैच रद्द करना पड़ा, जबकि कुछ सप्ताह बाद ही यहां बॉक्सिंग डे टेस्ट खेला जाना है। विक्टोरिया और वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के बीच शेफील्ड शील्ड मैच में खेल रद्द करना पड़ा क्योंकि उछलती गेंदों से कई गेंदबाज चोटिल हो रहे थे।

अंपायरों ने कप्तान पीटर हैंडस्कॉम्ब और शॉन मार्श से बात करने के बाद खेल रद्द करने का फैसला लिया। मार्श को भी तेजी से उछलती गेंद लगी थी, जबकि मार्कस स्टोइनिस की पसली में ऐसी गेंद जा लगी थी।

कई बल्लेबाजों को ऊंची उठती गेंदों से चोट लगी, जिसके बाद अंपायरों ने वेस्ट ऑस्ट्रेलिया और विक्टोरिया के बीच जारी इस मैच को बीच में ही रोक दिया। मैच रोके जाने तक वेस्ट आस्ट्रेलिया ने 89 रनों पर तीन विकेट गंवा दिए थे। एमसीजी पर ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच 26 दिसंबर से होने वाले बॉक्सिंग डे टेस्ट से पहले यह आखिरी मैच था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट परिचालन प्रमुख पीटर रोच ने कहा, ''हमें मैच रद्द होने का दुख है। एमसीजी मैदानकर्मियों के पास दो सप्ताह से अधिक का समय है और टेस्ट के लिए बेहतरीन पिच बनाई जाएगी। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने इसकी पुष्टि की है। सीए ने ट्वीट में लिखा है कि एमसीजी में हो रहे शेफील्ड शील्ड मैच को खराब पिच के कारण अनिश्चित काल के लिए रद्द कर दिया गया है। हाल के दिनों में एमसीजी की पिच को जीवनहीन होने को लेकर काफी चर्चा हुई है।

सीए के हेड ऑफ क्रिकेट पीटर रोच ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि शेफील्ड शील्ड में जिस विकेट का इस्तेमाल किया गया है और बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच के लिए जो विकेट तैयार की गई है वो दोनों अलग हैं।

उन्होंने कहा, विक्टोरिया और वेस्टर्न आस्ट्रेलिया का मैच आज खराब पिच के कारण रद्द कर दिया गया इससे हम बेहद निराश हैं। लेकिन हम इस बात को भी मानते हैं कि एमसीजी पर इसी सीजन इससे पहले दो मैच खेले गए हैं।÷ उन्होंने कहा, ÷मैट पेज और एमसीजी ग्राउंडस्टाफके पास इस बात को सुनिश्चित करने के लिए पूरे दो सप्ताह है कि इस पिच को अंतराष्ट्रीय मापदंड का बनाया जाए। उन्होंने कहा, ÷हम इस बात का पता लगाने की कोशिश करेंगे कि एमसीजी पर इस तरह का अलग-अलग उछाल क्यों मिल रहा था। टेस्ट मैच को लेकर हम एमसीजी के स्टाफके साथ करीबी तौर पर काम करेंगे।

साउथ एशियन गेम्स | **महिला क्रिकेट में नेपाल की अंजलि का कमाल**

2 इंटरनैशनल मैचों में 1 रन देकर झटके 10 विकेट

नई दिल्ली ए.। किसी भी इंटरनैशनल मैच में ऐसा आश्चर्य ही होगा कि टीम के 10 बल्लेबाज कोई रन ही ना बना पाएं लेकिन ऐसा शनिवार को हुआ। हैरान होने की बात ही है कि मालदीव महिला टीम की 10 बल्लेबाज कोई रन बनाए बिना ही पवेलियन लौट गईं, टीम की ओपनर ऐमा ने 1 रन बनाया जबकि एस्क्ट्रा से 7 रन मिले। साउथ एशियन गेम्स की महिला क्रिकेट प्रतियोगिता में तीसरे स्थान के प्लेऑफ मुकाबले में नेपाल के खिलाफमालदीव टीम 11.3 ओवर में 8 रन पर ऑलआउट हो गई। इसके पीछे एक बार फिर नेपाल की अंजलि चंद का ही हाथ रहा जिन्होंने 4 ओवर में 3 मेडन और केवल 1 रन देकर 4 विकेट झटक लिए।

नेपाल की महिला टीम ने 7 गेंदों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। ओपनर काजल श्रेष्ठ ने नाबाद 2 और रोमा थापा ने नाबाद 5 रन बनाए। अंजलि चंद ने इस मैच में 2 बल्लेबाजों को बोल्ड किया, 1 को अपनी ही गेंद पर लपका और 1 को स्टंप्ड आउट किया।

खास बात यह है कि अंजलि के करियर का यह दूसरा ही टी20 इंटरनैशनल मैच रहा और उनके नाम अब 2 मैचों में कुल 10 विकेट हो गए हैं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि अंजलि ने इसके लिए सिर्फ 1 ही रन दिया। इससे पहले 24 साल की अंजलि ने सोमवार को इतिहास रचा था जब इसी टूर्नमेंट के महिला क्रिकेट मुकाबले में बिना कोई रन दिए 6 विकेट झटके थे। अंजलि ने पोखरा में ही मालदीव महिला टीम के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की थी। साउथ एशियन गेम्स की महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का वह पहला ही मुकाबला था जिसमें अंजलि ने इतिहास रचा था। नेपाल ने मालदीव की महिला टीम को मात्र 16 रन पर ढेर कर दिया जिसके बाद मात्र 5 गेंदों में बिना कोई विकेट खोए 17 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया।

अंजलि के नाम है रेकॉर्ड

अंजलि के नाम इंटरनैशनल क्रिकेट (पुरुष और महिला) का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा दर्ज है। उनसे पहले मालदीव की मास एलिसा ने चीन के खिलाफइसी साल 3 रन देकर 6 विकेट झटके थे। पुरुष क्रिकेट में भारत के दीपक चाहर के नाम सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी आंकड़ा दर्ज है जिन्होंने इसी साल 10 नवंबर को बांग्लादेश के खिलाफ7 रन देकर 6 विकेट लिए थे।

मांजरेकर ने लिखे गीत के बोल, लोगों ने कॉमेंट्री पर ही उठाए सवाल

मांजरेकर ने लिखा– किशोर कुमार का एक गीत है– ये पब्लिक है, ये सब जानती है

हैदराबाद ए.। हैदराबाद में महिला डॉक्टर के साथ हुए गैंगरेप मामले में चारों आरोपियों के पुलिस एनकाउंटर में मारे जाने के बाद पूर्व क्रिकेटर संजय मांजरेकर ने शनिवार को एक फिल्मी गाने के बोल ट्वीट किए। किशोर कुमार के सॉन्ग का जिक्र करते हुए उन्होंने ट्वीट में लिखा, ये पब्लिक है, सब जानती है।

डॉक्टर से गैंगरेप और हत्या के आरोपियों का शुक्रवार को हैदराबाद पुलिस ने कथित एनकाउंटर कर दिया था जिसके बाद इस मुठभेड़ के सही-गलत होने पर बहस छिड़ी हुई है। पुलिस का ऐक्शन सवालों के घेरे में है, लेकिन बड़ी तादाद में लोग इस मुठभेड़ के पक्ष में भी दिख रहे हैं।

भारत के लिए 37 टेस्ट और 74 वनडे इंटरनैशनल मैच खेल चुके संजय मांजरेकर ने लिखा, 'किशोर कुमार का एक मशहूर गीत है- ये पब्लिक है, ये सब जानती है। जनता को इतना भोला मत समझो।' उन्होंने हैशटैग किया- रेपिस्ट एनकाउंटर। इस ट्वीट के बाद हालांकि लोग उनकी कॉमेंट्री पर भी सवाल उठाने लगे। एक यूजर ने लिखा, आपकी कॉमेंट्री बैन होने वाली है। कृपया आप इस तरह के सोशल मुद्दों पर इस तरह की बातें ना करें।'

रितेश नाम के एक यूजर ने लिखा, पूरी पब्लिक को पता है कि आपकी कॉमेंट्री बहुत बेकार है। हालांकि कुछ लोगों ने इस पर उनका बचाव भी किया। किशोर कुमार का यह गीत 'रोटी' नाम की फिल्म में राजेश खन्ना और मुमताज पर फिल्माया गया था।

दिव्यांगों को रोजी-रोटी देने में छत्तीसगढ़ से पिछड़े कई राज्य

चालू वित्त वर्ष में सिर्फ 8 माह में 23 हजार को दिया काम

0 मनरेगा में इस संवेदनशीलता पर मंत्री सिंहदेव ने थपथपाई पीठ

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में दिव्यांगों को रोजगार देने में छत्तीसगढ़ देश में छठवें स्थान पर है. चालू वित्तीय वर्ष 2019-20 के पहले आठ महीनों अप्रैल से नवम्बर तक यहां 22 हजार 966 दिव्यांगों को मनरेगा के तहत रोजगार उपलब्ध कराया गया है. इस दौरान इनके लिए पांच लाख तीन हजार 208 मानव दिवस रोजगार का सृजन किया गया है. मनरेगा के बेहतर क्रियान्वयन से आम लोगों के साथ ही दिव्यांगों को भी रोजगार उपलब्ध कराने में छत्तीसगढ़ देश के कई बड़े राज्यों को पीछे छोड़ते हुए लगातार शीर्षस्थ राज्यों में शुमार है. दिव्यांगों को रोजगार के मामले में आंध्रप्रदेश, तमिलनाडू, तेलंगाना, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल क्रमशः पहले, दूसरे, तीसरे, चौथे एवं पांचवें स्थान पर है।

पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव ने योजना के जरिए दिव्यांगों को मुख्य धारा से जोड़ने और इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों की संवेदनशीलता की सराहना करते हुए इस उपलब्धि के लिए उनकी पीठ थपथपाई है. उन्होंने कहा कि दिव्यांगों को रोजगार के पर्याप्त अवसर मिलने से आत्मविश्वास और मनोबल बढ़ने के साथ ही उनका जीवन भी आसान होगा. अन्य योजनाओं में भी उन्हें रोजगार के ज्यादा मौके मिल सके, इसकी पहल की जाएगी। मनरेगा दिव्यांगों को भी रोजगार मुहैया कराने के लिए बड़ा मंच साबित हो रहा है. इसमें रोजगार के समान अवसर देकर समाज की मुख्य धारा में उनकी सशक्त मौजूदगी सुनिश्चित की जा रही है. पिछले वित्तीय वर्ष 2018-19 में भी 30 हजार 702 दिव्यांगों को मनरेगा के अंतर्गत रोजगार मुहैया कराया गया था. इस दौरान उनके लिए आठ लाख 90 हजार 264 मानव दिवस रोजगार का सृजन किया गया था। मनरेगा में दिव्यांगों को भी रोजगार उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। उन्हें विशेष श्रेणी वाले रंगीन जॉब कार्ड जारी किए गए हैं. उनकी मांग पर योजना के अंतर्गत पंजीकृत दिव्यांगों को उनके लिए सुविधाजनक कार्य उपलब्ध कराया जाता है। दिव्यांगों की सुगमता के लिए मनरेगा के तहत बनने वाले भवनों जैसे भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केन्द्र, आंगनबाड़ी भवन तथा खाद गोदामों में निःशक्त व्यक्तियों के आवागमन के लिए बाधारहित मार्ग का निर्माण भी प्राथमिकता से किया जाता है।

यहां इतनों को मिली रोजी

राजनांदगांव जिले में चार हजार 411, कबीरधाम में दो हजार 603, सुकमा में एक हजार 937, बलौदाबाजार-भाटापारा में एक हजार 537, रायपुर में एक हजार 354, जशपुर में एक हजार 140, बालोद में 1007, जांजगीर-चांपा में 923, कांकेर में 806, रायगढ़ में 675, कोरिया और सूरजपुर में 667-667, कोरबा में 596, धमतरी में 558, बिलासपुर में 555, मुंगेली में 457, गरियाबंद में 420, बेमेतरा में 419, दंतेवाड़ा में 395, सरगुजा में 381, दुर्ग में 369, बलरामपुर-रामानुजगंज में 283, कोंडागांव में 273, बस्तर में 213, महासमुंद में 167, बीजापुर में 89 तथा नारायणपुर जिले में 64 दिव्यांगों को रोजगार दिया गया है. उन्हें इस दौरान सभी जिलों में कुल पांच लाख तीन हजार 208 मानव दिवस काम दिया गया है।

दिव्यांगों के लिए यह कार्य

मनरेगा में दिव्यांग व्यक्ति की क्षमता अनुसार कार्यों के संभावित वर्गीकरण में पेयजल व्यवस्था, बच्चों की देखभाल करने में सहायता, पौधरोपण, सिंचाई-नहर खोदना, गड्ढों को भरना, ट्रॉलियों में रेत भरना अथवा फेंकना, भवन निर्माण-कंक्रीट सामग्री तैयार करना, कंक्रीट व अन्य निर्माण सामग्री को एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाना, सीमेंट और ईंट ले जाना, परातों में मिट्टी अथवा कंकड़ भरना, नवनिर्मित दीवार पर पानी छिड़कना, कुएं को गहरा करना, कुएं के अंदर खोदी गई मिट्टी से टोकरी भरना, कुएँ से कीचड़ खोदकर बाहर निकालना, तसलों में कूड़े को भरना, परातों में भरी सामग्री को ट्रालियों में डालना, पत्थर ढोना, पत्थरों को सही स्थान पर रखना, भूमि को समतल करना, खेतों में बांध लगाना, जल संरक्षण भूमि में गड्ढे खोदना, गड्ढों से खोदी गई मिट्टी को किसी अन्य स्थान पर रखना, जल छिड़काव करना एवं कंकड़ रखना शामिल है।

न्यूज गैलरी

नामांकन पत्रों की हुई जांच, कल नाम वापसी

रायपुर। नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन दाखिले के बाद शनिवार को नामांकन पत्रों की जांच की प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई। अब 9 दिसंबर तक नामांकन जमा करने वाले प्रत्याशी अपना नाम वापस ले सकेंगे। नगरीय निकाय चुनाव के लिए नामांकन दाखिले की प्रक्रिया 6 दिसंबर को संपन्न हुई, वहीं आज दाखिले किए गए नामांकन पत्रों की जांच की गई। नामांकन पत्रों की जांच में कितने मान्य हुए और कितने त्रुटिवश अमान्य किए गए इसकी जानकारी देर शाम तक मिल पायेगी। नामांकन पत्रों की जांच के बाद नाम वापसी की प्रक्रिया शुरू होगी। नाम वापसी 9 दिसंबर को अपरान्ह 3 बजे तक लिए जाएंगे। इसके बाद चुनाव के लिए मतदान 21 दिसंबर को होंगे, वहीं 24 दिसंबर को मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए जाएंगे।

'लोकवाणी' का प्रसारण आज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता लोकवाणी की पांचवी कड़ी का प्रसारण 8 दिसम्बर रविवार को होगा। लोकवाणी का प्रसारण छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्रों, एफएम.चैनलों और राज्य के क्षेत्रीय न्यूज चैनलों से सुबह 10.30 से 10.55 बजे तक होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने समाज के हर वर्ग की भावनाओं, सवालों, और सुझावों से अवगत होने तथा अपने विचार साझा करने के लिए लोकवाणी रेडियोवार्ता शुरू की है।

संत बाबा गेलाराम साहेब का वर्सी महोत्सव आज से

रायपुर। राजधानी रायपुर के देवपुरी स्थित गोदड़ी वाला धाम में 8 दिसंबर से संत बाबा गेलाराम का 11 वां वर्सी महोत्सव का आगाज होने जा रहा है। तीन दिनों तक चलने वाली वर्सी महोत्सव गोदड़ी वाला बाबा हरदास राम सेवा समिति एवं संत बाबा गेलाराम साहब संयुक्त तत्वाधान में मनाया जाएगा है। महोत्सव में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के अलावा दूसरे राज्यों से भी संतों का आगमन होगा।

प्रसन्ना आर और श्रीमती हिना अनिमेष नेताम प्रेक्षक बनाए गए

रायपुर। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरपालिकाओं के आम निर्वाचन एवं उप निर्वाचन 2019 के संचालन के प्रेक्षण के तहत नगर पालिक निगम रायपुर, नगर पंचायत अभनपुर, नगर पंचायत माना कैम्प के लिए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी तथा योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग के सचिव श्री प्रसन्ना आर को प्रेक्षक बनाया गया है। उनका मोबाईल नंबर 9406100100 है। रायपुर जिले के नगर पालिक निगम बीरगांव (उप चुनाव), नगर पालिका परिषद आरंग, नगर पालिका परिषद गोबरा-नवापारा, नगर पालिका परिषद तिल्दा, नगर पंचायत कूंरा और नगर पंचायत खरोरा के लिए भू-अभिलेख विभाग की संयुक्त आयुक्त श्रीमती हिना अनिमेष नेताम को प्रेक्षक बनाया गया है।

पॉवर कंपनी में अंतर्क्षेत्रीय शतरंज-कैरम स्पर्धा संपन्न

बिलासपुर, कोरबा पूर्व विजेता - रायपुर क्षेत्र-सेन्ट्रल उपविजेता

विद्युत विकास संग खेल कला जगत में विद्युत कर्मी अग्रणी : शुक्ला

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी मुख्यालय डंगनिया परिसर मे संपन्न अंतरक्षेत्रीय शतरंज स्पर्धा में बिलासपुर क्षेत्र विजेता एवं रायपुर सेन्ट्रल उपविजेता तथा कैरम स्पर्धा के टीम चेम्पियनशीप में कोरबा पूर्व विजेता एवं रायपुर क्षेत्र की टीम उपविजेता रही। विजयी प्रतिभागियों को पॉवर कंपनी के अध्यक्ष शैलेन्द्र शुक्ला द्वारा पुरस्कृत कर शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि विद्युत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए कंपनी के अधिकारी-कर्मचारी खेल-कला स्पर्धा में भी छत्तीसगढ़ का नाम रौशन कर रहे हैं। ऐसी बहुमुखी प्रतिभा के धनी कर्मियों को पॉवर कंपनी प्रबंधन सदैव प्रोत्साहित करने तत्पर रहेगा।

अंतर्क्षेत्रीय शतरंज एवं कैरम स्पर्धा में प्रदेषभर की 10 क्षेत्रीय टीमों ने भागीदारी दी जिनके उत्कृष्ट खेल को सराहते हुए चैयरमेन सहित ट्रांसमिशन कंपनी के एमडी अशोक कुमार, डायरेक्टर जीसी मुखर्जी, केन्द्रीय क्रीड़ा एवं कला परिषद के महासचिव एमएस चैहान, कार्यपालक निदेशक पीके गिरदौनिया, मुख्य अभियंता आरए पाठक, खेल सचिव आरके बंछोर ने पुरस्कृत कर शुभकामनाएं दी।

शतरंज स्पर्धा में पुरूष एकल मनोज ठाकुर को विजेता एवं सुरेश कुमार वर्मा, को उपविजेता तथा महिला वर्ग में किरण जांगड़े विजेता एवं स्वाती मरावी उपविजेता रही। कैरम स्पर्धा के पुरूष एकल में विनोद राठौर विजेता एवं आरपी लोधी उपविजेता तथा महिला एकल में नमिता जैन, विजेता एवं रीना गोस्वामी उपविजेता रही। महिला डबल्स में नमिता जैन-पुष्पा ठाकुर को विजेता एवं अनिता रोही-सीमा सोनी को उपविजेता होने का गौरव प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन अतिरिक्त महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) विजय मिश्रा ने किया।

शीत लहर और पाला से बचाव के लिए अधिकारियों को निर्देश जारी

रायपुर (नवप्रदेश)। प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री जय सिंह अग्रवाल ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि राज्य में शीत लहर और पाला की स्थिति उत्पन्न होने पर उससे बचाव के सभी आवश्यक उपाय सुनिश्चित करें। निर्देशानुसार राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव ने राज्य के सभी संभागीय आयुक्तों, कलेक्टरों एवं मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देशा जारी कर दिए हैं। राहत आयुक्त एवं सचिव राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने संभागीय आयुक्तों, कलेक्टरों और मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारियों को पत्र जारी कर निर्देश दिए हैं कि भारत मौसम विज्ञान केन्द्र एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार छत्तीसगढ़ में सामान्यतः दिसम्बर से जनवरी के बीच ठंड की व्यापकता और तीक्ष्णता कभी-कभी शीत लहर का रूप ले लेती है। इस माह से ठंड प्रारंभ हो गई है। इस दौरान निःसहाय, आवासहीन, गरीब, वृद्ध एवं स्कूल जाने वाले विद्यार्थी ठंड से प्रभावित हो सकते हैं। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे शीतलहर से प्रभावित होने वाले जनसामान्य के बचाव के लिए समुचित प्रबंधन करें। अधिकारियों को रैनबसेरा, अस्थाई शरणस्थल, कंबल व्यवस्था, अलाव की व्यवस्था, आवश्यक चिकित्सा सुविधाएं, आवश्यकता पड़ने पर स्कूलों का समय परिवर्तन, शीत लहर से प्रभावित व्यक्तियों एवं परिवारों को राजस्व पुस्तक 6-4 के प्रावधानों के अंतर्गत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने, शीतलहर के प्रकोप एवं बचाव, प्रबंधन के लिए यूनीसेफ रेडक्रॉस सोसायटी एवं अशासकीय संगठनों से आवश्यक सहयोग लेने के लिए कहा गया है।

राजधानी में दिव्यांगों के समावेशी विकास के लिए अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन

राज्यपाल कल करेंगी तीन दिवसीय सम्मेलन का शुभारंभ

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। समाज कल्याण विभाग के सहयोग से आकांक्षा लायंस शिक्षण और सशक्तिकरण संस्थान द्वारा दिव्यांगजनों में विकासात्मक दव्यांगता और उनके समावेशी विकास की रणनीतियों पर चर्चा के लिए आगामी 9 दिसम्बर से 3 दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'होप' का आयोजन किया जा रहा है। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके 9 दिसम्बर को सुबह 11 बजे राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस के कन्वेंशन हॉल में इस अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करेंगी। सम्मेलन में मुख्य रूप से दिव्यांगों के लिए समावेशी शिक्षा, रोजगार और उनकी असमान्यताओं के संबंध में लोगों को होने वाली भ्रांतियों के संबंध चर्चा की जाएगी। इस दिशा में दूसरे देशों में हो रहे नवाचार, तौर तरीकों और अनुभवों को भी साझा किया जाएगा।

प्रगति कॉलेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

नवप्रदेश संवाददाता

रायपुर। मतदान की महत्ता को बताने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम जाबो बोटर के तहत चुनावी पाठशाला का आयोजन प्रगति महाविद्यालय में किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. एस. भारती दासन के निर्देश पर स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी शिव अनंत तायल के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम में युवा मतदाताओं को प्रेरित करने यह आयोजन किया गया। प्रगति महाविद्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं ने नगर विकास में उनके मत की महत्ता की बारीकी को समझा। लोक शिक्षा समिति के सहायक परियोजना अधिकारी चुन्नीलाल शर्मा और समन्वयक डॉ. कामिनी बावनकर ने कॉलेज के विद्यार्थियों व स्टाफको इस संबंध में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान नव मतदाताओं ने निर्वाचन से जुड़े अपने सवालों के जवाब भी प्राप्त किए। कोऑर्डिनेटर डॉ. कामिनी बावनकर ने फ्लोर गेम के जरिए खेल-खेल में निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी प्रदान की। ए.पी.ओ. चुन्नी लाल शर्मा ने मतदाताओं को मतदान से जुड़ी सभी जानकारी रोचक ढंग से बताते हुए उपस्थित कॉलेज स्टाफऔर कॉलेज के युवा मतदाता को 21 दिसंबर को मतदान अवश्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफने भी अपने स्तर से मतदाताओं को जागरूक कर मतदान हेतु प्रेरित करने के लिए आश्वस्त भी किया।